www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली,मंगलवार,12 दिसम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -247 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



जम्मू-कश्मीर में तत्काल हों विस चुनाव : कांग्रेस 02

■ हर बच्चे को एक समान शिक्षा हमारा प्रयास : केजरीवाल
■ नेपाल सीमा पर बांध बनाए या फिर पैकेज दे केंद्र... 03

■ रूस ने गाजा में अंतरराष्ट्रीय निगरानी मिशन का...
■ हिलेरी क्लिंटन बाइडेन के पुन: चुनाव अभियान में... 07

'द आर्चीज' के एक्टर्स को निशाना बनाने वाली... 10

सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सुनाया फैसला

# जम्मू-कश्मीर से 370 हटाने का फैसला बरकरार

## केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटा दिया था

■ सर्वोच्च अदालत ने कहा, अनुच्छेद 370 अस्थायी था
■ राज्य में सितम्बर 2024 तक चुनाव कराने का आदेश

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का केंद्र सरकार का फैसला बरकरार रहेगा। सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने सोमवार को कहा कि आर्टिकल 370 अस्थायी प्रावधान था। संविधान के अनुच्छेद 1 और 370 से स्पष्ट है कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। भारतीय संविधान के सभी प्रावधान वहां लागू हो सकते हैं। केंद्र ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से 370 हटा दिया था। इसके 4 साल, 4 महीने और 6 दिन बाद आए फैसले में कोर्ट ने कहा, 'हम आर्टिकल 370 को निरस्त करने के लिए जारी राष्ट्रपति के आदेश को वैध मानते हैं। हम लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखते हैं।' इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में 30 सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने के आदेश दिए।



**हम अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के लिए जारी राष्ट्रपति के आदेश को वैध मानते हैं। हम लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखते हैं : सुप्रीम कोर्ट**

### कुल 23 याचिकाएं दाखिल हुई थीं

मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में 5 अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 खत्म कर दिया था। साथ ही राज्य को 2 हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कुल 23 याचिकाएं दाखिल हुई थीं। 5 जजों की बेंच ने सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई की थी। संविधान पीठ में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस संजीव खन्ना शामिल थे।

### हर फैसले को चुनौती नहीं दे सकते

सीजेआई ने कहा कि केंद्र की तरफ से लिए गए हर फैसले को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती। ऐसा करने से अराजकता फैल जाएगी। अगर केंद्र के फैसले से किसी तरह की मुश्किल खड़ी हो रही हो, तभी इसे चुनौती दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की यह दलील खारिज कर दी कि राष्ट्रपति शासन के दौरान केंद्र ऐसा कोई फैसला नहीं ले सकता, जिसमें बदलाव न किया जा सके। चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि आर्टिकल 356 के बाद केंद्र केवल संसद के द्वारा कानून ही बना सकता है, ऐसा कहना सही नहीं होगा। सीजेआई ने बताया कि फैसले में 3 जजों के निर्णय हैं। एक फैसला चीफ जस्टिस, जस्टिस गवई और जस्टिस सूर्यकांत का है। दूसरा फैसला जस्टिस कौल का है। जस्टिस खन्ना दोनों फैसलों से सहमत हैं।



आर्टिकल 370 को निरस्त करने पर आज का सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है। ये सिर्फ कानूनी फैसला नहीं है। यह आशा की किरण है, उज्जवल भविष्य का वादा है: नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



जम्मू-कश्मीर ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। आर्टिकल 370 को अस्थायी प्रावधान बताने वाला सुप्रीम कोर्ट का फैसला हमारी हार नहीं है, बल्कि भारत के विचार की हार है: महबूबा मुफ्ती, पूर्व मुख्यमंत्री



आर्टिकल 370 हटने के बाद गरीबों और वंचितों के अधिकार बहाल हो गए हैं। पत्थरबाजी अब अतीत की बातें हो गई हैं। पूरा क्षेत्र अब मधुर संगीत व सांस्कृतिक पर्यटन से गूंजता है: अमित शाह, गृह मंत्री



फैसले से निराश हूं, लेकिन हतोत्साहित नहीं। संघर्ष जारी रहेगा। यहां तक पहुंचने में बीजेपी को दशकों लग गए। हम भी लंबी दौड़ के लिए तैयार हैं: उमर अब्दुल्ला, पूर्व मुख्यमंत्री

### 370 के फैसले पर कांग्रेस ने जताई असहमति

कांग्रेस ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के मोदी सरकार के फैसले को उच्चतम न्यायालय ने जिस तरह से सही ठहराया है पार्टी सम्मानपूर्वक उससे असहमति व्यक्त करती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदम्बरम तथा अभिषेक मनु सिंघवी ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने को लेकर आए उच्चतम न्यायालय के फैसले पर असहमति जताई और कहा कि पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति का संकल्प है कि अनुच्छेद 370 तब तक सम्मान के योग्य है जब तक कि इसे भारत के संविधान के अनुसार संशोधित नहीं किया जाता।

# राजस्थान के नए मुख्यमंत्री पर फैसला आज

■ भाजपा ने विधायकों को जयपुर बुलाया
■ बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे शामिल

**जयपुर,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के बाद सरकार गठन को लेकर अब गतिविधियां तेज हो गई हैं और 115 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक दल की बैठक मंगलवार को सायं चार बजे होगी। भाजपा ने विधायकों को जयपुर बुलाया है।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भजनलाल शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुलाई गई है जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सह-पर्यवेक्षक भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय और राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावडे मौजूद रहेंगे और नवनिर्वाचित विधायकों से मिलेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि सभी नव-निर्वाचित विधायकों को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी की ओर से बुलावा भेजा गया। उन्होंने बताया कि दोपहर डेढ़ बजे से भाजपा के सभी नव-निर्वाचित विधायकों



का रजिस्ट्रेशन प्रारंभ होगा।

उन्होंने बताया कि सभी नव-निर्वाचित विधायकों को अनिवार्य रूप से विधायक दल की बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह बगड़ी के अनुसार बैठक की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र सिंह राठौड़, चन्द्रशेखर सहित अन्य वरिष्ठ नेता एवं कई नवनिर्वाचित विधायक मौजूद थे।

### वसुंधरा भी दिखा रही तेवर

इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा भी तेवर के साथ-साथ अपनी ताकत भी दिखा रही है। सोमवार को वरिष्ठ विधायक कालीचरण सराफ, प्रताप सिंह सिंघवी, बाबू सिंह राठौड़, जसवन्त यादव, पूर्व विधायक अशोक परनामी, राजपाल सिंह शेखावत और प्रह्लाद गुंजल पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बंगले पर पहुंचे।

## सार संक्षेप

### विष्णु साय कल लेंगे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद की शपथ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भाजपा विधायक दल द्वारा चुने गए नेता विष्णु देव साय बुधवार 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में राज्य के नए मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य के तौर पर शपथ लेंगे। यह समारोह दोपहर दो बजे राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में होगा। छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है।

### संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 21 तक बढ़ाई




**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की न्यायिक हिरासत सोमवार को 21 दिसंबर तक बढ़ा दी। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई भी मंगलवार को सूचीबद्ध की है। सुनवाई के दौरान अदालत ने सिंह को विशेषाधिकार हनन मामले में अपनी दलीलें दाखिल करने के लिए संसद की विशेषाधिकार समिति के सामने पेश होने की अनुमति भी दे दी।

### वाईएसआरसीपी विधायक ने विधानसभा से इस्तीफा दिया



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी को झटका देते हुए मंगलागिरि निर्वाचन क्षेत्र से विधायक ऑल रामकृष्ण रेड्डी ने सोमवार को विधानसभा और पार्टी से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के करीबी माने जाने वाले रामकृष्ण रेड्डी ने अपना इस्तीफा स्पीकर के ओएसडी को सौंप दिया, क्योंकि वह अपने कार्यालय में उपलब्ध नहीं थे।

### आप मंत्री पंजाब में अवैध खनन में शामिल : अकाली दल



**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल नेता बिक्रम मजीठिया ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के मंत्री हरजोत द्वारा रोपड़ में कथित तौर पर किए जा रहे करोड़ों के अवैध खनन की उच्च न्यायालय की निगरानी में या सीबीआई जांच की मांग की। यहां एक बयान में शिअद नेता ने कहा कि इस तथ्य के बावजूद कि आप सरकार की 2023 खनन नीति में गाद निकालने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।


### कोरिया-भारत के राजनयिक संबंधों की वर्षगाठ पर जश्न

**नई दिल्ली।** कार्यक्रम 'रंग दे कोरिया' के साथ द.कोरिया व भारत के बीच राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ का उत्सव सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत में द. कोरिया के राजदूत चांग जे-बोक ने विदेश मंत्रालय के पूर्वी एशिया सचिव सौरभ कुमार की उपस्थिति में किया।

# पांच राज्यों के चुनावों में ऑनलाइन विज्ञापन पर लुटाए करोड़ों

■ शीर्ष-20 राजनीतिक विज्ञापनादाताओं के सामने आए आंकड़े
■ सिर्फ नवम्बर में ही ऑनलाइन विज्ञापनों पर 40 करोड़ से ज्यादा खर्च

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दलों ने न केवल ऑफलाइन बल्कि ऑनलाइन विज्ञापनों पर भी करोड़ों रुपए बहाए। शीर्ष 20 राजनीतिक विज्ञापनादाताओं द्वारा खर्च किए आंकडों पर गौर करें तो सिर्फ नवम्बर महीने में ही




ऑनलाइन विज्ञापनों पर 40 करोड़ से ज्यादा रुपए लुटा दिए गए। अलग-अलग आंकडों की बात करें तों फेसबुक या इंस्टाग्राम मेटा पर 5.98 करोड रुपए खर्च किए गए,जबकि गूगल के माध्यम से 36.31 करोड खर्च किए गए। भाजपा की राज्य इकाइयों की ओर से मेटा प्लेटफॉर्म्स पर प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से विज्ञापनों पर 2.58 करोड रुपए खर्च किए गए,जबकि कांग्रेस ने 2.24 करोड रुपए का विज्ञापना दिया। वहीं गूगल विज्ञापनों पर कांग्रेस ने 14.3 करोड रुपए, बीआरएस ने 12.1 करोड और भाजपा ने 4.16 करोड रुपए खर्च किए। मेटा के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और इंस्टाग्राम आते है, जिसमें ऑनलाइन विज्ञापन प्रकाशित होता है। वहीं अगर 20 फरवरी 2019 से लेकर आज तक की बात करें तो सियासी दलों द्वारा राजनीतिक विज्ञापनों पर 206.2 करोड़ खर्च किए गए। इसमें से भाजपा ने 49.4 करोड़, डीएमके ने 21.3 करोड़ और कांग्रेस ने 4.6 करोड़ लुटाए।

# मप्र में मोहन यादव के नाम पर लगी मुहर

## विधायकों की बैठक में मोहन यादव को विधायक दल का नेता चुना गया

■ शिवराज सिंह चौहान ने किया था नाम का प्रस्ताव
■ स्पीकर पद के लिए नरेंद्र तोमर के नाम का एलान

**भोपाल** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के विधायकों की बैठक में मोहन यादव को विधायक दल का नेता चुन लिया गया है और वह राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से आने वाले मोहन यादव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के करीबी हैं। राज्य के विधानसभा चुनाव में 230 सीटों में से 163 पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी



और नेता चुनने के लिए सोमवार को पार्टी कार्यालय में बैठक बुलाई गई जहां सर्वसम्मति से यादव को दल का नेता चुन लिया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए बताया कि मोहन यादव के नाम का प्रस्ताव मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था और समर्थन केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने किया।

### दो उपमुख्यमंत्री भी होंगे

मध्य प्रदेश में दो उपमुख्यमंत्री भी होंगे। इनके लिए जो दो नाम सामने आ रहे हैं, वे हैं- जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला। जगदीश देवड़ा मल्हारगढ़ और राजेंद्र शुक्ला रीवा से विधायक हैं। स्पीकर पद के लिए नरेंद्र तोमर के नाम का एलान किया गया है।

### शिवराज सिंह चौहान ने दिया इस्तीफा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की ओर से मोहन यादव ने सोमवार को पार्टी विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद राजभवन पहुँचकर मंगु भाई पटेल को पत्र सौंपकर सरकार बनने का दावा पेश किया। वहीं निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। भाजपा विधायक दल की बैठक पार्टी के प्रदेश कार्यालय में हुई और उज्जैन दक्षिण से विधायक मोहन यादव को सर्वसम्मति से नेता चुना गया। उसके बाद यादव ने पार्टी नेताओं के साथ राजभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया।

# महुआ ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ने पैसा लेकर सवाल पूछने के मामले में लोकसभा की सदस्यता खत्म



किए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्हें बीते 8 दिसम्बर को आचार समिति की सिफारिश पर लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। उन पर आरोप है कि संसद में सवाल पूछने के बदले उन्होंने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से उपहार और पैसे लिए। हालांकि मोइत्रा ने इन आरोपों को खारिज किया है। निष्कासन के बाद उन्होंने कहा था कि उनके खिलाफ बिना सबूत के कार्रवाई की गई। उन्होंने आचार समिति को विपक्ष को तोड़ने वाला हथियार बताया था और आरोप लगाया था कि आचार समिति ने पूर्वाग्रह से निर्णय लिए और हर नियम तोड़ दिया। वे 2019 के चुनाव में पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर लोकसभा सीट से चुनी गई थी। मालूम हो कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा के

■ लोकसभा से अपने निष्कासन को दी चुनौती
■ महुआ ने कहा, बिना सबूत के कार्रवाई की गई

खिलाफ हीरानंदानी से पैसे और उपहार के बदले लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। उन्होंने वकील देहद्रायी के पत्र का हवाला दिया था,जिसमें मोइत्रा और हीरानंदानी के बीच कथित लेनदेन के पक्के सबूत होने की बात की गई थी। दुबे की शिकायत पर लोकसभा की आचार समिति ने मोइत्रा से पूछताछ की थी। हीरानंदानी ने भी आचार समिति को पत्र लिखा था। जिसमें दावा किया गया था कि महुआ ने अपनी संसदीय लॉगिन आईडी और पासवर्ड उनके साथ साझा किया था। ताकि वह मोइत्रा की ओर से सवाल पोस्ट कर सकें। महुआ मोइत्रा ने इसे स्वीकार भी किया था।

# हिंडन एयरबेस में सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश

**गाजियाबाद,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। गाजियाबाद के हिंडन

■ बाउंड्रीवॉल के पास 4 फुट गहरी सुरंग खोदी
■ एयरफोर्स ने दर्ज कराई एफआईआर

वायु सेना अड्डे की सुरक्षा में बड़ी सेंधमारी हुई है। एयरबेस के बाउंड्रीवॉल के पास 4 फीट गहरी सुरंग खोद दी गई है। लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी जिसके बाद इस स्पॉट को सील



कर दिया गया है। एयरफोर्स की ओर से टीला मोड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी गई है। अन्य जांच एजेंसियां भी इसकी जांच कर रही हैं। सहायक पुलिस आयुक्त सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि साहिबाबाद के टीला मोड़ थाना क्षेत्र की इकबाल कॉलोनी के पीछे हिंडन एयरफोर्स स्टेशन की दीवार के पास गड्ढा खोदा गया। जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो और फोटो अपलोड कर पुलिस व एयरफोर्स को टैग कर शिकायत की गई।

सुरंग खोदने का आरोप अज्ञात पर लगाया गया। मामले की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल शुरू की गई। सबसे अहम यह है कि जहां पर यह सुरंग खोदी गई है।

# प्याज निर्यात पर प्रतिबंध का एमवीए ने किया विरोध

**नागपुर,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के विधायकों ने सोमवार को प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाने और अन्य कृषि संबंधी मुद्दों की मांग को लेकर महाराष्ट्र विधानमंडल के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। एमवीए के सहयोगी दल कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) और शिवसेना (यूबीटी) के विधायकों के साथ-साथ विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार (विधानसभा) और अंबादास दानवे (परिषद) ने प्याज निर्यात प्रतिबंध लगाने के लिए केंद्र के खिलाफ नारे लगाए।



महाराष्ट्र विधानमंडल के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया

जानकारी | विश्वबैंक समूह ने सरकार के सहयोग से तैयार की रिपोर्ट

# सड़क सुरक्षा उपायों से बचा सकते हैं 40,000 से अधिक जान

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। विश्वबैंक समूह और भारत सरकार के सहयोग से तैयार सड़क सुरक्षा पर आयोजित एक रिपोर्ट के अनुसार कॉरिडोर-आधारित सड़क सुरक्षा उपायों को बढ़ावा देने से देश में हर साल 40,000 से अधिक लोगों की जानें बचाई जा सकती हैं । वर्ल्ड बैंक समूह और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से सेवलाइफ फाउंडेशन द्वारा तैयार की गयी 'रोड सेफ्टी गुड प्रक्टिसेस इन इंडिया' अध्ययन रिपोर्ट का सोमवार को यहां सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा जारी किया गया। इस रिपोर्ट में देश भर से सड़क सुरक्षा के सफल उदाहरणों को प्रदर्शित किया गया है । यह अध्ययन सडक सुरक्षा के एसे समाधानों का संग्रह हैं जिनके कारण चयनित सड़कों पर सड़क दुर्घटनाओं से होने

■ सबरीमाला सेफ जोन को मिली सफलता



वाली मौतों में उल्लेखनीय और कई मामलों में कमी आई है। रिपोर्ट में यह तथ्य दर्शाया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग - 48 (ओल्ड मुंबई-पुणे राजमार्ग) की ज़ीरो फैटलिटी कॉरिडोर (जडएफसी) परियोजना से 2018 -21 के बीच उस खंड पर दुर्घटना मृत्यु दर में 61 फीसदी की उल्लेखनीय कमी दर्ज की गयी। रिपोर्ट में इसी तरह केरल के सबरीमाला सेफ जोन प्रोजेक्ट से में 2019- 2021 के बीच इस खंड पर दुघर्टना में एक भी मृत्यु न होने का रिकार्ड बना है। रिपार्ट में कहा गया है कि सबरीमाला सेफ जोन की यह सफलता देश भर में तीर्थ स्थलों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण का काम कर सकता है।

### आपातकालीन चिकित्सा प्रक्रिया में सुधार लाने की जरूरत

इस रिपोर्ट में विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा के इंतजाम बढ़ाने, प्रभावी और बदलाव तथा आपातकालीन चिकित्सा प्रक्रिया में सुधार लाना शामिल हैं। केंद्र और राज्य सरकारों के कई वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में जारी की गई इस रिपोर्ट में समाधानों को कॉरिडोर-आधारित, नेटवर्क-आधारित और राज्य-आधारित रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिसमें नौ कॉरिडोर-आधारित, दो शहर/नेटवर्क-आधारित और दो राज्य-आधारित उदाहरण शामिल हैं।

# देश

उवाच "

लोकसभा की आचार समिति द्वारा महुआ मोइत्रा पर लगे आरोपों की जांच और फिर निष्कासन की पूरी प्रक्रिया में संसदीय और न्याय के मानदंडों की जानबूझकर घोर उपेक्षा की गई।

-दीपंकर भट्टाचार्य, भाकपा-माले के महासचिव



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 21.0 | 09.0 |
| मुंबई | 30.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 22.0 | 13.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 26.0 |

# जम्मू-कश्मीर में तत्काल हों विस चुनाव : कांग्रेस

## अनुच्छेद 370 हटाने को लेकर आए शीर्ष अदालत के फैसले पर असहमति जताई

■ शीर्ष न्यायालय ने राज्य को विभाजित कर दो केंद्र शासित प्रदेश बनाने के प्रश्न पर निर्णय नहीं लिया

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के मोदी सरकार के फैसले को उच्चतम न्यायालय ने जिस तरह से सही ठहराया है पार्टी सम्मानपूर्वक उससे असहमति व्यक्त करती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी.चिदम्बरम तथा अभिषेक मनु सिंघवी ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने को लेकर आए उच्चतम न्यायालय के फैसले पर असहमति जताई और कहा कि पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति का संकल्प है कि अनुच्छेद 370 तब तक सम्मान के योग्य है जब तक कि इसे भारत के संविधान के अनुसार संशोधित नहीं किया जाता। चिदम्बरम ने कहा कि हम इस फैसले की इस बात से भी निराश हैं कि शीर्ष न्यायालय ने राज्य को विभाजित कर दो केंद्र शासित प्रदेश बनाने के प्रश्न पर निर्णय नहीं लिया। कांग्रेस ने हमेशा जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के केंद्र के फैसले का विरोध कर जम्मू कश्मीर में पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की है। हम इस संबंध में आए शीर्ष अदालत के फैसले का स्वागत करते हैं कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा तुरंत बहाल किया जाना चाहिए और लद्दाख के लोगों की आकांक्षाएं भी पूरी होनी चाहिए। उन्होंने विधानसभा चुनाव कराने के उच्चतम न्यायालय के निर्देश का स्वागत किया और कहा कि राज्य में तत्काल विधानसभा चुनाव कराए जाने चाहिए। उनका कहना था कि आजादी के बाद भारत में विलय की प्रक्रिया पूरी होने के बाद से जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। जम्मू-कश्मीर के लोग भारतीय नागरिक हैं और कांग्रेस राज्य की सुरक्षा, शांति, विकास और प्रगति के लिए काम करने के अपने संकल्प को दोहराती हैं।



हम इस संबंध में आए शीर्ष अदालत के फैसले का स्वागत करते हैं कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा तुरंत बहाल किया जाना व लद्दाख के लोगों की आकांक्षाएं भी पूरी होनी चाहिए

: पी.चिदम्बरम

### जम्मू-कश्मीर में बेरोजगारी 18 प्रतिशत

सिंघवी ने कहा कि हम उच्चतम न्यायालय के निर्णय के सामने नतमस्तक हैं, लेकिन देश के एक आम नागरिक की हैसियत से कह सकता हूं कि इस निर्णय में एक विरोधाभास है। फैसले में यह नहीं कहा गया है कि आखिर एक प्रदेश का दर्जा घटाकर उसे केंद्र शासित प्रदेश क्यों बनाया गया है जबकि दूसरी तरफ न्यायालय लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले को वैद्य मानता है।

एक ही प्रदेश के एक हिस्से को केंद्र शासित प्रदेश बनाने को लेकर कोई निर्णय नहीं देना और फिर उसी राज्य के दूसरे हिस्से को केंद्र शासित प्रदेश बनाने को सही बताना विरोधाभास है। यह संवैधानिक गलती दिख रही है। फैसले में एक तरफ सरकार के आश्वासन को माना गया है और दूसरी तरफ अगले सितम्बर तक चुनाव कराए जाने का निर्णय दिया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में बेरोजगारी 18 प्रतिशत है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर बेरोजगारी की दर आठ प्रतिशत है। शहरी क्षेत्र में बेरोजगोरी 31 प्रतिशत जबकि महिलाओं में 51 प्रतिशत है। जम्मू-कश्मीर में विनिवेश 2021-22 में पहले वित्त वर्ष की तुलना में काफी कम है। वहीं दूसरी ओर महाराजा हरि सिंह के बेटे एवं कांग्रेस के विरिष्ट नेता कर्ण सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बहुत बारीकी से हर एक चीज को देखा है। सभी परिस्थितियों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट उस नतीजे पर पहुंची है। वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। लेकिन इस फैसले से जम्मू कश्मीर के कुछ लोगों को नाखुशी होगी। हालांकि अब यह स्पष्ट हो गया है कि जो कुछ भी हुआ वह संवैधानिक रूप से वैध है। वह पीएम मोदी से अनुरोध करते हैं कि जल्द से जल्द राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। जरूरी नहीं है कि पहले चुनाव हो फिर राज्य का दर्जा मिले।

## फैसले से कश्मीरी नेताओं ने जताई निराशा



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में मुख्यधारा के राजनीतिक दलों ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय की ओर से जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को बरकरार रखने पर 'गहरी निराशा' व्यक्त की। पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शीर्ष अदालत के फैसले पर प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए कहा कि 'संघर्ष' जारी रहेगा और वह 'लंबी लड़ाई' के लिए तैयार हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा के निराश हूं लेकिन हतोत्साहित नहीं। संघर्ष जारी रहेगा। यहां तक पहुंचने में भारतीय जनता पार्टी को दशकों लग गए। हम लंबी दौड़ के लिए भी तैयार हैं। हम अनुच्छेद 370 पर काबू पा लेंगे। एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग फैसले से खुश नहीं हैं। आजाद ने संवाददाताओं से कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग आशान्वित थे। शीर्ष अदालत की पीठ अच्छी थी। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को हटाना एक गलती थी। यह जल्दबाजी में किया गया था। जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दलों से भी पूछा जाना चाहिए था। जम्मू-कश्मीर के लोग इस फैसले से निराश हैं। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन ने कहा कि अनुच्छेद 370 भले ही कानूनी रूप से खत्म हो गया हो, लेकिन यह हमेशा 'हमारी राजनीतिक आकांक्षाओं का हिस्सा' बना रहेगा। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 पर शीर्ष अदालत का फैसला निराशाजनक है।

## महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर व लद्दाख के लोगों को उम्मीद के साथ आगे बढ़ने का किया आह्वान



**जम्मू-कश्मीर।** पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने एक वीडियो संदेश जारी कर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह जम्मू कश्मीर के लोगों की हार नहीं बल्कि भारत देश की हार है। उन्होंने इसे आइडिया ऑफ इंडिया की हार करार दिया। उन्होंने कहा, प्यारे हमवतनों, हिम्मत नहीं हारे, उम्मीद न छोड़े। जम्मू-कश्मीर ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। सुप्रीम कोर्ट का आज का फैसला एक मुश्किल पड़ाव है, पर यह मंजिल नहीं है... हमारे विरोधी चाहते हैं कि हम उम्मीद छोड़कर इस शिकस्त को स्वीकार करें... यह हमारी हार नहीं यह भारत देश की हार है। उन्होंने आगे कहा कि देशवासियों से कहना चाहती हूं कि आपमें से कई लोग इस बात की खुशी मनाते हैं कि हमें घरों में नजरबंद किया गया। कार्यकर्ताओं को थाने में बंद किया गया। 2019 में जम्मू कश्मीर के संविधान और झंडे को छीना गया। यह बात यहां रुकने वाली नहीं है। भारतीय संविधान और तिरंगा झंडा, जिसके नीचे आजादी की लड़ाई गई, भाजपा उन्हें भी छीनने में देर नहीं लगाएगी। लेकिन उस वक्त हम जश्न नहीं मनाएंगे। बल्कि दुआ करेंगे कि आप भी हिम्मत और हौसले के साथ इनका मुकाबला करें। कोई फैसला अटल नहीं होता, चाहें वो सुप्रीम कोर्ट का क्यों न हों। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को उम्मीद के साथ आगे बढ़ने और एकजुट होने का आह्वान किया। महबूबा मुफ्ती की बेटी एवं उनकी मीडिया सलाहकार इल्तिजा मुफ्ती ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कोई आश्चर्य नहीं है। यह फैसला संविधान को बरकरार रखने के बजाय बहुसंख्यकवादी भावना को बढ़ावा देता है।

## संसद से

### भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में जैव प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका : मांडविया

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में जैव प्रौद्योगिकी का योगदान सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगा और यह उद्योग कृषि, पर्यावरण, औद्योगिक उत्पादन और कई अन्य क्षेत्रों की जटिल समस्याओं का समाधान खोजने का माध्यम बनेगा। डॉ.मांडविया ने सोमवार को गुजरात के अहमदाबाद में 10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन से पूर्व आयोजित सम्मेलन को ओनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि भारत की जैव अर्थव्यवस्था पिछले आठ वर्षों में आठ गुना बढ़कर 10 अरब डॉलर से बढ़कर 80 अरब डॉलर हो गई है।

### मेरे हृदय में केवल सुदेश हैं : धनखड़

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को सदन में कहा कि उनके हृदय में केवल उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ रहती हैं और वहां उनके अतिरिक्त किसी अन्य के लिए कोई जगह नहीं है। धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरु करने के बाद उपसभापति का पैनल पुनर्गठित करने की घोषणा की। नामों की सूची घोषित करते हुए उन्होंने आम आदमी पार्टी के सुशील कुमार गुप्ता के नाम के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी के सुशील कुमार मोदी का नाम बोल दिया, लेकिन सभापति ने सहायक स्टाफ के ध्यान दिलाने पर इस भूल को तुरंत सुधार दिया। इस पर विपक्ष के एक सदस्य ने कहा, 'जो दिल में होता है वहीं मुंह से निकल आता है। इस पर सदन में ठहाका गूंज गया। इसी बीच धनखड़ ने कहा कि शेक्सपीयर ने कहा कि नाम में क्या रखा है, लेकिन नाम में बहुत कुछ रखा है। हमारे महासचिव का नाम भी मोदी'' है। उन्होंने कहा कि उनके दिल में केवल सुदेश धनखड़ हैं और उन्होंने पूरा स्थान घेर रखा है और उनके अलावा किसी के लिए कोई जगह नहीं है।

### पीएम स्वनिधि योजना के 57 लाख लाभार्थी

सरकार ने आज राज्यसभा को बताया कि रेहड़ी पटरी वालों को साहूकारों से राहत दिलाने के लिए शुरू की गयी प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों की संख्या अभी 56.89 लाख हो गयी है जो आज रात तक 57 लाख के आंकड़े को पार कर जायेगा। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सदन में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुये कहा कि इसके लिए एक पोर्टल बनाया गया है और पोर्टल पर हर लाभार्थी से जुड़ी जानकारी उपलब्ध है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए सिर्फ आधार कार्ड की जरूरत होती है।

### मेरठ से एटीआर 72 के उड़ान के लिए 115 एकड़ भूमि की जरूरत

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रास में कहा कि मेरठ में स्थित हवाई पट्टी को एटीआर 72 विमान के उड़ान भरने लायक बनाने के लिए 115 एकड़ भूमि की जरूरत है और इस भूमि के मिलते ही इस दिशा में काम शुरु हो जाएगा। सिंधिया ने भाजपा के लक्ष्मीकांत वाजपेयी द्वारा इस संबंध में पूछे गए एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि उड़ान योजना के तहत मेरठ से लखनऊ को 22 सीटर विमान से जोड़ने की योजना है। अभी 140 एकड़ में हवाई पट्टी है लेकिन एटीआर 72 के वीएफआर विमान के लिए 115 एकड़ भूमि की अतिरिक्त जरूरत है।एटीआर 72 के आईएफआर उड़ान के लिए इससे अधिक भूमि की जरूरत है।

### उज्ज्वला योजना के तहत प्रति उपभोक्ता औसत 3.80 सिलेंडर का उपयोग

सरकार ने राज्यसभा को बताया कि उज्ज्वला योजना के अब तक 9.60 करोड़ लाभार्थियों में से प्रति लाभार्थी औसतन 3.80 रसोई गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है तथा 75 लाख नए लाभार्थी और इस योजना से जोड़े जा रहे हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुए कहा कि मई 2014 में देश में 14 करोड़ रसोई गैस सिलेंडर के उपभोक्ता थे जिनकी संख्या अब बढ़कर 33 करोड़ से अधिक हो चुकी है। इनमें 9.60 करोड़ उपभोक्ता उज्जवला योजना के हैं।

### संप्रग के तेल बांड पर मोदी सरकार ने चुकाए 3.5 लाख करोड़

सरकार ने राज्यसभा को बताया कि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) द्वारा जारी 1.41 लाख करोड़ के तेल बांड के लिए मोदी सरकार ने 3.5 लाख करोड़ रुपए चुकाये हैं जबकि पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद में की गई कटौती से 2.2 लाख करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ है। पेट्रोललियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज सदन में प्रश्नकाल के दौरान भारतीय जनता पार्टी के सुशील मोदी के एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुए कहा कि संप्रग सरकार द्वारा तेल बांड के माध्यम से जुटाए गए ऋण पर मोदी सरकार को बहुत अधिक रकम चुकानी पड़ी है।

## सार संक्षेप

### मोदी ने प्रणब मुखर्जी को उनकी जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के राजनीतिक कौशल, बौद्धिक गहनता तथा देश सेवा में उनकी गंभीरता को याद करते हुए सोमवार को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा कि मैं प्रणब मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिनके राजनीतिक कौशल और बौद्धिक गहराई ने हमारे देश की दिशा को गंभीरतापूर्वक स्वरूप प्रदान किया है। उनका अभिज्ञान और नेतृत्व अमूल्य थे तथा व्यक्तिगत स्तर पर, हमारी बातचीत हमेशा समृद्ध रही। उनका समर्पण और ज्ञान प्रगति की दिशा में हमारी यात्रा के लिए हमेशा एक मार्गदर्शक शक्ति बना रहेगा।

### पटेल ने प्री-वाइब्रेंट शिखर सम्मेलन का किया शुभारंभ

**अहमदाबाद।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने साइंस सिटी में जैव प्रौद्योगिकी पर प्री-वाइब्रेंट शिखर सम्मेलन का सोमवार को शुभारंभ किया। पटेल ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के पूर्वाद्ध रूप में आयोजित जैव प्रौद्योगिकी सेक्टर के प्री-वाइब्रेंट शिखर सम्मेलन में कहा कि जैव प्रौद्योगिकी तेजी से बढ़ती 'टेक्नोलॉजी ऑफ होप' है। तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में गुजरात ने 2004 से राज्य में जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विकास पर विशेष जोर दिया है।

### देश के सबसे बड़े खेल विज्ञान केंद्र का हुआ उद्घाटन

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को देश के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा की साझेदारी में स्थापित सबसे बड़े अत्याधुनिक खेल विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। विभिन्न विषयों के एथलीटों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई यह समावेशी सुविधा, क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की जरूरतों को व्यापक रूप से पूरा करते हुए, चोट प्रबंधन, पुनर्वास, पुनर्प्राप्ति और प्रदर्शन में वृद्धि का केंद्र बनने के लिए तैयार है। यह केंद्र देश के विशिष्ट एथलीटों के लिए भी सुलभ होगा। पटनायक ने कहा कि इस खेल विज्ञान केंद्र की स्थापना खेल प्रतिभाओं को पोषित करने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## हेमंत सोरेन को ईडी का समन

### आज हाजिर होने का निर्देश

**रांची,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने फिर समन भेजकर 12 दिसम्बर को हाजिर होने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री को ईडी की ओर से भेजा गया यह छठा समन है। इससे पहले सोरेन को पांचवां समन भेजकर 4 अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं गये थे।



मुख्यमंत्री को इससे पहले 5 समन भेजे जा चुके हैं लेकिन एक बार भी वह ईडी ऑफिस में उपस्थित नहीं हुए। उल्लेखनीय है कि ईडी सोरेन को जमीन मामले में समन भेज रहा है। सोरेन की ओर से ईडी के समन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सोरेन ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर ईडी के समन को निरस्त करने का आग्रह किया था। लेकिन झारखंड हाईकोर्ट से भी सोरेन को झटका लगा था। हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री की ओर से दायर क्रिमिनल रिट याचिका को खारिज कर दी थी।

## केंद्र सरकार ने रोका मनरेगा फंड : ममता

**बानरहाट,** 11 दिसबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र द्वारा एक सौ दिनों के काम के लिए सात हजार करोड़ रुपए का फंड कथित तौर पर रोके जाने पर सोमवार को कड़ी आलोचना की और कहा कि उन्होंने इस मामले पर जल्द चर्चा के लिए अगले सप्ताह नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का समय मांगा है। बनर्जी ने यहां उत्तरी बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में एक प्रशासनिक बैठक के दौरान लोगों से कहा कि हम ऐसा नहीं कर रहे हैं क्योंकि एक सौ दिन का कार्य निधि हमारा संवैधानिक अधिकार है और मैं इसके लिए अगले सप्ताह दिल्ली जा रही हूं क्योंकि मैंने पहले ही प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा था और उनसे 18, 19 और 20 दिसम्बर में से किसी भी एक दिन उनसे मुलाकात का समय मांगा है। मुख्यमंत्री का 17 दिसम्बर को शाम को दिल्ली की उड़ान लेने का कार्यक्रम है और उम्मीद है कि बैठक में वह कई तृणमूल कांग्रेस सांसदों को प्रधानमंत्री के पास ले जाएंगी। वह प्रधानमंत्री से मुलाकात कर मनरेगा (100 दिन का काम) सहित बकाया समेत धन जारी करने की अपील करेंगी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, केंद्र ने स्वास्थ्य, बांग्लार घर , ग्रामीण रास्ता (ग्रामीण सड़क योजना) के लिए उनके हिस्से का फंड रोक दिया है। वे अपने हिस्से का धन नहीं दे रहे हैं। फिर भी हमने कोई भी कल्याण एवं विकास योजना बंद नहीं की है। वे मनरेगा का बकाया भी नहीं दे रहे हैं जो एक लाख पंद्रह हजार करोड़ रुपये है। बनर्जी ने उत्तरी बंगाल के जिलों में अलग राज्य की आवाज उठाने वाले लोगों के एक वर्ग की भी आलोचना की।



■ मुख्यमंत्री ने फंड रोकने पर की केंद्र की आलोचना

■ अगले सप्ताह नई दिल्ली में मोदी से मिलने का समय मांगा

## बिहार में अतिक्रमण की घटनाएं बर्दाशत नहीं : नीतीश

### सरकारी विद्यालय परिसर में अतिक्रमण की शिकायत पर कार्रवाई का निर्देश दिया

पटना, 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी विद्यालय परिसर में अतिक्रमण किए जाने की शिकायत पर कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कुमार से सोमवार को यहां चार, देशरत्न मार्ग स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर में आयोजित 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में बक्सर जिला के ब्रह्मपुर से आए उदय कुमार उज्जैन ने सरकारी विद्यालय परिसर की जमीन का असामाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमण करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने संबधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री से मुंगेर जिला से आए अभिषेक कौशिक ने कहा कि शिक्षा विभाग में उनके पिताजी कार्यरत थे, जिनकी मृत्यु हो गई। अनुकंपा के आधार पर की जाने वाली नियुक्ति में विलंब हो रहा है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय होती जा रही है, कृपया कर इसका समाधान निकाला जाए। कैमूर जिला के मोहनिया प्रखंड से आए एक ग्रामीण ने शिकायत करते हुए कहा कि अर्रा गांव के सरकारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में स्थानीय निवासियों द्वारा गंदा पानी बहाया जाता है।



### जनता के दरबार कार्यक्रम में सुनीं जनसमस्याएं

मुख्यमंत्री से मधेपुरा जिला से आए पिंटू कुमार ने कहा कि ग्वालपाड़ा प्रखंड के सुखासन पंचायत में सुरसा नदी द्वारा बरसात के दिनों में पानी का बहाव बढ़ने के कारण भीषण कटाव की स्थिति उत्पन्न होती है। ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए कटाव निरोधात्मक कार्य कराने की कृपा करें। समस्तीपुर जिले से आए मो. कलमुद्दीन ने कहा कि वह दिव्यांग है, इसलिए उन्हें बैटरी चालित ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई जाए ताकि उन्हें आवागमन में सहूलियत हो।

## रामकृष्ण रेड्डी ने वाईएसआरसीपी छोड़ी

### विस की सदस्यता से भी दिया इस्तीफा

**गुंटूर,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में वाईएसआरसीपी को बड़ा झटका देते हुए मंगलागिरि से विधायक अल्ला रामकृष्ण रेडड्ी ने पार्टी छोड़ दी है और विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। रेड्डी सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में इसका खुलासा करते हुए कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से वाईएसआरसीपी छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने विधायक पद से भी इस्तीफा दे दिया है। चूंकि विस अध्यक्ष उपलब्ध नहीं थे, इसलिए उन्होंने अपना त्यागपत्र विस अध्यक्ष के ओएसडी को सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि वाईएसआरसीपी छोड़ना और अपने विधायक पद से इस्तीफा देना पीड़ा दायक है। उन्होंने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से पार्टी छोड़ने और विधायक पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि निजी कारण क्या हैं तो उन्होंने कहा कि वह उचित समय पर इसका खुलासा करेंगे।

मांग | *संसद में भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने रखी बड़ी मांग*

# न्यायाधीशों की संपदा का ब्यौरा किया जाना चाहिए सार्वजनिक

**नई दिल्ली, 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। संसद के शीतकालीन सत्र का दूसरा हफ्ता शुरू हो चुका है। सोमवार को संसद की कार्यवाही शुरू होने के बाद भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने बड़ी मांग रखी। उन्होंने कहा कि देश की उच्च न्यायपालिका के जजों को अपनी संपत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक करना चाहिए। सुशील मोदी ने राज्यसभा।**

में कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए संपत्ति की घोषणा करना अनिवार्य बनाया जाए। उन्होंने इस व्यवस्था को लागू करने के लिए मौजूदा कानून में संशोधन करने या जरूरत पड़ने पर नया कानून बनाने का सुझाव भी दिया।

शून्यकाल के दौरान भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने सोमवार को कहा कि उच्च न्यायालय के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के लिए भी सालाना संपत्ति की घोषणा करना अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंत्री और सिविल सेवक हर साल अपनी संपत्ति का ब्यौरा जमा कराते हैं। ऐसे में अदालतों पर भी यह व्यवस्था लागू की जाना चाहिए। सुशील मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री समेत मंत्रियों और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों को भी हर साल संपत्ति का ब्यौरा देना होता है। सुशील मोदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि जनता को विधानसभा और संसद के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संपत्ति के बारे में जानने का अधिकार है। इस कारण जनप्रतिनिधियों को संपत्ति की घोषणा करते हुए हलफनामा दाखिल करना होता है। उन्होंने कहा, अगर निर्वाचन के बाद जनप्रतिनिधि संपत्ति का ब्योरा देते हैं तो सरकारी कार्यालयों में सेवारत और सरकारी खजाने से वेतन लेने वाले किसी भी व्यक्ति को अनिवार्य रूप से अपनी संपत्तियों का वार्षिक विवरण घोषित करना चाहिए, भले ही वह न्यायपालिका में ही क्यों न हो। भाजपा सांसद ने कहा कि जिस तरह विधायक-सांसद के बारे में जानना जनता का हक है, अदालतों में मुकदमा लड़ने वाले वादी को भी न्यायाधीशों की संपत्ति जानने का अधिकार है।

इससे न्यायिक प्रणाली में जनता का भरोसा और मजबूत होगा। सुशील कुमार मोदी ने 26 साल पुराने फैसले का जिक्र करते हुए कहा, मई 1997 में सुप्रीम कोर्ट की फुल बेंच ने सभी न्यायाधीशों को अपनी संपत्तियों की अनिवार्य घोषणा का आदेश पारित किया, लेकिन बाद में फुल बेंच ने घोषणा को स्वैच्छिक बना दिया। उन्होंने कहा, शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर संपत्ति घोषणा अनुभाग को 2018 से अपडेट नहीं किया गया है। हाईकोर्ट के मामले में केवल पांच उच्च न्यायालयों के चुनिंदा न्यायाधीशों ने संपत्ति का ब्यौरा दिया है। इसमें बदलाव होना चाहिए।



■ व्यवस्था को लेकर कानून में संशोधन करने का दिया सुझाव

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

टीचर ने गधे के सामने एक दारू की और एक पानी की बाल्टी रख दी। गधा पानी पी गया। टीचर स्टूडेंट से : तुमने इससे क्या सीखा ?
स्टूडेंट्स : जो दारू नहीं पीता वो गधा होता है।

# हर बच्चे को समान शिक्षा हमारा प्रयास : केजरीवाल

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को राज निवास मार्ग स्थित डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नवनिर्मित ऑडिटोरियम का उद्घाटन किया। इसमें 335 लोगों के बैठने की क्षमता के

■ **मुख्यमंत्री ने अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नवनिर्मित ऑडिटोरियम का किया उद्घाटन**

साथ स्पीकर सिस्टम, सब-वूफर, स्टेज मॉनिटरिंग सिस्टम, वायरलेस प्रेजेंटेशन समेत सभी सुविधाएं मौजूद हैं। आगामी सत्र से इस स्कूल में परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स प्रोग्राम की जब शुरुआत होगी, तब बच्चों को हाईटेक मंच पर परफॉर्म करने का मौका मिलेगा।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारी सरकार प्रयास है कि हर तबके के बच्चे को एक समान और अच्छी शिक्षा मिले। लेकिन यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश में दो तरह की शिक्षा प्रणाली है। जिनके पास पैसा है, वो प्राइवेट स्कूलो में पढ़ने जाते हैं और जिनके पास पैसे नहीं है, वो सरकारी स्कूलों में जाने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 8 सालों में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाकर इस धारणा को बदल दिया है। साथ ही, अब कोई सरकार ये नहीं कहीं कह सकती कि वो सरकारी स्कूल नहीं चला सकती है, क्योंकि हमने चलाकर दिखा दिया है। इस अवसर



**सरकार ने पिछले आठ सालों में शिक्षा के क्षेत्र में किया क्रांतिकारी बदलाव : अरविंद केजरीवाल**

पर शिक्षा मंत्री आतिशी, स्थानीय विधायक परलाद सिंह समेत शिक्षा विभाग के अफसर मौजूद रहे। इस अवसर पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ऐसा नहीं है कि सरकारी स्कूल हमेशा खराब होते थे। आजादी के बाद का 20-25 साल का सफर उठाकर देखे तो उस वक्त के आईएएस, आईपीएस या नेता सब सरकारी स्कूलों से पढ़कर आया करते थे।

आजादी के बाद देश में गिने-चुने प्राइवेट स्कूल होते थे। लेकिन इन 75 सालों के अंदर ऐसा क्या हुआ कि धीरे-धीरे सरकारी स्कूल खराब होते थे और प्राइवेट स्कूल बढ़ते गए। हालत ये हो गई कि जिनके पास पैसा है, वो हर आदमी पैसा बचाकर अपने बच्चों को सरकारी की जगह प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने लगा। इसके साथ ही सरकारी स्कूलों का तेजी से पतन होता गया। जब दिल्ली में हमारी सरकार बनी थी, उस समय पिछली सरकारों में 10-10 सरकारी स्कूलों को सीएसआर के तहत कंपनी को दे दिया जाता था। स्कूल की जमीनों का व्यवसायिकरण भी किया जाता था। उस समय अजीब-अजीब के आइडियाज होते थे।

पूरे देश में ही शिक्षा के निजीकरण का माहौल चल रहा था। जिसके पास पैसा है, उसे शिक्षा मिलेगी और जिसके पास पैसा नहीं है, उसे शिक्षा नहीं मिलेगी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर किसी देश में इस तरह का माहौल हो कि केवल पैसे वालों को ही शिक्षा मिलेगी और गरीब को शिक्षा नहीं मिलेगी तो फिर देश कभी तरक्की नहीं कर सकता है। क्योंकि हमारे देश में बहुत सारे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार रहते हैं। ये लोग कहां से पैसा लाकर इतनी महंगी शिक्षा अपने बच्चों को दे पाएंगे। अगर गुणवत्ता युक्त शिक्षा चाहिए तो पैसे चाहिए और लोगों के पास पैसे नहीं हैं। हमने पिछले 8 साल के अंदर इस धारणा को बदला है। पिछले आठ साल के अंदर शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बदलाव हुआ है। पहले सरकारी स्कूलों के अंदर बच्चे जाया करते थे तो उनके आत्मविश्वास की कमी होती थी, लेकिन अब आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है। अक्सर ये भी देखने को मिलता था कि किसी घर में एक लड़का और एक लड़की है तो लड़के को प्राइवेट स्कूल में और लड़की को सरकारी स्कूल में डाल दिया जाता था।

## आत्मविश्वास के मामले में भी सरकारी स्कूलों के बच्चों ने निजी स्कूलों को पीछे कर दिया : आतिशी

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि विद्यार्थियों को वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर वाले स्कूल उपलब्ध कराये जा रहे हैं। चाहे वह स्कूल का बुनियादी ढांचा हो, या कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, फिनलैंड के स्कूल और एनआईई सिंगापुर जैसे दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में शिक्षकों के ट्रेनिंग में निवेश हो। सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार ने हमारे बच्चों के लिए सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित करने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। इन प्रयासों ने परिणामों में सुधार समेत कई उपलब्धियों में योगदान दिया है। पहले हमारे छात्रों में यह भावना थी कि वे प्राइवेट स्कूलों में अपने समकक्षों से थोड़े कम हैं, उनमें आत्मविश्वास कम है, लेकिन आज छात्रों के प्रदर्शन को देखने के बाद गर्व से कह सकती हूं कि आत्मविश्वास के मामले में भी हमारे बच्चों ने प्राइवेट स्कूलों को पीछे छोड़ दिया है और आने वाले 10-15 सालों में हमारे बच्चे भविष्य के लीडर्स के रूप में उभरेंगे।

# राजधानी में आधे सरकारी स्कूलों की इमारतें कमजोर : वीरेन्द्र

## 750 से अधिक स्कूलों में विज्ञान पढ़ाने की सुविधा नहीं



**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि हम सिविल लाइन्स के एक सरकारी स्कूल में एक सभागार के उद्घाटन का स्वागत करते हैं, लेकिन अफसोस की बात है कि आम आदमी पार्टी सरकार अपने चंद अच्छे स्कूल इमारतों को प्रोजेक्ट करके उसे स्कूल शिक्षा मानकों में सुधार के प्रमाण के रूप में दर्शाती है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि दिल्ली में 1050 दिल्ली सरकार के स्कूल हैं और इनमें से आधे स्कूलों की इमारतें संरचनात्मक रूप से कमजोर हैं और 750 से अधिक स्कूलों में विज्ञान पढ़ाने की सुविधा नहीं है और 600 से अधिक स्कूलों में वाणिज्य भी नहीं पढ़ाया जाता है। कई सरकारी स्कूल डबल ट्रिपल शिफ्ट में संचालित हो रहे हैं। एक तरफ हम देख रहे हैं कि केजरीवाल सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी होने का दावा कर रही है, लेकिन इस शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में छात्रों की संख्या 30399 कम हो गई है। 2022-23 में दिल्ली सरकार के स्कूलों में 1789385 छात्र थे जो इस साल घट कर 1768986 हैं। बाहरी दिल्ली के दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में दिल्ली सरकार के स्कूलों की हालत बहुत दयनीय है और इन स्कूलों में विज्ञान नहीं पढ़ाया जाता है।

सीएम अरविंद केजरीवाल को ऐसे अभावग्रस्त स्कूलों का दौरा करना चाहिए और उनमें सुधार के लिए काम करना चाहिए। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की भारी कमी है और लोग चाहते हैं कि इसमें सुधार हो। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा है कि यह अफसोस की बात है कि 9 साल बाद भी केजरीवाल सरकार शैक्षणिक सुधार के सबूत के तौर पर अच्छी इमारतों का हवाला देती है, लेकिन लोग चाहते हैं कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में शिक्षकों की पूरी संख्या हो और सभी स्कूल विज्ञान और वाणिज्य पढ़ाएं।

## सार संक्षेप

### वेदांतु ऑफ लाइन सेंटरों के साथ बढ़ा रही शैक्षणिक पहुंच

**नई दिल्ली।** जाने-माने ऑनलाईन ऐडटेक प्लेटफॉर्म वेदांतु ने देश के विभिन्न शहरों में जेईई, नीट एवं फाउन्डेशन कोर्सेज के लिए 30 से अधिक ऑफलाईन सेंटर खोलने की योजनाओं के साथ अपनी सेवाओं के विस्तार की घोषणा की है। ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दोनों तरह के कोर्सेज के साथ वेदांतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच बढ़ाने के लिए प्रयासरत है और इस बातकी गारंटी देता है कि जेईई नीट परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को भारत के टॉप अध्यापकों से सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शन मिलेगालवेदांतु के संस्थापकों के पास शिक्षा के क्षेत्र में 18 साल का समृद्ध अनुभव है, जिन्होंने छात्रों को लर्निंग का व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करने के लिए उत्कृष्ट सिस्टम का निर्माण किया है। वेदांतु का जांचा-परखा गया लर्निंग सिस्टम सुनिश्चित करता है कि हर छात्र की जरूरतों को पूरा किया जाए।

### शिंडलर इंडिया ने नितिन चाल्के को प्रेजीडेन्ट व सीईओ नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** एलीवेटर एवं एस्केलेटर उद्योग में ग्लोबल लीडर शिंडलर ने नितिन चाल्के को भारत एवं दक्षिण एशिया के लिए प्रेजीडेन्ट और सीईओ नियुक्त किया है। वे ईटोन में एक दशक बिताने के बाद फिर से शिंडलर के साथ जुड़ रहे हैं। चाल्के ने हाल ही में अपना कार्यभार संभाला है और उनका मुख्यालय मुंबई में शिंडलर इंडिया का हेड ऑफिस होगा। नितिन चाल्के, प्रेजीडेन्ट एवं सीईओ इंडिया एण्ड साउथ एशिया, शिंडलर ने कहा किशिंडलर इंडिया अपनी 25वीं सालगिरह का जश्न मना रही है, ऐसे में मुझे इस परिवार में शामिल होते हुए और इनकी सफलता में योगदान देते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। ब्राण्ड को उद्योग जगत में अच्छा सम्मान प्राप्त है। छोटी सी समय अवधि में कंपनी ने अपने मैनुफैक्चरिंग फुटप्रिन्ट और ग्लोबल इनोवेशन सेंटर को सशक्त बनाया है तथा डिजिटली कलेक्टेड एलीवेटर एवं एस्केलेटर पोर्टफोलियो के साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मौजूदगी का विस्तार किया है।

### भारत की जीडीपी वृद्धि आश्चर्यजनक रूप से सकारात्मक

**नई दिल्ली।** एक्सिस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री नीलकंठ मिश्रा ने बैंक की भारत आर्थिक और बाजार आउटलुक 2024 रिपोर्ट में कहा है कि ऐसे पॉजिटिव सरप्राइज लगातार दिए जाते रहेंगे, जो ट्रेंड-विकास धारणाओं को नए सिरे से ऊपर उठाने में सहायक होंगे और भारत के जीडीपी पूर्वानुमानों से बढ़कर प्रदर्शन होगा। दुनिया की प्रतिकूल परिस्थितियां बढ़ने से वित्त वर्ष 2025 में विकास में गिरावट आ सकती है।

# नेपाल सीमा पर बांध बनाए या फिर पैकेज दे केंद्र सरकार : संजय झा

## दुनिया में सबसे मीठी भाषा में शामिल होती है मिथिला की भाषा व सभ्यता



**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। बिहार के जल संसाधन एवं जनसंपर्क मंत्री संजय झा ने कहा है कि केंद्र सरकार उत्तर बिहार में आने वाली बाढ़ रोकने के लिए नेपाल सीमा पर बांध बनाएं या फिर उससे बचाव के लिए कोई पैकेज दे। उन्होंने मैथिल पत्रकार ग्रुप की ओर से आयोजित मिथिला महोत्सव 7 और मिथिला लिटरेचर फेस्टिवल-4 के लिए प्रेषित अपने संबोधन में कहा कि इसके लिए दोनों देश के बीच करार भी है। लेकिन डीपीआर बनाने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर अजय आलोक ने कहा कि मिथिला की भाषा और सभ्यता दुनिया में सबसे मीठी भाषा में शामिल होती है। यह क्षेत्र प्राचीन काल से ही ज्ञान, सभ्यता, संस्कृति और इतिहास का केंद्र रहा है। एक तरफ मां गंगा, एक तरफ कोसी, एक तरफ गंडक नदी और एक तरफ हिमालय से घिरा हुआ यह क्षेत्र अपने बौद्धिक क्षमताओं के लिए प्राचीन काल से ही पहचान बनाए हुए है।

इस दौरान कांग्रेस के सचिव प्रणब झा ने कहा की केंद्र सरकार को कुछ बड़े सरकारी और निजी उद्योग को बिहार में स्थापित करने की पहल करनी चाहिए। सरकार के पास रेलवे से लेकर खाद्य प्रसंस्करण जैसे बड़े क्षेत्र हैं। जिनके माध्यम से वहां पर केंद्र सरकार रोजगार के अवसर सीधे उपलब्ध करा सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से इस पक्ष में रही है कि केंद्र सरकार के स्तर पर नौकरियों का इस तरह सृजन किया जाए। मिथिला महोत्सव के पहले चरण में मिथिला लिटरेचर फेस्टिवल-4 का आयोजन किया गया।



■ **नई दिल्ली में खेलो इंडिया पैरा गेम्स की श्रेणी एसयू- 5 में महिला एकल सेमीफाइनल बैडमिंटन मैच के दौरान कोशिका देवदा के खिलाफ खेलती हैं बैडमिंटन खिलाड़ी आरती पाटिल।**

**फोटो इम्तियाज खान**

# रजा लाइब्रेरी में खोला जाए हकीम आजम खान रामपुरी रिसर्च केंद्र : डॉ. खान

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस उत्तर प्रदेश की ओर से एक सेमिनार का आयोजन हकीम आजम खान रामपुरी की यूनानी पद्धति में सेवाएं विषय पर आयोजित किया गया। इस सेमिनार की अध्यक्षता तिब्बी कांग्रेस के सीनियर उपाध्यक्ष डॉक्टर अब्दुल जब्बार साहब ने की।



मुख्य अतिथि डॉक्टर आरिफ जेडी भूतपूर्व विभागाध्याय यूनानी मेडिसिन जामिया हमदर्द दिल्ली एवं डॉक्टर हसीन खान भूतपूर्व डायरेक्टर यूनानी सेवाएं राजस्थान सरकार एवं डॉक्टर शारिक आजम खान पौत्र हकीम आजम खान रामपुरी मुख्य अतिथि के रूप में इस सेमिनार में मौजूद रहे। डॉक्टर नफासत अली खाना, डॉक्टर सऊद अली खान,डॉक्टर तारिक यू सिद्दीकी, डॉक्टर सुजाउद्दीन, डॉक्टर खालिद हसन खान विशिष्ट अतिथि थे। सेमिनार का संचालन प्रसिद्ध शायर डॉ अफरोज तालिब एवं डॉ. मोहम्मद अब्दुल सलाम ने संयुक्त रूप से किया। इस सेमिनार में हकीम आजम खान रामपुरी अवार्ड हकीमुल गुर्बा हाफिज हकीम डॉक्टर अनवार उल हसन को दिया गया दूसरा अवार्ड आयुष यकजेहती अवार्ड शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर वी वी शर्मा को दिया गया। सना हर्बल प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली, अल हिकमा फार्मेसी के डायरेक्टर डॉक्टर मोहम्मद रजा खान, हाजकि रेमेडीज के डायरेक्टर डॉ अब्दुल मजिद को सम्मानित किया गया। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के महासचिव डॉक्टर सैयद अहमद खान ने कहा की केंद्रीय अनुसंधान केंद्र यूनानी चिकित्सा पद्धति रजा लाइब्रेरी रामपुर में हकीम आजम खान रामपुरी लिटरेरी सेंटर कायम करें। उत्तर प्रदेश उत्तराखंड पंजाब दिल्ली आदि प्रदेशों से बड़ी संख्या में यूनानी पद्धति के डॉक्टर ने इस सेमिनार में भाग लिया ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉक्टर सैयद मोहम्मद एजाज ने कहा की जिला बरेली में कायम होने वाले गवर्नमेंट यूनानी मेडिकल कॉलेज के कार्यों में तेजी लाई जाए।

# निगम की आप सरकार ने गुपचुप तरीके से खत्म किए 31 सौ पद : राजा इकबाल सिंह

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मेयर राजा इकबाल सिंह ने आप पार्टी के दोहरे चरित्र पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि एक तरफ तो



अरविंद केजरीवाल निगम चुनाव के समय कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की गारंटी देकर निगम की सत्ता पर काबिज हुए थे वहीं दूसरी ओर निगम की सत्ता में आए ही आप पार्टी निगम की नौकरियों का सफाया करने पर आमादा है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि ऐसे दोहरे मापदंड एवं कर्मचारी विरोधी फैसले लेने से पहले आप पार्टी को जरा-सी भी शर्म नहीं आती। राजा इकबाल सिंह ने बताया कि आप पार्टी अपने एक साल के निगम के शासन में लगभग 3100 पदों को खत्म कर चुकी है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप पार्टी का मकसद पिछले दरवाजे से निगम को सभी सेवाओं का निजीकरण करके आप नजदीकी ठेकेदारों को लाभ पहुंचाकर अपने कार्यकर्ताओं को काम पर लगाना है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि इस दिशा में कार्य करते हुए आम आदमी पार्टी ने निगम में पिछले एक वर्ष में 6226 पदों को समाप्त कर दिया है। निगम से इन पदों को समाप्त कर आप पार्टी इन कार्यों का ठेका निजी कंपनियों को देना चाहती है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप पार्टी को सरकारी एजेंसियों पर भी कोई भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में विभागों के थर्ड पार्टी ऑडिट का ठेका आप पार्टी ने एक निजी कंपनी को दिया है। इसके पीछे आप पार्टी की मंशा अपने मन मुताबिक रिपोर्ट हासिल करने की है। राजा इकबाल सिंह ने आम आदमी पार्टी को चेतावनी देते हुए कहा कि या तो आप पार्टी अपनी कार्यप्रणाली सुधारते हुए इस प्रकार के कर्मचारी विरोधी फैसले लेना छोड़ दे अन्यथा भारतीय जनता पार्टी सदन से लेकर सड़कों तक आंदोलन करेगी।

# आप ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने कृष्णा नगर विधानसभा अध्यक्ष श्रवण दीक्षित के नेतृत्व में अनारकली वार्ड रामनगर मैं सिग्नेचर कैंपेन का अभियान चलाया। विधानसभा अध्यक्ष श्रवण दीक्षित ने कहा कि दिल्ली में बार-बार हारने के बाद भाजपा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठे (तथा कथित शराब घोटाला) केस बनाकर गिरफ्तार करने की कोशिश कोशिश कर रही है उसके खिलाफ हम सभी अरविन्द केजरीवाल के सिपाही दिल्ली की जनता की राय जानने कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र के सभी चारों वार्डों में घर घर जा रह है कृष्णा नगर की जनता ने साफ साफ बोला है कि अगर झूठे केस में दिल्ली का बेटा माननीय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भाजपा गिरफ्तार करती है तो उन्हें इस्तीफा बिल्कुल नहीं देना चाहिए। जेल से ही सरकार चलानी चाहिए।




**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा, जपनद-गौतमबुद्ध नगर।**


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम साकीपुर, तहसील- सदर, जिला गौतमबुद्धनगर स्थित खसरा संख्या- 566 में 0.5000 हे0 के आबादी व्यवस्थापन/लीज बैक का निर्णय प्राधिकरण बोर्ड की 88वीं बैठक में सर्व श्री मामराज पुत्र बीरबल व धर्मवीर पुत्र मामराज निवासी ग्राम साकीपुर के पक्ष में लिया गया है, मामराज की मृत्यु हो जाने के उपरान्त वारिसान के आधार पर 1. श्रीमती रामवती पत्नी 2. श्री आजाद सिंह पुत्र 3. श्री सत्यवीर सिंह पुत्र श्री धर्मवीर पुत्र है, जिसमें से श्री आजाद सिंह व श्री सत्यवीर सिंह पुत्रगण मामराज व श्रीमती रामवती पत्नी मामराज निवासी ग्राम साकीपुर व श्री धर्मवीर की मृत्यु हो जाने के उपरान्त वारिसान के आधार पर 1. श्रीमती राजेश पत्नी 2. श्री परमिन्द्र कुमार पुत्र 3. श्री सोविन्द्र पुत्र 4. श्रीमती कर्मवती (विवाहित) पुत्री है जिनमें से श्री परमिन्द्र कुमार व सोविन्द्र पुत्रगण स्व0 धर्मवीर व श्रीमती राजेश पत्नी स्व0 धर्मवीर निवासी ग्राम साकीपुर के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामान्तरण प्रपत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है।

अतः इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के भूलेख विभाग में प्रस्तुत करने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण के अभिलेखों में इनके नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

(रजनीकान्त)
विशेष कार्याधिकारी


# सशक्तीकरण की दिशा में कदम उठा रही सरकार : वीरेंद्र

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने समावेशिता और सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग को उजागर करने वाले एक महत्वपूर्ण अवसर पर सोमवार को वंशिका नंद किशोर माने और सात अन्य दिव्यांग लाभार्थियों को एक करोड़वां विशिष्ट विकलांगता पहचान यूडीआईडी कार्ड प्रदान किया। समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री दिव्यांगजन कुमारी प्रतिमा भौमिक उपस्थित थी। उन्होंने यूडीआईडी परियोजना के दूरगामी प्रभाव को रेखांकित किया। भारत सरकार द्वारा 2017 में लॉन्च की गई यूडीआईडी परियोजना का उद्देश्य देश में प्रत्येक दिव्यांगजन को एक विशिष्ट पहचान प्रदान करना है, जिससे रणनीतिक कल्याण योजना के लिए एक व्यापक डेटाबेस तैयार किया जा सके। कार्यक्रम में मंत्री द्वारा



आत्मनिर्भरता में एक मील का पत्थर प्रदर्शित करते हुए एक स्वदेशी आईक्यू मूल्यांकन परीक्षण किट राष्ट्र को समर्पित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि भारत सरकार समावेशिता और सशक्तिकरण की दिशा में कदम उठा रही है। देश के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में दिव्यांगजनों के महत्व पर बल दिया और एक समावेशी समाज और दिव्यांगजनों के समग्र विकास के लिए सरकार के विजन को साझा किया। उन्होंने आईक्यू टेस्ट के भारतीय संस्करण के विकास पर गर्व व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के विजन को दोहराया। राज्य मंत्री दिव्यांगजन कुमारी प्रतिमा भौमिक ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार द्वारा विकसित उपकरणों से उत्तर पूर्व के दूरगामी क्षेत्रों और यहां तक कि अन्य देशों को भी लाभ होना चाहिए। उन्होंने बौद्धिक दिव्यांगता के क्षेत्र में नए अनुसंधान का मार्ग प्रशस्त करने तथा भारतीय नागरिकों को सबसे कम लागत पर उपकरण तक पहुंच प्रदान करने की इसकी क्षमता पर बल दिया। आयोजन के दौरान यह पता लगा कि यूडीआईडी कार्ड को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया है, जिसमें कौशल प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति आवेदन सत्यापन, राष्ट्रीय ट्रस्ट बीमा योजनाएं , डीडीआरएस लाभार्थी, आरसीआई विनियमित संस्थान, निशुल्क क्लिनिकल सेवाएं और राष्ट्रीय संस्थानों और सीआरसी में शिक्षा शामिल हैं।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-42-T-2023-24-E3<br>एचएनजेडएम स्टेशन, एएनवीटी स्टेशन, डीआरएम कार्यालय नई दिल्ली और दिल्ली डिवीजन के अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों पर गणतंत्र दिवस 2024 और स्वतंत्रता दिवस 2024 और अन्य आधिकारिक समारोहों के अवसर पर गतिशील अग्रभाग प्रकाश व्यवस्था के साथ कार्यालय भवन की रोशनी के संबंध में विद्युत कार्य। | | |
| निविदा की अनुमानित लागत | ₹47.76 लाख | बयाना राशि | ₹95,500/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी., स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | | |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 03.01.2024 at 12:00 hrs. | | |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 03.01.2024 at 12:00 hrs. | | |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ जी. नई दिल्ली | | |

3887/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्ध नगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम/सैक्टर-घोडी बछेडा की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-जी.एच.डी.01319, भूखण्ड संख्या-130, क्षेत्रफल-240 वर्ग मीटर सर्वश्री लक्ष्मण, अजीत, जसवीर, विजय पुत्रगण श्री कमल सिंह, निवासी-ग्राम-घोडी बछेडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री अजीत पुत्र श्री कमल की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसानों श्री उदय प्रताप रावल पुत्र स्व0 श्री अजीत, श्रीमती वंदना देवी पत्नी स्व श्री अजीत, कु0 खुशबू रावल (अविवाहित) पुत्री स्व0 श्री अजीत, निवासी-ग्राम-घोडी बछेडा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 में से श्री उदय प्रताप रावत पुत्र स्व0 श्री अजीत, निवासी-ग्राम-घोडी बछेडा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके वारिस श्री उदय प्रताप रावल पुत्र स्व0 श्री अजीत, निवासी-ग्राम-घोडी बछेडा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 के पक्ष में उक्त भूखण्ड नामांतरित कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

जनपद गौतमबुद्धनगर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू हुए चार साल पूरे होने जा रहे हैं। कमिश्नरी प्रणाली के बाद कानून व्यवस्था में निश्चित तौर पर कई बड़े बदलाव हुए हैं। अपराध नियंत्रण में कमिश्नरी को सफलता मिली है, लेकिन साइबर अपराध और महिला सुरक्षा अपराध के लिहाज से चुनौतियां बरकरार हैं।

**सुरेंद्र सिंह नाहटा, एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन जिलाध्यक्ष**

## किसानों का हल्ला बोल, किया प्राधिकरण का घेराव

■ किसानों ने लगाया वादाखिलाफी का आरोप ■ प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल







**नोएडा,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। किसानों ने 10 प्रतिशत आबादी के भूखंड, 64.7 प्रतिशत मुआवजा देने सहित कई मांगों को लेकर एक बार फिर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। नोएडा के तमाम गांवों के किसान सेक्टर-5 स्थित बारातघर पर इकट्ठा होकर पैदल मार्च करते नोएडा प्राधिकरण पहुंचे और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों का कहना है कि उनकी मांग प्राधिकरण पूरी नहीं कर रहा है। दूसरी तरफ, किसानों की भीड़ को देखते हुए गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से भारी फोर्स तैनात की गई है। मौके पर ज्वाइंट सीपी आनंद कुलकर्णी समेत कई थानों की पुलिस तैनात है। किसानों के प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाए भी शामिल रही। अपनी मांगो को लेकर नोएडा प्राधिकरण पर पहुंचा। इनका कहना है, कई बार धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। लेकिन, हर बार उन्हें सिर्फ कोरे आश्वासन की घुट्टी ही मिली। किसानों की मांगें अब तक पूरी नहीं हुईं। आंदोलन की अगुआई कर रहे किसान नेता सुखबीर खलीफा ने कहा कि किसानों को 10 प्रतिशत आबादी के भूखंड, 64.7 प्रतिशत मुआवजा देने सहित कई मांगों के लिए लगातार संघर्ष किया जा रहा है। जब तक हमारा हक दिया नहीं जाएगा, तब तक लड़ाई जारी रहेगी। हमें केवल झूठे वादे नहीं चाहिए। अब हमें ठोस कार्रवाई चाहिए। तत्काल प्रभाव से हमारा मुआवजा चाहिए।

सुखवीर खलीफा ने कहा कि भूमि अधिग्रहण के 50 साल बाद भी किसानों को उनका हक नहीं दिया गया है। किसान अपनी मांगों को लेकर काफी सालों से लड़ाई लड़ रहे हैं। इसके बावजूद इंसाफ की रोशनी कहीं भी दिखाई नहीं दे रही है। जिसकी वजह से किसान दोबारा प्राधिकरण पर धरना देने को मजबूर हैं। हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो नोएडा प्राधिकरण में परमानेंट ताला जड़ देंगे। इस बार किसानों को जीत दिलवाकर ही दम लेंगे। किसानों ने वर्ष-2021 में 4 माह और वर्ष-2023 में 3 माह नोएडा प्राधिकरण पर धरना दिया था। लेकिन, अंत में अथॉरिटी से समझौते के बाद धरना समाप्त कर दिया गया था। इस बार किसानों की भीड़ को देखते हुए गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से भारी फोर्स तैनात की गई है। मौके पर ज्वाइंट सीपी आनंद कुलकर्णी समेत कई थानों की पुलिस तैनात है। पुलिस और किसान नेता सुखवीर खलीफा के बीच बातचीत उन्हें मनाने में जुटी है।

## उद्योगों को सुरक्षित माहौल देने के लिए बने औद्योगिक सुरक्षा सेल

**एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर उठाई मांग**

**नोएडा,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। सरकार प्रदेश में उद्योगों को सुरक्षित माहौल देने का प्रयास कर रही है, लेकिन नोएडा के उद्यमियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए थानों-चौकियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जब कमिश्नरी प्रणाली के अंतर्गत यातायात, कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा आदि की कमान आईपीएस स्तर के अधिकारियों को सौंपी गई है। ऐसे में जनपद के 25 हजार से अधिक उद्योगों के लिए अलग औद्योगिक सुरक्षा सेल स्थापित करना भी बेहद जरूरी हो गया है। एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह को पत्र लिखकर यह मांग उठाई है।

एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने बताया कि जनपद गौतमबुद्धनगर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू हुए चार साल पूरे होने जा रहे हैं। कमिश्नरी प्रणाली के बाद कानून व्यवस्था में निश्चित तौर पर कई बड़े बदलाव हुए हैं। अपराध नियंत्रण में कमिश्नरी को सफलता मिली है, लेकिन साइबर अपराध और महिला सुरक्षा अपराध के लिहाज से चुनौतियां बरकरार हैं। औद्योगिक सुरक्षा को लेकर कुछ कदम उठाने की जरूरत है।

बता दें कि, वर्ष 2013 में नोएडा के फेज-दो में श्रमिकों के बवाल के दौरान करीब 1200 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। इस घटना के बाद उद्योगों की सुरक्षा के लिए सेक्टर-20 में क्षेत्राधिकारी उद्योग (सीओ इंडस्ट्री) का पद सृजित कर अलग कार्यालय बनाया गया था, जिसे अब बंद कर दिया गया है। जनपद स्तर पर अलग औद्योगिक सुरक्षा सेल का गठन किया जाए ताकि उद्यमियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए थाने चौकियों के चक्कर न काटने पड़ें। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से औद्योगिक विकास के लिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए भी यह अत्यंत आवश्यक है।

इसके अलावा व्यापारी-उद्यमी सुरक्षा बैठक प्रत्येक माह आयोजित किए।

**सार** संक्षेप

### रवि सरीन फिल्म इंस्टीट्यूट में कार्यक्रम का आयोजन



**नोएडा।** नोएडा फिल्म सिटी स्थित रवि सरीन फिल्म इंस्टीट्यूट में फिल्म ग्रेजुएट फरजाना के मुहूर्त शॉर्टकट के कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आतंकवादी विरोधी मोर्चा के राजेंद्र पंडित शामिल हुए वहां उपस्थित फिल्म इंस्टीट्यूट के मालिक रवि सरीन, दीपाली सरीन, गायक मलकियत सिंह, ग्राफिक एड्के मुकेश गुप्ता स्काई की शीतल महाजन फिल्म के डायरेक्टर इरशाद दिल्ली वाला पॉपुलर मेरठ व गुलशन शर्मा उपस्थित रहे।

### आर्थिक तंगी से परेशान दो युवकों ने लगाई फांसी

**नोएडा।** पारिवारिक कलह और आर्थिक परेशानी के चलते दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिले हैं प्रारंभिक जांच में कलह की वजह से आत्महत्या की बात सामने आई है। थाना ईकोटेक 1 क्षेत्र के अमरपुर गांव के जंगल में एक युवक कश्यप फंदे पर लटका देखकर किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सबको फंदे से उतार कर उसकी पहचान कराई तो उसकी शिनाख्त अमरपुर गांव निवासी 27 वर्षीय रियाजुद्दीन के रूप में हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों ने रविवार को ही रियाजुद्दीन की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रियाजुद्दीन आर्थिक रूप से परेशान चल रहा था और उसे पर कुछ कर्ज हो गया था इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच भी आपसी कलह रहती थी। उसकी पत्नी बीते दिनों अपने मायके चली गई थी जिसके बाद रियाजुद्दीन और परेशान हो गया था। रियाजुद्दीन 2 दिन से अपने घर से लापता था। थाना प्रभारी के मुताबिक रियाजुद्दीन के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। वहीं थाना सूरजपुर क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर में 31 साल के कृष्ण पुत्र सुभाष चंद्र शर्मा ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। कृष्ण को फंदे पर लटका देखकर परिजनों ने उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह की बात सामने आई है। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। थाना सूरजपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### जिम्स में ऑनलाइन इंटरेक्टिव सत्र का होगा आयोजन

**ग्रेटर नोएडा।** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा में इको प्लेटफॉर्म की स्थापना कर सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार के लिए एक पहल की है। जिम्स के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग द्वारा इको इंडिया के साथ मिलकर एक सम्मानपूर्ण मातृत्व देखभाल पर 13 दिसम्बर को अपरान्ह 2 बजे एक ऑनलाइन इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन कर रहा है। यह सत्र सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को एक उच्च गुणवत्तापूर्ण मातृत्व देखभाल प्रदान किये जाने हेतु प्रोत्साहन प्रदान करने में सहायक होगा। इस कार्यक्रम में गर्भवती स्त्रियों को सम्मानपूर्ण मातृत्व देखभाल प्रदान कर देश के विकास में सहयोग करें। इसमें पंजीकरण निःशुल्क व अनिवार्य है।

## सुनील राय बने वसुंधरा जोन के प्रभारी, राजवीर को मिला कविनगर जोन

**गाजियाबाद,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने कई Developing के कार्य में संशोधन किया है। वहीं कवि नगर जोन के प्रभारी सुनील राय को वसुंधरा जोन का प्रभारी बनाया गया है। राय के स्थान पर वसुंधरा जोन से राजवीर सिंह को कवि नगर का जोनल प्रभारी बनाया गया है । सुनील राय एक सुलझे हुए अधिकारी माने जाते हैं और वह पूर्व में भी वसुंधरा प्रभारी के प्रभारी रह चुके हैं। सुनील राय राजस्व वसूली के मामले में भी अपनी कार्यप्रणाली के करण अन्य जोनों सेआगे देखे गए हैं। चाहे वसुंधरा जोन हो या फिर कवि नगर जोन वसूली के मामले में वह अन्य जोनों से ज्यादा वसूली उनके नेतृत्व में की गई है। अब देखना यह है कि सुनील राय वसुंधरा जोन में किस तरह सफलतम जोनल अधिकारी साबित होते हैं।



## रैन बसेरा, कर वसूली व अवैध विज्ञापन को लेकर नगर आयुक्त ने अधिकारियों से की समीक्षा



**गाजियाबाद,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम की योजनाएं धरातल पर सफल हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जिसके क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक प्रतिदिन कैंप कार्यालय पर अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हैं। जिसके फल स्वरुप धरातल पर योजनाएं सफल होती दिखाई दे रही है। कैंप कार्यालय पर आयोजित समीक्षा बैठक में रैंन बसेरो की व्यवस्था, अवैध विज्ञापन तथा कर वसूली को लेकर संबंधित अधिकारियों से कार्रवाई रिपोर्ट ली गई। जोनल प्रभारियो की देखरेख में कर वसूली को लेकर विशेष अभियान चल रहे हैं अवकाश दिवसों में भी कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसकी प्रतिदिन वसूली रिपोर्ट नगर आयुक्त द्वारा देखी जा रही है तथा कर के साथ करेत्तर पर भी विशेष कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, अपने-अपने जोन में अवैध रूप से लगे हुए विज्ञापन पट को हटाने के लिए भी नगर आयुक्त द्वारा योजना बनाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए, बढ़ती ठंड में निराश्रित के लिए रेन बसेरों में पुख्ता इंतजाम करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

संबंधित प्रभारी अधिकारियों की रिपोर्ट जांचते हुए कार्यों की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में समस्त जोनल प्रभारी, मुख्य अभियंता निर्माण, विज्ञापन प्रभारी व अन्य उपस्थित रहे, डूडा विभाग से विकसित भारत संकल्प यात्रा के विषय में विस्तृत चर्चा करते हुए आगामी योजना बनाई।

## नगर निगम ने गौवंश के लिए की अलाव, गुड़ व त्रिपाल की व्यवस्था






**गाजियाबाद,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम ने नंदी पार्क गौशाला में गौवंशों को ठंड से बचने के लिए कई विशेष प्रबंध किए गए हैं। जिसमें अलाव की व्यवस्था, त्रिपाल की व्यवस्था, गुड की मात्रा व अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। आश्रित लगभग 1800 गौवंश जिनका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉक्टर अनुज ने बताया कि महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार गौवंशों के आश्रय स्थल पर ठंड से बचाव के लिए प्रबंध किए गए हैं। इसी के साथ वहां कार्य करने वाले स्टाफ के ठंड से बचाव के लिए कंबल की व्यवस्था भी कराई गई है, समय-समय पर चिकित्सकों की टीम भी जाकर गौवंशों का चेकअप का कार्य भी कर रही है।

## बोर्ड प्रस्तावित कर्मचारी के आकस्मिक निधन पर नगर आयुक्त ने दी परिवार को सांत्वना



**पांच लाख की सहायता राशि व पत्नी को नौकरी की संस्तुति**

**गाजियाबाद,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम कवि नगर जोन के बोर्ड प्रस्तावित सफाई कर्मचारी का दुर्घटना के कारण निधन हो गया। जिसमें नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचे तथा दुखी मन से शोक प्रकट किया, परिवार तथा सहकर्मियों को सांत्वना भी दी। वरिष्ठ प्रभारी स्वास्थ्य ओमप्रकाश संयुक्त नगर आयुक्त व अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

बिजेंदर पुत्र श्रतन लाल बोर्ड प्रस्तावित सफाई कर्मचारी के रूप में गाजियाबाद नगर निगम में कार्य कर रहे थे। दुर्घटना से हुए निधन पर गाजियाबाद नगर निगम में शोक की लहर दौड़ गई गाजियाबाद नगर निगम कर्मचारी संघ, प्रदीप चौहान वाल्मीकि व अन्य के द्वारा मृतक के परिवार जनों हेतु 5 लाख की मांग मुआवजे के रूप में की गई तथा उनकी पत्नी को मृतक के स्थान पर नौकरी देने के लिए भी मांग की गई। जिस पर नगर आयुक्त ने तत्काल निर्णय लेते हुए मुआवजे राशि 5 लाख तथा मृतक की पत्नी को उनके स्थान पर नौकरी देने के लिए संसतुति की गई। साथ ही उनके ई. एस. आई. तथा पीएफ फंड पर विशेष ध्यान देते हुए कार्रवाई के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

## ग्रेनो वेस्ट के बीच चलने वाली मेट्रो की संशोधित डीपीआर जल्द होगी फाइनल

**अब सेक्टर 71 कैलाश अस्पताल के सामने से जाएगी मेट्रो**

नोएडा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बीच चलने वाली मेट्रो को लेकर जल्द संशोधित डीपीआर तैयार हो जाएगी। डीपीआर तैयार करने का काम दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) कर रही है। इसको लेकर नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) लगातार समन्वय कर रहे हैं। एनएमआरसी के अधिकारियों का कहना है कि नोएडा-ग्रेनो वेस्ट के बीच मेट्रो चलाने की परियोजना बंद नहीं की गई है। इसको लेकर लगातार काम किया जा रहा है। रूट में थोड़ा बदलाव किया गया है, इसके लिए संशोधित डीपीआर तैयार की जा रही है। अभी तक सेक्टर-51 से सीधे सेक्टर-72 बाबा बालक नाथ मंदिर के सामने से होते हुए पर्थला से सीधे किसान चौक की ओर जाएगी। लेकिन अब सेक्टर-51 से सेक्टर-61, सेक्टर-71 स्थित कैलाश अस्पताल के सामने से होते हुए मेट्रो ग्रेनो वेस्ट की तरफ जाएगी।

एनएमआरसी के एमडी डॉ. लोकेश एम ने बताया कि मेट्रो रूट के अलाइनमेंट में थोड़ा बदलाव किया जाएगा। इस बदलाव से ब्लू लाइन से दिल्ली आने वाले लोग आसानी से एक्वा लाइन में आ-जा सकेंगे। दोनों लाइनों को जोड़ने के लिए कॉमन प्लेटफार्म बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी भी ब्लू लाइन के सेक्टर-52 और एक्वा लाइन के सेक्टर-51 को जोड़ने के लिए ट्रेवलर युक्त एफओबी बनवाया जा रहा है। उसका काम भी तेजी से चल रहा है। लेकिन नए रूट से दोनों लाइनों को जोड़ने का स्थाई समाधान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-5 तक मेट्रो चलाई जाएगी। पहले चरण में ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-2 तक मेट्रो ले जाई जाएगी।

## व्यापारी से लूट करने वाले दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

■ लूटे गए 32.50 लाख रुपए बरामद ■ एक बदमाश व पुलिस आरक्षी घायल

**गाजियाबाद,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। स्वाट टीम क्राइम ब्रांच व थाना कविनगर पुलिस ने सोमवार को कविनगर में व्यापारी को लूटने वाले दो बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान किया गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस की गोली से एक बदमाश तथा बदमाश की गोली से एक पुलिस आरक्षी घायल हो गया। दोनों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बदमाशो के पास से इंद्रापुरम के व्यापारी निशांत से लूटी गई लूट की गई 32 लाख 50 हजार रुपए की नगदी बरामद हुई है।

एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवस्तव ने बताया कि स्वाट टीम क्राइम ब्रांच व थाना कविनगर सोमवार की तड़के मुखर्जी पार्क चौराहा के पास संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान दो बदमाश मोटर साईकिल सवार दो बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो एक बदमाश ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया, जिससे पुलिस पार्टी का मुख्य आरक्षी गोली लगने से घायल हो गया। इसके



बाद पुनः पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया। जिसमें अन्य पुलिस कर्मी बाल बाल बचे। इबाद पुलिस ने आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से गोली चलाने वाला नितिन पंडित घायल हो गया और नीचे गिर गया जिसे दबोच लिया गया। साथ ही दूसरे बदमाश को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों बदमाशो के पास से दो तमंचे तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार बदमाशों में नितिन पंडित व सौरभ सिरोही निवासी ग्राम सावई थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ हैं।

आयोजन | प्रदर्शन पर 100 से अधिक उत्पाद श्रेणियों के परिधान शामिल

## गारमेंट शो ऑफ इंडिया का 8वां संस्करण नोएडा में शुरू

नोएडा, 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। गारमेंट शो ऑफ इंडिया, एक बी2बी प्रदर्शनी सोमवार को नोएडा एक्सपो सेंटर सेक्टर 62 में शुरू हुई।

प्रदर्शनी में, नोएडा और अन्य स्थानों के परिधान समूहों से 100 से अधिक निर्माताओं ने भाग लिया। इस बार 100 से अधिक उत्पाद श्रेणियां जिनमें महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए नवीनतम उच्च फैशन परिधान शामिल हैं, प्रदर्शन पर हैं। शो की खासियत यह है कि खरीदार ऐसे आपूर्तिकर्ताओं को ढूंढ सकते हैं जिनके पास नवीनतम मांग और सीज़न के अनुसार छोटे, मध्यम और थोक ऑर्डर करने की क्षमता और लचीलापन है।

शो में बेस्ट सेलर, जैक एंड जोन्स, वेरो मोडा, शॉपर्स स्टॉप, रिलायंस रिटेल, वेस्टसाइड, वीमार्ट, वी2 रिटेल्स, जुडियो, डीमार्ट, लाइफस्टाइल, मैक्स और कई अन्य रिटेल चेन की सोर्सिंग टीमें आए है।

यह जीएसआई का 8वां संस्करण है और यह शो आपूर्तिकर्ताओं और खरीदारों के बीच अंतर को पाटने के लिए जाना जाता है। यह शो न केवल भारत के खुदरा और घरेलू बाजार में बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए भी प्रचुर व्यावसायिक अवसरों का स्रोत है। क्योंकि ट्रिबर्ग, अस्मारा, पीडीएस, इंपल्स, एच एंड एम, ज़ारा जैसे कई क्रय कार्यालय अपनी सोर्सिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए शो में आते हैं। इस शो को यूपी सरकार द्वारा ओडीओपी योजना के तहत मान्यता प्राप्त है। जिसमें भाग लेने वाली कंपनियों को अपने परिधान व्यवसाय को बढ़ाने के लिए सब्सिडी का प्रावधान दिया गया है। प्रदर्शनी के साथ-साथ नेटवर्किंग




**■ पहले दिन 1000 से अधिक दर्शक शो देखने आए**

बढ़ाने के लिए परिधान और फैशन उद्योग के सभी हितधारकों को एक आम मंच पर लाने के लिए एक दिवसीय सम्मेलन परिधान फैशन फोरम का भी आयोजन किया गया है। शो का उद्घाटन फलाबेला की कंट्री मैनेजर अल्पना राजदान, राजीव बंसल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं महासचिव नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर और सोर्सिंग कंसल्टेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल ढींगरा और आईएलपीए (इंडियन लेदर प्रोडक्ट्स एसोसिएशन) के अध्यक्ष जगदीश गुलाटी ने किया।

जीएसआई का आयोजन साइना इवेंट्स द्वारा किया जाता है, जो कई वर्षों से परिधान और कपड़ा उद्योग के लिए व्यापार प्रदर्शनियों का आयोजन कर रही है।

## अलग अलग हादसे में तीन की मौत

**पुलिस ने शव कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**नोएडा,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के छीजारसी गांव के पास तेज गति में आ रही स्कोडा कर ने ऑटो में टक्कर मार दी कर की टक्कर से ऑटो में सवार महिला की मौत हो गई जबकि एक बच्ची मामूली रूप से घायल हो गई। वहीं थाना सूरजपुर क्षेत्र में अनियंत्रित होकर बाइक फिसलने के कारण एक ही युवक की मौत हो गई। इनके अलावा सड़क हादसे में घायल हुई एक महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

सेक्टर 45 में रहने वाले हरवीर की पत्नी सुमन 25 वर्ष रविवार को ऑटो से जा रही थी छजरसी कॉलोनी के पास तेज गति में आ रही स्कोडा कर ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ऑटो छतिग्रस्त हो गया और सुमन गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची थाना सेक्टर 63 पुलिस घायल सुमन को पास के ही एसजेएम अस्पताल लेकर पहुंची उपचार के दौरान सुमन ने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी के मुताबिक सबको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

थाना सूरजपुर क्षेत्र के कस्बे के पास बाइक पर तेज गति में आ रहा युवक संतुलन को बैठा अनियंत्रित होकर बाइक फिसल गई इस हादसे में बाइक सवार को गंभीर चोट आई बाइक सवार को लाहुल वहां हालात में सड़क पर पड़ा देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी थाना सूरजपुर पुलिस घायल को उपचार के लिए जिसमें अस्पताल लेकर पहुंची। उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई मृतक की पहचान बागपत निवासी शोएब के रूप में हुई प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सर में आंतरिक चोट तथा अत्यधिक रक्तस्राव के कारण शोएब की मौत हुई है।

वहीं थाना सेक्टर 58 क्षेत्र के एक अस्पताल में भर्ती दीप्ति चावला निवासी गाजियाबाद ने दम तोड़ दिया सड़क हादसे में घायल होने के बाद दीप्ति चावला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

उवाच

विकसित भारत संकल्प यात्रा 30 नवम्बर से लगातार जनपद गौतमबुद्धनगर के गांव-गांव जाकर लोगों में विकसित भारत संकल्प के लिए गांव-गांव शपथ के साथ जनजागरण का काम कर रही है विकसित भारत बनाने के लिए एक-एक व्यक्ति महत्वपूर्ण है।

**गजेन्द्र मावी, जिला अध्यक्ष**

# कैपिटल ज़ोन

## ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ से मिले कर्टनी वॉल्स



**ग्रेटर नोएडा,**11 दिसम्बर (देशबन्धु)। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान कर्टनी वॉल्स और पूर्ण क्रिकेटर आरपी सिंह (सीनियर) सोमवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार व एसीईओ मेधा रूपम से मुलाकात की। ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के क्रिकेट ग्राउंड में बड़े स्तर के मैच के आयोजनों पर चर्चा की।

आने वाले दिनों में बड़े स्तर के मैच कराने की योजना है। प्राधिकरण के सीईओ की तरफ से इन आयोजनों के लिए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

प्राधिकरण के सीईओ ने क्रिकेट ग्राउंड और उपलब्ध सभी सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। सीईओ से मीटिंग के दौरान आरपी सिंह के बेटे और अंडर-19 क्रिकेट टीम के सदस्य हैरी सिंह, बिग क्रिकेट लीग के सीएमओ अनिरुद्ध सिंह, स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के प्रबंधक हरे कृष्णा भी शामिल रहे।

# जेवर एयरपोर्ट से डीएनडी तक रैपिड रेल चलाने की कवायद

- रैपिड ट्रेन को सीधे इंदिरागांधी एयरपोर्ट से जोड़ने का प्रस्ताव
- मुख्यमंत्री के सामने 14 दिसम्बर को एनसीआरटीसी करेगा प्रजेंटेशन
- गाजियाबाद बाया ग्रेटर नोएडा वेस्ट जेवर एयरपोर्ट तक रैपिड ट्रेन भी चलेगा

**ग्रेटर नोएडा,**11 दिसम्बर (देशबन्धु)। डीएनडी से परी चौक तक रैपिड रेल चलाने की कवायद तेज हो गई है। इस रूट के लिए 14 दिसम्बर को एनसीआरटीसी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रजेंटेशन देगा। इसके बाद इस रूट पर मुहर लग सकती है। इससे जेवर एयरपोर्ट और आईजीआई रैपिड रेल से जुड़ जाएंगे।

प्रदेश सरकार ने नोएडा एयरपोर्ट को रैपिडएक्स (रैपिड रेल) से जोड़ने के लिए जिस रूट को मंजूरी दी है, वह गाजियाबाद से शुरू होगा। इस कॉरिडोर की लंबाई 72.2 किमी है। इस रूट से ग्रेनो वेस्ट, ईस्ट और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र जुड़ेगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड कंपनी चाहती है कि नोएडा एयरपोर्ट को सीधे आईजीआई से जोड़ा जाए। इसके लिए दिल्ली से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के बीच रैपिड रेल चलाई जानी चाहिए। पिछले दिनों मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में यह मुद्दा उठाया गया था। अब इस रूट को लेकर कवायद शुरू हो गई है। 14 दिसम्बर को लखनऊ में मुख्यमंत्री के समक्ष एनसीआरटीसी अपना प्रजेंटेशन देगा। इसमें नियाल के अधिकारी भी शामिल होंगे। इसमें न्यू अशोक नगर से परी चौक तक रैपिड रेल चलाने की चर्चा होगी। परी चौक से एयरपोर्ट तक गाजियाबाद वाला कारिडोर जा रहा है। यह करीब 25 किमी लंबा होगा।

इस कॉरिडोर के बनने से नोएडा एयरपोर्ट से आईजीआई जुड़ जाएगा। नोएडा एयरपोर्ट से सराये काले खां होते हुए आईजीआई पहुंच जाएंगे।

## पॉड टैक्सी को जेवर एयरपोर्ट से परी चौक तक चलाने पर विचार

**ग्रेटर नोएडा।** संशोधनों के साथ पॉड टैक्सी परियोजना के लिए दोबारा टेंडर निकाले जाएंगे। पॉड टैक्सी के कॉरिडोर निर्माण में सरकार द्वारा 40 प्रतिशत फंडिंग करने, कॉरिडोर की लंबाई बढ़ाने और बिड डाक्यूमेंट में बदलाव किए जाएंगे। इसके लिए यमुना प्राधिकरण ने शासन को पत्र लिखा है। जेवर एयरपोर्ट और फिल्म सिटी के बीच 14.6 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर में पॉड टैक्सी चलाने के लिए यमुना प्राधिकरण ने केंद्र सरकार की कंपनी इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कारपोरेशन लिमिटेड से डीपीआर बनवाई है। प्राधिकरण ने परियोजना के लिए पहली जुलाई को ग्लोबल टेंडर निकाले। इसकी अंतिम तिथि दो बार बढ़ाई गई। अंतिम तिथि 28 नवम्बर तक कोई कंपनी इसके लिए नहीं आई। यमुना प्राधिकरण ने पांच दिसम्बर को पॉड टैक्सी का संचालन करने वाली कंपनियों के साथ बैठक की। बैठक में सीमेंस, मोनेट इंटरनेशनल लिमिटेड, अल्ट्रा पीआरटी, हुंडई कॉरपोरेशन, सिस्ट्रा समेत दर्जनभर कंपनियों ने भाग लिया। कंपनियों ने कहा कि पॉड टैक्सी के इंफ्रास्ट्रक्चर में सरकार कम से कम 40 प्रतिशत खर्च करे। इसके अलावा कई और सुझाव दिए। अब इन सुझावों के बाद यमुना प्राधिकरण ने इस परियोजना को लेकर अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त को पत्र लिखा है। कहा है कि इस परियोजना के लिए दोबारा टेंडर निकाले जाने हैं। इसके लिए इसमें कुछ संशोधन होने हैं। अब जेवर एयरपोर्ट और फिल्म सिटी के बजाय परी चौक तक पॉड टैक्सी चलाई जानी है। इसलिए पीपीपीबीईसी की बैठक बुलाई जाए।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों को दिए गए आयुष्मान कार्ड

**ग्रेटर नोएडा,**11 दिसम्बर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा कोट गांव फूलपुर गांव में पहुंची कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दादरी विधायक तेजपाल नागर व भाजपा जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी रहे। तेजपाल नागर ने कहा कि आज देश विकास कार्यों के साथ आगे बढ़ रहा है, मोदी जी के नेतृत्व में नए



सपने के साथ विकसित राष्ट्र बनेगा, हम सबको लोकल सामान की खरीदारी करनी चाहिए। जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 30 नवम्बर से लगातार जनपद गौतमबुद्धनगर के गांव-गांव जाकर लोगों में विकसित भारत संकल्प के लिए गांव-गांव शपथ के साथ जनजागरण का काम कर रही है विकसित भारत बनाने के लिए एक-एक व्यक्ति महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया, जिसमें मुख्य रूप से मनिंदर, चंचल शर्मा, रोहित शर्मा, संगीता, पूनम देवी को आयुष्मान कार्ड दिया गया। इस अवसर पर पार्टी के ब्लॉक प्रमुख बिजेंद्र भाटी, जिला उपाध्यक्ष सुनील भाटी, वरिष्ठ नेता इंद्र नगर। कार्यक्रम के संयोजक जिले के रवि जिंदल, मीडिया प्रभारी पंडित कर्मवीर आर्य, सुनील शर्मा, संजय भाटी, मंडल अध्यक्ष सोनू प्रधान, श्रीपाल एडवोकेट जयवीर, नोडल अधिकारी प्रदीप, भिखारी सिंह, राजेंद्र प्रधान, नरेंद्र शर्मा, विक्रम बैंसोडिया, सुमित तोमर।

**सार संक्षेप**

### धारा-370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का आर्य प्रतिनिधि सभा ने किया स्वागत

**ग्रेटर नोएडा।** आर्य प्रतिनिधि सभा ने जम्मू कश्मीर से धारा-370 हटाए जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है और इसे राष्ट्र की अखंडता के हित बताया है। फैसले के अनुसार धारा 370 एक अस्थाई व्यवस्था थी और इसे देशहित में हटाया जा सकता है। आर्य प्रतिनिधि सभा के उपाध्यक्ष डॉ. आनन्द आर्य ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के अनुसार जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और धारा-370 पर भारत के राष्ट्रपति को फैसला लेने का अधिकार है और अनुच्छेद 356 में राष्ट्रपति की शक्तियां लिखी हुई है और उनकी संवैधानिक शक्तियों को चुनौती नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट के इस महत्वपूर्ण फैसले से स्वाभाविक रूप से राष्ट्रवादी ताकतों अब और अधिक बल मिल सकेगा।

### डॉ. नितिन भगत खेल प्रतियोगिता में मिला स्वर्ण पदक

**ग्रेटर नोएडा।** दिल्ली के लीला एंबिएंस सेंटर में एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड



मैक्सिलोफेशियल सर्जन ऑफ इंडिया की 47वीं कॉन्फ्रेंस के दौरान एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता में शारदा स्कूल ऑफडेंटल साइंस के डॉक्टर नितिन भगत ने बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीता। डॉ. नितिन भगत ने बताया कि प्रतियोगिता में भारत के 96 डॉक्टर ने हिस्सा लिया। सेमीफाइनल मैच में आंध्र प्रदेश के डॉक्टर को 15-4 के पॉइंट से हराया। फाइनल मैच केरल के डॉक्टर के खिलाफ हुआ। एकतरफा मुकाबले में उन्होंने 21-7 से हरा दिया और स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के बाद शारदा विश्वविद्यालय के डायरेक्टर पीआर डॉ. अजीत कुमार ने कहा कि पदक जीतना गर्व बात हैं। यह पदक उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का नतीजा है। विश्वविद्यालय के फैकल्टी और स्टूडेंट्स हर क्षेत्र परचम लहराया रहे और नाम रोशन कर रहे हैं।

## एचजीएच इंडिया ट्रेड शो कल से एक्सपोमार्ट में होगा शुरू

**ग्रेटर नोएडा,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। एचजीएच इंडिया 2023 का आयोजन 13 से 16 दिसम्बर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में किया जाएगा। इस ट्रेड शो में ट्रेड विजिटर्स को होम टेक्सटाइल्स, होम डेकोर, होम फर्नीचर, हाउसवेयर और गिफ्ट जैसी विभिन्न श्रेणियों में इनोवेटिव प्रोडक्ट्स से रूबरू होने का मौका मिलेगा। एचजीएच इंडिया एक अर्धवार्षिक ट्रेड शो है, जिसमें भारतीय बाजार के लिए होम टेक्सटाइल, होम डेकोर, होम फर्नीचर, हाउसवेयर और गिफ्ट्स प्रदर्शित किए जाते हैं। इस बार करीब 400 भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय ब्रांड एवं मैन्यूफैक्चरर्स इसमें हिस्सा लेंगे। भारत के 600 शहरों एवं कस्बों से तथा अन्य देशों से 30 हजार से ज्यादा रिटेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, चौनल पार्टनर्स, इंटीरियर डिजाइनर्स और आर्किटेक्ट्स के इस ट्रेड शो में आने का अनुमान है। ट्रेड के शो के दौरान कई भारतीय ब्रांड अपने फ्रेश प्रोडक्ट्स प्रदर्शित करेंगे। इनके अलावा इटली, तुर्की और यूरोपियन हाउसवेयर ब्रांड्स भी इसमें हिस्सा लेंगे। कश्मीर, मुरादाबाद समेत देश के विभिन्न हिस्सों से हथकरघा उत्पादों की बड़ी रेंज भी ट्रेड शो में देखने को मिलेगी। भारत के होम प्रोडक्ट्स मार्केट में मांग सालाना 20 प्रतिशत से ज्यादा की दर से बढ़ रही है। ऐसे में रिटेलर्स और ट्रेड बायर्स अपने स्टोर पर नए कलेक्शन रखने के लिए प्रेरित हुए हैं। इसमें सीजनल ट्रेंड्स का भी ध्यान रखा जाता है। उनकी इन्हीं बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए एचजीएच इंडिया के 14वें संस्करण में 2024 की बसंत और गर्मियों को ध्यान में रखकर कई सोर्सिंग सॉल्यूशंस प्रदान किए जाएंगे।

## गैर शैक्षणिक कार्य व अन्य लम्बित समस्याओं के समाधान के ले लिए शिक्षक संघ ने लिखा पत्र

**ग्रेटर नोएडा,**11 दिसम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवीण शर्मा व जिलामंत्री गजन भाटी और अन्य पदाधिकारियों ने जिले भर के शिक्षकों से लिए जा रहे गैर शैक्षणिक कार्यों पर रोष प्रकट करते हुए, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवांर को पत्र लिखा। संघ के पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि शिक्षकों को सार्वजनिक अवकाश के दिन भी किसी ने किसी बहाने से विद्यालय खोलने को मजबूर किया जा रहा है और उसके बदले में शिक्षकों को प्रतिकर अवकाश भी नहीं दिया जा रहा है। दादरी और बिसरख ब्लाक के शिक्षकों की चयन वेतनमान पत्रावलियां काफी समय से लम्बित पड़ी हुई हैं, जिन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई हैं। काफी शिक्षकों को उनकी गरिमा के विपरीत आईआईएमटी कॉलेज में नियुक्त कर रखा गया है और वहां शिक्षकों से आई कार्ड सम्बन्धी लिफाफे तैयार करायें जा रहे है, जो कि शिक्षकों की गरिमा के अनुरूप नहीं हैं और जिलेभर के 1500 से ज्यादा शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य बीएलओ के रूप में नियुक्त कर, गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित कराया जा रहा है। संगठन ने उपरोक्त सभी समस्याओं के अतिशीघ्र निराकरण करने के लिए बीएसए से आग्रह किया है।

## भाकियू ने किसान नेताओं पर हो रही कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा,**11 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने किसान नेता युद्धवीर सिंह को अवैध हिरासत में लेने और यात्रा प्रतिबंध पर तथा एसकेएम के साथ लिखित आश्वासन का उल्लंघन के संबंध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को दिया। किसान नेता पवन खटाना ने बताया कि हाल ही में संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के कई नेताओं को दिल्ली पुलिस सहित केंद्र सरकार की जांच एजेंसियों द्वारा किसान संघर्ष से संबंधित दर्ज आपराधिक मामलों में फंसाने के लिए जानबूझकर किए गए अनुचित कार्यों की ओर खींचना चाहते हैं और इसके कारण हुए अपमान और पीड़ा से आपको अवगत कराने के लिए यह पत्र लिखने के लिए मजबूर हैं।

हरियाणा के रोहतक के बीकेयू नेता वीरेंद्र सिंह हुड्डा को दिल्ली पुलिस के सिविल लाइन्स पुलिस स्टेशन से 22 नवम्बर 2023 को एक नोटिस मिला था, जिसमें उन्हें एक मामले की एफआईआर पर पेश होने का निर्देश दिया गया था। किसान आंदोलन के विरोध के मद्देनजर दिल्ली पुलिस को नोटिस वापस लेने की सार्वजनिक रूप से घोषणा करने के लिए मजबूर



होना पड़ा। हाल ही में युद्धवीर सिंह की अवैध हिरासत के संदर्भ में एसकेएम को पता चला है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली संघर्ष से संबंधित मामलों में एसकेएम नेताओं के खिलाफ लुक-आउट नोटिस जारी किया है। केंद्र सरकार और भाकियू के प्रभारी अधिकारी अर्जुन बलियान को नई दिल्ली हवाई अड्डे पर नेपाल जाने से रोक दिया गया। पंजाब के एसकेएम नेता सतनाम सिंह बेहरू और हरिंदर सिंह लोकोवाल दिल्ली किसान संघर्ष से संबंधित मामलों में दिल्ली के तीस हजारी और पटियाला हाउस अदालतों में अदालती प्रक्रियाओं का सामना कर रहे हैं। इस मौके पर रॉबिन नागर, बेली भाटी, सुनील प्रधान, अनित कसाना, अमित डेढा सहित कई नेता मौजूद रहे।

## युवा कल्याण व प्रांतीय रक्षक दल विभाग का मनाया गया 75वां स्थापना दिवस

**ग्रेटर नोएडा,**11 दिसम्बर (देशबन्धु)। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग का विभाग का 75वां स्थापना दिवस हीरक वर्षगांठ के रूप में चौधरी वेदराम सिंह नागर ग्रामीण स्टेडियम दुजाना में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी महिपाल सिंह ने बताया कि स्थापना दिवस में 7, 3 के गुणांक में 75 प्रांतीय रक्षक दल के जवानों द्वारा एक सप्ताह के अभ्यास के उपरांत ड्रिल परेड का आयोजन किया गया, जिसकी सलामी विधायक दादरी तेजपाल नागर के द्वारा



सलामी ली गई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख ओमपाल सिंह नागर, ग्राम प्रधान रणपाल सिंह नागर और मास्टर धर्मवीर सिंह नागर व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। परेड के दौरान 49वीं पी ए सी वहानी, सूरजपुर के बैंड के द्वारा मार्चपास्ट धुन बजायी गई। इस मौके पर विधायक तेजपाल नागर द्वारा पीआरडी के जवानों का मानदेय होमगार्ड के जवानों के बराबर करने का आश्वासन दिया। पीआरडी जवानों की परेड के दौरान खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया गया, जिसमें रस्साकसी की प्रतियोगिता में प्लाटून नंबर एक प्रथम रही तथा प्लाटून नंबर दो द्वितीय स्थान पर रही, प्लाटून नंबर 3 तृतीय स्थान पर रही। परेड के दौरान टोली नंबर 1 ड्रिलटर्नआउट परेड में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण प्रथम स्थान पर रही। सर्वश्रेष्ठ परेड करने वाले जवान जितेंद्र भाटी एवं एवं महिला प्लाटून में पूजा सर्वश्रेष्ठ परेड करने वाले जवान रहे।

## जीबीयू के विद्यार्थियों ने सीपीएचआई व पीएमईसी इंडिया में किया अच्छा प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,**11 दिसम्बर (देशबन्धु)। विश्व स्तरीय फार्मास्यूटिकल विशेषज्ञ, उद्योग और नवाचारक भारत एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में एकत्र हुए। इसमें गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपने अथक प्रयास और अथक उत्साह के माध्यम से कार्यक्रम को बेहद सुगमता से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी जिम्मेदारियां इस घटना के विभिन्न




महत्वपूर्ण पहलुओं को समायोजन से लेकर मेहमानों की सुविधा, उपस्थितियों का समर्थन और समग्र घटना प्रबंधन तक थी। उनकी असाधारण पेशेवरी, टीम काम, और समस्या समाधान कौशल ने सीपीएचआई और पीएमईसी 2023 इंडिया की सफलता और सुगम संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जीबीयू के बायोटेक्नोलॉजी स्कूल के हेड डॉ. नगेंद्र सिंह ने छात्रों के प्रशंसनीय प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया, उन्होंने कहा कि हमारे छात्रों की समर्पणशीलता और ऐसे उच्च स्तरीय आयोजनों में सक्रिय भागीदारी उनकी अनोखी क्षमताओं और प्रतिबद्धता का प्रतिबिंबित करती है। उनकी मेहनत और उत्साह ने न केवल विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है, बल्कि उनकी अपनी श्रेष्ठता को भी प्रदर्शित किया है जो उन्हें उनके अनुयायियों में भविष्य के नेताओं के रूप में दर्शाता है।

## विकसित भारत 2047 पोर्टल का प्रधानमंत्री ने किया लांच, विद्यार्थी हुए शामिल

**ग्रेटर नोएडा,**11 दिसम्बर (देशबन्धु)। आईटीएस इंजीनियरिंग कॉलेज, ग्रेटर नोएडा के सीएसई विभाग ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत 2047 पोर्टल के लॉन्च के ऑनलाइन सत्र में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कैबिनेट सचिव हमारे देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के प्रमुखों, शिक्षकों और छात्रों सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों और उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए परिचयात्मक भाषण के साथ की गई। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्घाटन भाषण की शुरुआत दर्शकों को विकसित भारत 2047 पोर्टल के लॉन्च के उद्देश्य के बारे में जानकारी देकर की। उन्होंने बताया कि पोर्टल के लॉन्च से युवाओं को अगले कुछ वर्षों में क्वांटम छलांग लगाकर हमारे देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए




नए नवीन विचार साझा करने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर प्राप्त नए इनोवेटिव विचारों को उचित पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता संग्राम के बारे में बताया जहां प्रत्येक व्यक्ति ने स्वतंत्रता के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से योगदान दिया और दर्शकों को जो कुछ भी वे कर रहे हैं उसमें गुणवत्ता प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विश्वविद्यालयों-कॉलेजों के प्रमुखों और संकाय-शिक्षकों को यह सुनिश्चित करने के लिए संबोधित किया कि प्रत्येक छात्र विशेष क्षेत्र में कौशल हासिल करे, न कि स्नातक होने के बाद सिर्फ डिग्री प्राप्त करे।

## जबरदस्ती शराब पिलाकर युवक को डंडों से पीटकर हाथ तोड़े

**दनकौर,**11 दिसम्बर (देशबन्धु)। दनकौर रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले एक युवक को जबरदस्ती शराब पिलाकर दो लोगों ने बेरहमी से डंडों से पीटकर घायल कर दिया। इस घटना में पीड़ित के दोनों हाथों में गंभीर चोट आई है। जिसका दनकौर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। इस संबंध में पीड़ित ने आरोपियों को नामजद करते हुए सोमवार को कोतवाली में मामले की शिकायत की है। पीड़ित मनीष ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह रेलवे स्टेशन के पास रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पड़ोस के दो लोग उसको अपने खेत पर अपनी फसल में पानी लगाने के बहाने अपनी ट्यूबवेल पर रविवार रात उसको लेकर गए। जहां आरोपियों ने पीड़ित को शराब पीने के लिए कहा तो पीड़ित ने मना कर दिया। आरोप



है कि उसके बाद दोनों आरोपियों ने जबरदस्ती पीड़ित को शराब पिला दी। जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों में डंडों से बेरहमी से पीटकर उनको घायल कर दिया। इस घटना में मनीष के दोनों हाथों में गंभीर चोट आई है। पीड़ित ने बाद में घर पहुंचकर परिवार के लोगों को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपी दबंग किस्म के हैं। जिनके डर की वजह से परिवार रात को कोतवाली में शिकायत करने नहीं पहुंचा। सोमवार को पीड़ित परिवार ने इस संबंध में दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जैव विविधता पार्क का बच्चों ने किया भ्रमण

**ग्रेटर नोएडा,**11 दिसम्बर (देशबन्धु)। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल स्वर्ण नगरी के कक्षा ग्यारहवीं से दसवीं के लिए जैव विविधता पार्क सेक्टर-92 नोएडा में एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को प्रकृति संरक्षण या जैव विविधता संरचना को समझने का अवसर प्रदान करना था। विभिन्न हर्बल, औषधीय, सजावटी पौधों को कवर करने वाले प्रकृति पौधों के माध्यम से एक उचित भ्रमण स्थान है। यह नोएडा के सबसे बड़े पार्कों में से एक है। इसका रखरखाव बहुत अच्छे से किया गया है। सेक्टर-137 मेट्रो स्टेशन के पास स्थित, यह हरा-भरा है और



विभिन्न प्रकार के पेड़ों, रास्तों, पैदल चलने और साइकिल ट्रैक, फूलों के साथ 75 एकड़ में फैले हरे-भरे बगीचे प्रकृति की गोद में आराम करने और तरोताजा होने के लिए बाग, बांस के बगीचे, घास के लॉन। जिसे देखकर विद्यार्थी बहुत उत्साहित थे। पार्क के बायोम और प्राकृतिक प्रभागों (कोही, बांगर, खादर और डाबर) के बारे में जाना। यहां विभिन्न प्रकार की झाड़ियां, जड़ी-बूटियां और अन्य पौधे हैं जैसे ढाक, शीशम, नीलगिरी, सागवान, आम, अशोक, भारतीय बेर, महुआ, कचनार और कई अन्य। उन्होंने महानगरीय शहरों में जैव विविधता पार्कों के महत्व को समझा है जो भोजन, दवा, ईंधन, निर्माण सामग्री और सौंदर्य, सांस्कृतिक, मनोरंजक और अनुसंधान मूल्यों के अन्य उपयोगों के लिए पौधों और जानवरों की सीधी कटाई से मानव जाति को भारी लाभ पहुंचाते हैं। पारिस्थितिक तंत्र के लाभों में जलवायु और जल विनियमन, बाढ़ और मिट्टी के कटाव को कम करने में मदद करने वाली मिट्टी का निर्माण और संरक्षण, तटरेखा संरक्षण और कृषि कीटों पर प्राकृतिक नियंत्रण प्रदान करना शामिल है, जो सभी रचनात्मक विकास को बढ़ावा देते हैं।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप तहसील फरीदाबाद, हरियाणा से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र दिनांक 10.04.2023 के अनुसार मृतक श्री स्व0 किरोडीमल पुत्र भूदर नि0 ग्राम मौहम्मदबाद खेडा परगना दनकौर जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 28.03.2022 को हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मौहम्मदबाद खेडा | 169 | 385, 388 | किरोडीमल पुत्र भूदर नि0 ग्राम मौहम्मदबाद खेडा परगना दनकौर जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती बिमला देवी | 70 वर्ष | पत्नी |
| | | | | श्री संजय कुमार शर्मा | 44 वर्ष | पुत्र |
| | 105 | 393 | | श्री अजय कुमार शर्मा | 42 वर्ष | पुत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम करौली बांगर में उप जिलाधिकारी जेवर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 553/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक-08.08.2023 से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक राजीव पुत्र स्व0 श्री सुरेन्द्र सिंह नि0 ग्राम भटौना मजरा करौली बांगर, परगना व तहसील जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | करौली बांगर | 102 103 105 | श्री राजीव कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह नि0 ग्राम नगला भटौना मजरा करौली बांगर, परगना व तहसील जेवर,जनपद गौतमबुद्धनगर | बिजनेश | पत्नी | 43 वर्ष | विधवा |
| | | | | रवि चौधरी | पुत्र | 15 वर्ष | अविवाहित |
| | | | | हर्ष कुमार | पुत्र | 17 वर्ष | अविवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड एवं 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 12 दिसम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# भाजपा की उलझन

भारत के संसदीय इतिहास में शायद पहली मर्तबा हो रहा है जब किसी राजनैतिक दल को विधानसभा के चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिला हो और वह हफ्ते भर से अपना मुख्यमंत्री तलाश रही हो। जिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीज़े 3 दिसम्बर को निकले उनमें से तेलंगाना में कांग्रेस के रेवंत रेड्डी और मिजोरम में जोराम पीपुल्स मूवमेंट के लालदुहोमा ने मुख्यमंत्री का पद ग्रहण कर कामकाज भी प्रारम्भ कर दिया है, ले-देकर छत्तीसगढ़ के मुखिया के रूप में विष्णुदेव साय का चयन कर उसकी तलाश एक राज्य में रविवार को समाप्त हुई। और सोमवार को मध्यप्रदेश में मोहन यादव के नाम पर मुहर लग पाई है। परन्तु भारतीय जनता पार्टी अब भी राजस्थान के मुख्यमंत्री का निर्धारण नहीं कर पाई है। यह अनुशासित पार्टी कही जाने वाली भाजपा के लिये आश्चर्यजनक है। उसके इतिहास व सांगठनिक स्वरूप को देखें तो यह एक हद तक सही भी लगता है लेकिन राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में उसे मुख्यमंत्री बनाने में जिस एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ा है, उससे यह मिथक भी टूट रहा है।

यह संकट पूर्वानुमानित था। जब तीनों ही राज्यों में कई सांसदों और केन्द्रीय नेताओं को विधानसभा के चुनावी मैदान में उतारा गया, तभी आभास हो गया था कि इन राज्यों में भाजपा जीते या हारे, उसे इस तरह के संकट से गुजरना होगा। चूंकि उस समय इन तीनों ही राज्यों में भाजपा की पराजय का अंदेशा था, इसलिये सम्भवत: भाजपा नेतृत्व ने मामले की गम्भीरता का अंदाजा नहीं लगाया होगा। अप्रत्याशित रूप से इन राज्यों में उसे जो जीत मिली है, उसके बाद उसके समक्ष समस्या आन खड़ी हुई है- कौन बनेगा मुख्यमंत्री? छत्तीसगढ़ एक आत्मसंतोषी राज्य है जहां लोगों की महत्वाकांक्षाएं वैसी प्रबल नहीं है। साथ ही, यहां केन्द्र के मंत्री या सांसद विधायकी का चुनाव लड़ने के लिये उतारे गये, उनमें कोई भी ऐसा बड़ा चेहरा नहीं हैं जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर वैसी बड़ी पहचान हो। यहां के सबसे बड़े चेहरे के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की ही शिनाख्त होती है लेकिन वे भी अपनी विनम्रता और सौम्यता के लिये जाने जाते हैं। उनके बारे में पहले से ही अनुमानित था कि अगर उन्हें यह पद नहीं मिलता तो भी वे संगठन के खिलाफ न तो अपना रोष व्यक्त करेंगे या कोई बड़ा कदम उठाएंगे। यह उन्होंने साबित भी किया। साय को मुख्यमंत्री बनाकर उन्हें विधानसभा अध्यक्ष बनाने का तय हुआ तो उन्होंने इस प्रस्ताव को सिर झुकाकर स्वीकार कर लिया।

रही बात राजस्थान व मध्यप्रदेश की, तो दोनों ही राज्यों में भाजपा के समक्ष जटिल परिस्थिति है। राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री और वहां भाजपा की सबसे प्रभावशाली नेत्री वसुंधरा राजे सिंधिया हैं जिनका बड़ा सम्मान है पर यहां शीर्ष कमान की पसंद के चेहरे अन्य लोग हैं, मसलन बाबा बालकनाथ, गजेन्द्र सिंह शेखावत, किरोड़ीमल मीणा, दीया कुमारी, अश्विनी वैष्णव, अर्जुन मेघवाल आदि। छत्तीसगढ़ के रमन सिंह की ही तरह वसुंधरा की भी यहां चुनाव प्रचार के दौरान घोर उपेक्षा हुई थी। उनके समर्थक वह दृश्य नहीं भूल सकते जब राज्य भाजपा का घोषणापत्र भरे मंच पर उनके हाथ से छीन लिया गया था। उसके बाद उन्हें पकड़ाये गये घोषणापत्र को महारानी साहिबा ने हाथ तक नहीं लगाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हों या केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, किसी ने भी चुनावी प्रचार सभाओं में उनके कामों का ज़िक्र नहीं किया। यहां तक कि कई सभाओं में वे गैर मौजूद रहीं। बताया जा रहा है कि उन्होंने अप्रत्यक्ष तौर पर जाहिर कर दिया है कि वे यह पद छोड़ेंगी नहीं। उनके साथ 60 से अधिक विधायकों के मजबूती के साथ खड़े बतलाये जाते हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह ने इन विधायकों की बाड़ेबंदी कर रखी है। भाजपा नेतृत्व को इस बात की भी आशंका है कि वे निवर्तमान कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ हाथ मिलाकर सरकार तक बना सकती हैं। 199 सीटों वाली विधानसभा में भाजपा के 115 और कांग्रेस के 69 विधायक हैं। राजस्थान का मुख्यमंत्री बनने का असमंजस ऐसा विकट है कि रविवार को दिल्ली से आने वाले पर्यवेक्षकों ने अपनी जयपुर यात्रा भी रद्द कर दी।

कुछ ऐसी ही स्थिति मध्यप्रदेश में भी रही। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी चुनाव प्रचार के दौरान पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया था। उनके कामों का उल्लेख तो दूर, उनका नाम भी मोदी-शाह द्वारा नहीं लिया जाता था। उनके धुर विरोधी भी मानते हैं कि चौहान यहां अपने दम पर कांग्रेस के जबड़े से जीत निकाल लाए हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि शिवराज सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री रहे मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर आगे राज्य की राजनीति कैसे मोड़ लेगी। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल केन्द्रीय कृषि मंत्री रहे नरेन्द्र तोमर को भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष बना दिया है और जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ला को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। इसका अर्थ यही है कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय जैसे कई दिग्गज हैं जो मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे, अब उन्हें किसी न किसी तरह आलाकमान को संभालना होगा।

छत्तीसगढ़ में अलबत्ता नये मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की तैयारियां प्रारम्भ हो गई हैं, मध्यप्रदेश में भी जल्द ही मोहन यादव की सरकार बन जाएगी, लेकिन राजस्थान में ऊंट किस करवट बैठेगा, यह इन पंक्तियों के लिखे जाने तक तय नहीं हो सका है।

# यह तो जातिवाद का विरोध नहीं, हिमायत है!

मेरे लिए देश की चार सबसे बड़ी जातियां हैं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति गरीब हैं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति हैं युवा, मेरे लिए सबसे बड़ी जाति हैं, महिलाएं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति हैं किसान।' और 'इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। अगर चार का हो जाएगा तो इसका मतलब सब का हो जाएगा।' प्रधानमंत्री मोदी ने हाल के विधानसभाई चुनावों के नतीजे आने से ऐन पहले, विकसित भारत संकल्प यात्रा के सिलसिले में 'लाभार्थियों' से अपने बहुप्रचारित संवाद के क्रम में, जातियों की अपनी यह नयी, परिभाषा और पहचान पेश की थी। कहने की जरूरत नहीं है कि जब प्रधानमंत्री बार-बार 'सबसे बड़ी जाति', 'सबसे बड़ी जाति' कहते हैं, तो वह एक प्रकार से यही दावा कर रहे होते हैं कि उनकी नजर में अगर कोई वास्तविक जातियां हैं तो यही चार हैं और बाकी जिन्हें जातियों के रूप में सब अब तक मानते आए हैं, वे अगर मिथ्या नहीं भी हों तो भी, इस 'बड़ी' सच्चाई के सामने, कमतर सच्चाइयां जरूर हैं। इस तरह, नयी जातियां गढ़कर, जातियों की पारंपरिक पहचान के सामने खड़ी करने और इसके जरिए, जाति व्यवस्था की सच्चाई को ही नकारने की यह कसरत, प्रधानमंत्री ने उसके बाद से इस तरह बार-बार दोहराई है कि इसके वास्तविक अर्थ पर गौर करना जरूरी हो जाता है।

वास्तव में इस सिलसिले की शुरूआत तो हाल के विधानसभाई चुनावों के और खासतौर पर तीन हिंदीभाषी राज्यों में चुनाव के प्रचार के दौरान ही हो गई थी। जब इन हिंदीभाषी राज्यों में भाजपा की मुख्य राजनीतिक/चुनावी प्रतिद्वंद्वी की हैसियत से कांग्रेस ने जाति गणना का मुद्दा प्रमुखता से उठाना शुरू किया और उसकी सरकारों ने अपने-अपने राज्यों में जाति-आधारित गणना कराने का ऐलान कर दिया और आम तौर पर इस पार्टी ने जाति गणना कराने का जोर-शोर से वादा करना शुरू कर दिया और बिहार में जाति सर्वे के नाम से जाति गणना के आंकड़े प्रकाशित किए जाने के साथ, जाति गणना का प्रश्न चुनावी रूप से भी महत्वपूर्ण हो जाने के आसार दिखाई देने लगे, इस मुद्दे के संभावित प्रभाव की काट करने के लिए प्रधानमंत्री ने, 'असली जाति' बनाम 'झूठी जाति' की उक्त जुमलेबाजी की शुरूआत की थी। यह दूसरी बात है कि इसके साथ ही घनघोर बौद्धिक मौकापरस्ती का परिचय देते हुए प्रधानमंत्री, इसकी दुहाई देने का भी कोई मौका नहीं छोड़ रहे थे कि वह चूंकि एक 'गरीब ओबीसी' हैं, इसीलिए विपक्ष के हमलों के निशाने पर हैं! इसके साथ ही साथ, प्रधानमंत्री जाति गणना की मांग को बांटने वाली और वास्तव में इशारों में बहुसंख्यक हिंदुओं को बांटने वाली गणना बताने में भी लगे हुए थे।

यह दूसरी बात है कि इसके बावजूद, जाति गणना के सीधे विरोध में आने से बचते हुए, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत भाजपा नेतागण, यह मनवाने में भी लगे हुए थे कि वे जाति गणना के खिलाफ नहीं थे, जिसका सबूत यह था कि जब नीतीश कुमार ने बिहार में जाति सर्वे कराने का निर्णय लिया था, गठबंधन में उनकी सहयोगी की हैसियत से, भाजपा की भी सहमति से ही उक्त निर्णय लिया गया था। यह दिखावा इसके बावजूद किया जा रहा था कि आम तौर पर जाति गणना का विरोध करने के अलावा, मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर, शुरू में बिहार के जाति सर्वे को अवैध बताने की कोशिश की थी, हालांकि बाद में इसके संभावित राजनीतिक/चुनावी परिणामों को भांपकर, केंद्र सरकार के हलफनामे के उक्त पैरा को 'गलती' कहकर वापस ले लिया गया था।



राजेंद्र शर्मा

> जाति व्यवस्था का सार, ऊंच-नीच पर आधारित सामाजिक स्तर विभाजन में है। लेकिन, संस्कृति या परंपरा या धर्म के नाम पर, इसका औचित्य सिद्ध करना संभव नहीं हो और इस सच्चाई को नकारना भी संभव न हो, तो जाति व्यवस्था को ही जातिगत पहचानों के ऐसे गट्ठर में तब्दील करने की कोशिश की जाती है, जिसमें साथ रखी गई जाति इकाइयां आपस में ऊंच-नीच के किसी दमनकारी रिश्ते में बंधी ही नहीं होती हैं।

बहरहाल, हाल के विधानसभाई चुनावों के नतीजे आने और खासतौर पर हिंदी पट्टी के तीन महत्वपूर्ण राज्यों—मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान—में भाजपा की प्रभावशाली जीत के बाद से, जाति-जनगणना के मुद्दे पर संघ-भाजपा खुले विरोध के अपने मूल रुख पर लौट आए लगते हैं। इस चुनाव के समय, जब संघ-भाजपा इस मुद्दे पर एक हद तक अपना बचाव ही करते नजर आते थे, कई टिप्पणीकारों का यह कहना था कि इन चुनावों में भाजपा को अगर धक्का लगता है या जाति गणना की मांग असरदार साबित होती है, तो आम चुनाव से पहले ही भाजपा खुद जाति गणना की पैरोकार बन जाएगी। लेकिन, चूंकि इस चुनाव में जाति गणना की मांग खास असरदार साबित नहीं हुई है, संघ-भाजपा इस गणना के खुले विरोध के अपने मूल रुख पर लौट गए लगते हैं। प्रधानमंत्री की असली जाति बनाम झूठी जाति की जुमलेबाजी, इसी का इशारा करती है।

यह किसी से छुपा हुआ नहीं है कि जाति गणना के मुद्दे पर संघ-भाजपा का और इसलिए मोदी सरकार का भी रुख, शुरू से ही विरोध का रहा था। यह रुख तब खुलकर सामने आ गया, जब पिछली यूपीए सरकार के आखिरी वर्षों में कराई गई सामाजिक-आर्थिक दर्जे की गणना के आंकड़ों का नीति-निर्धारण के लिए उपयोग करना तो दूर, मोदी सरकार ने इन आंकड़ों को ही 'गैर-भरोसेमंद' कहकर, सीधे-सीधे खारिज कर दिया। उल्टे मोदी के पहले कार्यकाल के शुरूआती सालों में ही आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने, संघ परिवार के मूल मनुवादी तथा इसलिए आरक्षणविरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए, आरक्षण की व्यवस्था के जारी रहने के औचित्य पर ही सवाल उठाते हुए, इसकी 'समीक्षा' का समय आ जाने का ऐलान कर दिया था।

लेकिन, उसके कुछ ही समय बाद हुए बिहार के विधानसभाई चुनाव में, भागवत के उक्त ऐलान के नुकसान को कम करने के लिए उन्हें जितनी तथा जैसी सफाइयां देनी पड़ी थीं, उससे संघ-भाजपा ने यह समझ लिया था, सीधे आरक्षण की व्यवस्था का विरोध करना राजनीतिक रूप से असह्य रूप से महंगा पड़ सकता है। उसके बाद से उन्होंने सीधे आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना या उस पर सवाल उठाना तो बंद कर दिया है, लेकिन कथित ऊंची जाति के गरीबों के 'सुदामा आरक्षण' जैसी व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने के जरिए परोक्ष रूप से, ऐतिहासिक सामाजिक दमन की सच्चाई और उसके शमन के साधन के रूप में आरक्षण की व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिशें फिर भी जारी रही हैं। जानी-पहचानी जाति विभाजन की सच्चाई के सामने, गरीबों या महिलाओं या युवाओं या किसानों की वंचितता को खड़ा करने की प्रधानमंत्री की जुमलेबाजी, उक्त कोशिशों की ही निरंतरता में है।

यह बात याद रखने वाली है कि प्रधानमंत्री जब जाति की जानी-पहचानी सच्चाई के सामने, 'बड़ी' या 'ऊंची' सच्चाई के रूप में किसानों या गरीबों या महिलाओं या युवाओं की चिंता को रखने की लफ्फाजी करते हैं, तो वह किसानों, गरीबों आदि की चिंताओं को रेखांकित करने की नहीं बल्कि जाति व्यवस्था की सब की जानी-पहचानी सच्चाई को ही नकारने की कोशिश कर रहे होते हैं। यह संघ-भाजपा के बुनियादी विचारधारात्मक रुख के ही अनुरूप है, जो मनुवाद पर या ब्राह्मणवाद पर आधारित है और इसलिए, भारतीय समाज में जाति व्यवस्था की सच्चाई को ही नकारने की कोशिश करता है; सीधे-सीधे इसका औचित्य सिद्ध करना मुश्किल जो है।

सभी जानते हैं कि जाति व्यवस्था का सार, ऊंच-नीच पर आधारित सामाजिक स्तर विभाजन में है। लेकिन, संस्कृति या परंपरा या धर्म के नाम पर, इसका औचित्य सिद्ध करना संभव नहीं हो और इस सच्चाई को नकारना भी संभव न हो, तो जाति व्यवस्था को ही जातिगत पहचानों के ऐसे गट्ठर में तब्दील करने की कोशिश की जाती है, जिसमें साथ रखी गई जाति इकाइयां आपस में ऊंच-नीच के किसी दमनकारी रिश्ते में बंधी ही नहीं होती हैं।

संघ-भाजपा ने, एक ओर एक दमनकारी व्यवस्था के रूप में जाति व्यवस्था की सच्चाई को नकारते हुए भी, इस दमनकारी रिश्ते से काटकर, जातिगत पहचानों को ही अपने साथ गोलबंद करने में खासी महारत हासिल कर ली है। जातिगत पहचानों के साथ इस तरह का रिश्ता, एक ओर अलग-अलग जाति-आधारित समूहों का समर्थन हासिल करना संभव बनाता है और दूसरी ओर, वंचित जाति समूहों के भी जाति-व्यवस्था के विरुद्ध आवेग को वैचारिक रूप से बधिया करने का काम करता है। यह जातिवाद का विरोध या उस पर हमला नहीं, जाति व्यवस्था का बचाव, उसकी हिमायत ही है। नरेंद्र मोदी की नयी 'सबसे बड़ी' जातियों की खोज, कथित नयी बड़ी जातियों को तो कुछ नहीं देगी, जाति व्यवस्था विरोधी आवेगों से, जिनमें जाति गणना, आनुपातिक आरक्षण की मांग आदि शामिल हैं, इस व्यवस्था को बचाने का ही काम करेगी।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# कॉप 28 जलवायु परिवर्तन पर सैन्यीकरण के प्रभाव का संज्ञान लेने में विफल

■ **डॉ. अरुण मित्रा**

यह स्वागत योग्य है कि दुनिया भर से 80000 से अधिक प्रतिभागी जलवायु संकट को कम करने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए दुबई में एकत्र हुए हैं, जिसे अगर रोका नहीं गया तो विनाशकारी होगा। यह घटना ऐसे समय में हो रही है जब महज 2600 किलोमीटर की दूरी पर गाजा में इजरायल द्वारा निर्दोष नागरिकों पर बमबारी के परिणामस्वरूप भयावह मानवीय संकट सामने आ रहा है। इससे 16000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गये हैं जिनमें से 70 फीसदी महिलाएं और बच्चे हैं और इसने बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है जिससे लोग बेघर हो गये हैं।

कोई भी सैन्य गतिविधि जलवायु संकट को बढ़ाती है। अब तक यह सर्वविदित है कि वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में सैन्य गतिविधि का योगदान 5.5 फीसदी होने का अनुमान है। हाल के वर्षों में हमने दुनिया भर में सैन्य खर्च में पर्याप्त वृद्धि देखी है। फिलहाल यह पहले से कहीं ज्यादा है। 2022 में विश्व सैन्य व्यय बढ़कर 2240 बिलियन डॉलर हो गया, जिसमें से 82.9 बिलियन डॉलर अकेले परमाणु हथियारों पर खर्च किये गये।

सरकारों द्वारा सैन्य व्यय पर रिपोर्टिंग हमेशा एक गुप्त मामला होता है और 'सुरक्षा कारणों' से सैन्य संबंधी गतिविधियों की रिपोर्टिंग में कोई पारदर्शिता नहीं होती है। ग्लोबल रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड कॉन्फ्लिक्ट और पर्यावरण वेधशाला के वैज्ञानिकों के डॉ. स्टुअर्ट पार्किंसन और लिन्से कॉटरेल ने एक अध्ययन 'सैन्य के वैश्विक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन का आकलन' में बताया है कि यदि दुनिया की सेनाएं एक देश होतीं, तो इस आंकड़े का मतलब होता कि उनके पास दुनिया में चौथा सबसे बड़ा राष्ट्रीय कार्बन फुटप्रिंट- रूस से भी अधिक होता। शोधकर्ताओं ने पाया कि यूक्रेन युद्ध के पहले 12 महीनों में 1190 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्पादन हुआ, जितना कि बेल्जियम ने इसी अवधि में उत्पादित किया था।

> वैश्विक हथियारों की होड़ से स्वास्थ्य और जलवायु को ख़तरा है। निरस्त्रीकरण और विसैन्यीकरण से जलवायु शमन के वित्तपोषण में मदद मिल सकती है। सहयोग और मानव सुरक्षा राजनीति और निर्णय लेने के केंद्र में होनी चाहिए। कॉप 28 को कम से कम कॉप 29 के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करने के लिए एक आयोग का गठन करना चाहिए।

यह सैन्य उत्सर्जन को मजबूती से मापने और संबंधित कार्बन पदचिह्न को कम करने के लिए ठोस कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है- खासकर जब ये उत्सर्जन यूक्रेन में युद्ध और गाजा में इजरायली आक्रामकता के मद्देनजर बढ़ने की संभावना है।

इसलिए यह जरूरी है कि कॉप 28 में विचार-विमर्श के दौरान निरस्त्रीकरण को मुख्य स्थान दिया जाना चाहिए। पिछला कॉप 27 भी निरस्त्रीकरण पर कोई बयान जारी करने में विफल रहा था और ऐसा प्रतीत होता है कि इस बार भी वैसा ही अंतिम परिणाम होगा। हालांकि इस बार इंटरनेशनल फिजिशियन फॉर द प्रिवेंशन ऑफ न्यूक्लियर वॉर (आईपीपीएनडब्ल्यू) सहित कुछ संगठनों ने इस मुद्दे को उजागर करने का एक मुद्दा बनाया, अगर मुख्य मंच पर नहीं, तो कम से कम प्रतिभागियों के बीच।

यह अजीब बात है कि कॉप 28 में एक घोषणा को अपनाया गया जिसमें राष्ट्रों से स्वास्थ्य क्षेत्र में अपने ग्रीन-हाउस गैस उत्सर्जन को तेजी से, स्थायी रूप से और पर्याप्त रूप से कम करने का आह्वान किया गया। ऐसा तब हुआ है जब सैन्य गतिविधि द्वारा कुल उत्सर्जन के 5.5 फीसदी की तुलना में वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र द्वारा 4.4 फीसदी उत्सर्जन होता है। जबकि सैन्य गतिविधि मारने के लिए है, स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र जीवन को बनाये रखने के लिए है।

आईपीपीएनडब्ल्यू ने आगे चेतावनी दी है कि युद्ध जारी रहने से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा हो सकता है जो विनाशकारी होगा। इरा हेलफैंड पूर्व सह-अध्यक्ष इंटरनेशनल फिजिशियन फॉर द प्रिवेंशन ऑफ न्यूक्लियर वॉर (आईपीपीएनडब्ल्यू) और पर्यावरण विज्ञान विभाग, रटगर्स यूनिवर्सिटी, यूएसए के एलन रोबॉक द्वारा किये गये एक अध्ययन, 'क्षेत्रीय परमाणु युद्ध के जलवायु परिणाम' ने बताया है कि पृथ्वी पर मौजूद वर्तमान परमाणु हथियार जलवायु के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं और इस प्रकार सभी जीवन रूपों के लिए खतरा पैदा करते हैं। 100 हिरोशिमा आकार के परमाणु हथियारों का उपयोग करके भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु आदान-प्रदान दो अरब लोगों को खतरे में डाल देगा; प्रमुख परमाणु शक्तियों के बीच कोई भी परमाणु आदान-प्रदान हजारों वर्षों के मानव श्रम के माध्यम से निर्मित आधुनिक सभ्यता का अंत हो सकता है। विस्फोटों और परिणामी आग के कारण वातावरण में घुली कालिख और मलबा सूरज की रोशनी को पृथ्वी तक पहुंचने से रोक देगा, जिससे औसत सतह -1.25 डिग्री सेंटीग्रेड तक ठंडी हो जायेगी जो कई वर्षों तक बनी रहेगी। यहां तक कि 10 साल बाद भी, सतह का औसत तापमान -0.5 डिग्री सेंटीग्रेट के स्तर पर लगातार ठंडा रहेगा। इससे वैश्विक स्तर पर वर्षा में 10 फीसदी की कमी आयेगी और फसल बर्बाद हो जाएगी, जिससे भुखमरी और मौतें होंगी।

इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि कॉप 28 को परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलन का आह्वान करना चाहिए और परमाणु हथियार रखने वाले देशों को परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (टीपीएनडब्ल्यू) में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बातचीत को बढ़ावा देना चाहिए।

जब ऊर्जा के गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों पर स्विच करने की बात होती है, तो कॉप 28 के भीतर एक लॉबी है जो परमाणु ऊर्जा के महत्व पर बोलती है। यह एक झूठी और खतरनाक कहानी है। परमाणु ऊर्जा जलवायु परिवर्तन का कोई समाधान नहीं है। इसके गंभीर स्वास्थ्य परिणाम होते हैं और परमाणु प्रसार का खतरा बढ़ जाता है। परमाणु ऊर्जा महंगी और अविश्वसनीय है, समग्र बिजली उत्पादन के सापेक्ष महत्व खो रही है, तथा लागत-प्रभावशीलता और उत्पादन के मामले में नवीकरणीय ऊर्जा से पीछे है और है इसलिए आउट डेटेड है। इसलिए यह आवश्यक है कि दुनिया नये परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण बंद कर दे, परमाणु ऊर्जा उत्पादन को तेजी से चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दे, और एक उचित नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ जाये।

हमें 1.5 डिग्री की सीमा के भीतर रहने के लिए 2030 तक उत्सर्जन में आधी कटौती करने की आवश्यकता है और इस तरह धरती की सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य सुनिश्चित करना होगा। माउंट एवरेस्ट क्षेत्र के ग्लेशियरों पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव का वीडियो संदेश 'हमें अग्रिम पंक्ति के लोगों की सुरक्षा के लिए और वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री तक सीमित करने के लिए, जलवायु अराजकता की सबसे खराब स्थिति को रोकने के लिए अभी कार्य करना चाहिए' दुनिया भर के अरबों लोगों की आवाज को व्यक्त करता है। जो जाने-अनजाने में जलवायु संकट के परिणामस्वरूप प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसी बीमारी है जिसे केवल आप, वैश्विक नेता ही ठीक कर सकते हैं।' उन्होंने नेताओं से जीवाश्म ईंधन पर दुनिया की निर्भरता को खत्म करने और जलवायु न्याय के लिए लंबे समय से लंबित वादे को पूरा करने का आह्वान किया।

कॉप 28 के उद्घाटन दिवस पर प्रतिनिधियों ने दुनिया के सबसे कमजोर देशों को जलवायु आपदा के विनाशकारी प्रभावों से होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति करने के लिए एक कोष के संचालन हेतु एक समझौते पर सहमति व्यक्त की, जो एक हद तक स्वागत योग्य कदम है। हालांकि यह अंतिम समाधान नहीं है। इसकी त्रुटियों का विकसित देश तो लाभ उठा लेंगे, लेकिन विकासशील दुनिया अपने ही नागरिकों के लिए विकास की दौड़ में पीछे रह जायेंगे।

वैश्विक हथियारों की होड़ से स्वास्थ्य और जलवायु को ख़तरा है। निरस्त्रीकरण और विसैन्यीकरण से जलवायु शमन के वित्तपोषण में मदद मिल सकती है। सहयोग और मानव सुरक्षा राजनीति और निर्णय लेने के केंद्र में होनी चाहिए। कॉप 28 को कम से कम कॉप 29 के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करने के लिए एक आयोग का गठन करना चाहिए।

## पावन प्रसंग

# कठिन समय का सामना कुछ ऐसे करें

यह जीवन ईश्वर का एक अद्‌भुत उपहार है। जो परिस्थितियों के जटिल चक्रव्यूह से होकर आगे बढ़ता रहता है जिसमें कभी खुशी तो कभी गम कभी हार तो कभी जीत, कभी उतार तो कभी चढ़ाव आते रहते हैं। घटनाक्रमों के इन सिलसिलों के बीच कठिन एवं विकट पल भी आते हैं जब जीवन दूभर हो जाता है। यदि व्यक्ति ऐसे समय में नहीं संभला तो उसको टूटते-बिखरते देर नहीं लगती, लेकिन सही समझ व धैर्य के साथ इसका सामना किया जाए, तो यही विषय पल व्यक्ति के उत्कर्ष का माध्यम बन जाते हैं और जीवन के उच्चतम सत्य की ओर ले जाते हैं। जीवन के विकट पल हमारे लिए उत्थान व उत्कर्ष का अवसर बनें, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है। जिसमें सर्वप्रथम है परिस्थिति को स्वीकार करना। जो भी विवाद घटना या जीवन के कठिन पल हैं, उन्हें स्वीकार करें। इसे ईश्वर का दिया हुआ उपहार मानें या अपने कर्मों से जुड़ा गहन रहस्य समझें, जो जीवन की नई समझ देने के लिए आया है।

इस समझ व स्वीकृति के साथ ही संघर्ष की नई ऊर्जा का संचार होता है। विकट परिस्थिति को अपनी नियति का एक हिस्सा मानते ही चुनौती के रूप में आभासित पल आगे बढ़ने के अवसर बन जाते हैं। इन कठिन पलों में अपनों का संग-साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अपने परिवारजनों, मित्रों व शुभचिंतकों का संग इन पलों से उबरने में निर्णायक भूमिका निभाता है। इनसे प्राप्त भावनात्मक सिंचन जीवन कली को मुरझाने नहीं देता। इनका सहारा टूटने-बिखरने के कगार पर खड़े अस्तित्व को संभाले रहता है, लेकिन दूसरों के सहारे ही जीवन की नैया पार होगी। ऐसी भी गलतफहमी नहीं पाली जा सकती है। जीवन का सामना अंतत: अपने दमखम पर ही करना होता है और दूसरों के साथ की अपनी सीमा रहती है। इसके लिए स्वयं को समय देना अभीष्ट हो जाता है। कठिन समय में जीवन के बिखरने व टूटने का खतरा रहता है ऐसे में अपने तन-मन व जीवनचर्या पर आवश्यक ध्यान रखें। उचित आहार-विहार, शारीरिक सक्रियता, विश्राम एवं नींद का सहारा लें। शरीर के साथ मन का श्रेष्ठ नियोजन करें। अपने कर्तव्य कर्मों में निमग्न रहें। ये सब अनावश्यक तनाव-अवसाद से बचाए रखते हैं। नियमित कागज पर अपने मनोभावों को लिखने का अभ्यास करें। इनके साथ मन का गुबार बाहर निकलता है तथा चित्त का बोझ हलका होता है और आप बेहतर अनुभव करते हैं। प्रकृति की गोद में कुछ समय अवश्य बिताएं, जो मन की शांति स्थिरता के लिए संजीवनी का काम करता है। साथ ही जीवव के अर्थ व उद्‌देश्य को तलाशें, जो व्यक्ति को जीवन की गहराइयों में प्रतिष्ठित करता है और एक सार्थकता की अनुभूति के साथ मनोबल व आत्मबल केअवदान दे जाता है। इसके लिए नियमित रूप से आत्मनिरीक्षण से लेकर आत्मसुधार एवं निर्माण का न्यूनतम कार्यक्रम निर्धारित करें। दैनिक क्रियाकलापों में अपनी रूचियों को स्थान दें। ये जीवन में एक नया रस व रंग घोलने का काम करते हैं। नित्य इनके लिए कुछ समय-अवश्य दें, ये जीवन में एक नई ताजगी व उल्लास भरने वाले उपक्रम साबित होंगे। इसके साथ स्वयं को सतत प्रेरित रखें। श्रेष्ठ पुस्तकों को पढ़ें व प्रेरक लोगों की संगत तलाशें। एक समय एक कदम उठाएं तथा जीवन की छोटी-छोटी विजय को हासिल करते चलें। ये जीवन के प्रति आशा व उत्साह से लबरेज रखने का माध्यम बनेंगे।

जीवन को अत्यधिक गंभीरता से न लें तथा स्वयं के प्रति उदारता का भाव रखें। साथ ही दूसरों के प्रति कृतज्ञता का भाव अपनाएं। ये सब जीवन को सरस-सुखद बनाए रखने में सहायक बनते हैं। साथ ही कठिन दौर में कुछ बातों को याद रखें। आप पहले भी ऐसी व इससे भी कठिन परिस्थितियों को पार कर चुके हैं और आप पुन: इससे बाहर निकल जाएंगे। इस समय आप कितना भी बदतर क्यों न अनुभव कर रहे हों, यह समय हमेशा ऐसा नहीं रहने वाला और विश्वास रखें कि आप वर्तमान समस्या से अधिक महान हैं, अधिक विराट एवं शक्तिशाली हैं। यह भी मानकर चलें कि मन की शांति पर डाका डालने वालों में सबसे बड़ा खलनायक काल्पनिक भय रहता है। भय के साथ कल्पित 90 प्रतिशत बातें कभी घटित नहीं होतीं। अत: मन की इस माया को समझें व कल्पित भय पर काबू पाने की कोशिश करें।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# आर्टिकल 370 को निरस्त करने के राष्ट्रपति के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने वैध ठहराया

संविधान अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने संबंधी याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट की पांच खंडपीठ ने वैध ठहराया। सुप्रीम कोर्ट संविधान के आधार पर फैसला देती है इसमें कोई गुंजाइश इसलिए नहीं होती है कि झूठ को सत्य साबित नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ पर पूरे देश की नजर थी। न्यायमूर्ति ने फैसला सुनाते ही चार साल की ऊहापोह शान्त हो गई। कश्मीर में मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया गया। पूरे देश में खुशी पसरी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राष्ट्रपति के सभी फैसला को न्यायसंगत मानते हए मोहर लगा दी है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि अनुच्छेद 370 अस्थायी प्रावधान है और यह सरकार की अंतरिम व्यवस्था थी और पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध के हालात में इसकी जरूरत आ पड़ी। भारत में विलय के बाद जम्मू-कश्मीर की कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं बची थी। न्यायमूर्ति ने केंद्र सरकार का बखान कर कहा कि केंद्र सरकार का काम करना संवैधानिक रूप से योग्य था। राष्ट्रपति को दिए अपने पावर को टेकओवर करने में कानूनी बाधा नहीं है। जब से सुप्रीम में याचिका दाखिल की गई है। तब से देश में कानाफूसी बढ़ गई थी। लोग तरह-तरह की बातें करते थे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का फैसला आते ही सबसे पहले कश्मीर के लोगों में खुशी दिखाई दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा को सूचना दिए बिना केन्द्र का निर्णय सर्वोपरि मानते हुए सर्वोच्च अदालत ने जायज ठहराया। केंद्र की गरिमा बरकरार रखी गई। उपरोक्त फैसले से केंद्र की सर्वोच्चता स्थापित हुई है और लोगों का केंद्र पर भरोसा प्रगाढ़ हुआ है। अभी केंद द्वारा जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की चर्चा है। चुनाव भी करवाये जा सकते हैं। संसद से पारित कानूनों को जम्मू-कश्मीर पर राष्ट्रपति के आदेश के बाद लागू किए गए हैं। यह एक महत्वपूर्ण घटक है। केंद सरकार संविधान के दायरे में रह कर कोई भी फैसला लेती है इसलिए सुप्रीम कोर्ट इस विषय पर स्पष्टीकरण करते हुए केंद्र के कार्य की सराहना की है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**


प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## ट्रंप ने न्यूयार्क नागरिक धोखाधड़ी मामले में बदला मन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि उनके खिलाफ नागरिक धोखाधड़ी के मुकदमे में अपने गवाही देने के लिए न्यूयॉर्क की अदालत में अपनी निर्धारित उपस्थिति रद्द करने का मन बना लिया है। सीएनबीसी के हवाले से ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने कहा, मैं सोमवार को गवाही नहीं दूंगा। श्री ट्रम्प को उनकी संपत्तियों के मूल्य के बारे में कथित तौर पर गलत बयान देने के लिए न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स द्वारा उनके खिलाफ लाए गए एक नागरिक धोखाधड़ी मुकदमे में गवाही देने के लिए तैयार किया गया था।



# रूस ने गाजा में अंतरराष्ट्रीय निगरानी मिशन का आह्वान किया





**मास्को,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। इजरायल-हमास संघर्ष के बीच गाजा में मानवीय स्थिति का आकलन करने के लिए रूस ने रविवार को एक अंतरराष्ट्रीय निगरानी मिशन का आह्वान किया और कहा कि इजरायल द्वारा फिलिस्तीनी लोगों को दंडित करने के लिए हमास के सात अक्टूबर के हमले को कारण बताना अस्वीकार्य है। यह जानकारी स्पूतनिक ने सोमवार को दी। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सात अक्टूबर के हमास द्वारा किए गए हमले की निंदा की, हालांकि, साथ ही उन्होंने कहा कि हम अंधाधुंध गोलाबारी के साथ लाखों फिलिस्तीनियों को दी जा रही सामूहिक सजा के लिए इस घटना को कारण बताना स्वीकार नहीं करते हैं।

**हमास के सात अक्टूबर के हमले को कारण बताना अस्वीकार्य बताया**

श्री लावरोव ने दोहा फोरम सम्मेलन में रविवार को अल जज़ीरा में प्रसारित एक साक्षात्कार में कहा कि गाजा में मानवीय विराम और जमीनी स्तप पर निगरानी करने की आवश्यकता है।

श्री लावरोव ने कहा कि हमने महासचिव (एंतोनियो गुतारेस) को संबोधित किया और सुझाव दिया कि वह किसी प्रकार की निगरानी पर विचार करने के लिए अपने अधिकारों का उपयोग करें, लेकिन अब तक कोई फायदा नहीं हुआ है। उन्होने दशकों की नाकाबंदी और फिलिस्तीनी राज्य के अधूरे वादों की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह शून्य में नहीं हुआ है। इस बीच, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत की और संयुक्त राष्ट्र में मॉस्को के दूतों द्वारा उठाए गए इजरायल विरोधी रुख पर नाराजगी व्यक्त की।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा गाजा युद्धविराम की मांग पर आज कर सकती है मतदान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्य गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच संघर्ष में तत्काल मानवीय युद्धविराम की मांग करने वाले एक मसौदा प्रस्ताव पर मंगलवार को मतदान कर सकते है। राजनयिकों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह कदम गाजा में तत्काल मानवीय युद्धविराम की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की मांग को अमेरिका द्वारा शुक्रवार को वीटो करने के बाद उठाया गया है। महासभा ने अक्टूबर में एक प्रस्ताव अपनाया जिसमें 121 पक्ष में, 14 विपक्ष में और 44 सदस्य अनुपस्थित रहे। प्रस्ताव में शत्रुता की समाप्ति के लिए तत्काल, टिकाऊ और निरंतर मानवीय संघर्ष विराम का आह्वान किया गया।

## इजरायली सेना की कार्रवाई में हमास कमांडर ढेर

**यरूशलेम।** इजरायली सेना ने सोमवार को दावा किया कि उसके बल की कार्रवाई में हमास की शेजैया बटालियन का कमांडर इमाद क्रिके मारा गया। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार इस घटना को आज अंजाम दिया गया। रिपोर्ट में उनकी कथित मौत के आसपास की परिस्थितियों को निर्दिष्ट नहीं किया गया है। पोस्ट में दावा किया गया कि बटालियन के पिछले कमांडर की मृत्यु के बाद अपनी भूमिका संभालने से पहले क्रिके पहले 'गाजा सिटी ब्रिगेड में एंटी-टैंक मिसाइल प्रशिक्षण के लिए जिम्मेदार' थे।

## गाजा-मिस्र सीमा पर केरेम शालोम चौकी खुली

यरूशलेम। इजरायली रक्षा मंत्रालय के क्षेत्रों में सरकारी गतिविधियों के समन्वय (सीओजीएटी) ने सोमवार को गाजा पट्टी और मिस्र की सीमा पर केरेम शालोम चौकी खोलने की पुष्टि की। एनबीसी ने पिछले सप्ताह एक उच्च पदस्थ अमेरिकी अधिकारी का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी थी कि इजरायल मानवीय सहायता के निरीक्षण और सत्यापन के लिए केरेम शालोम चेकपॉइंट खोलने पर सहमत हुआ है। सीओजीएटी ने एक्स पर लिखा, हमने गाजा में पहुंचाई जाने वाली सहायता के लिए निरीक्षण करने की अपनी क्षमताओं का विस्तार किया है। केरेम शालोम को खोला जाना है, इसलिए निरीक्षण की मात्रा दोगुनी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र को बेहतर करना होगा और लोगों को सहायता की आवश्यकता है।

## सुडोकू 6402

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | | 4 | |
| | | 5 | | 4 | | 6 | | |
| 4 | 3 | 8 | 2 | | | | | |
| | | | | 2 | | | 6 | |
| 7 | | 3 | | | | 1 | | 2 |
| | 4 | | | 8 | | | | |
| | | | | | 2 | 7 | 9 | 4 |
| | | 2 | | 3 | | 5 | | |
| | 6 | | 7 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 12 दिसम्बर, 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 15

### राशिफल

मेष - आज के दिन का आरंभ बहुत अच्छा होगा। शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा बना रहेगा। दोपहर के बाद नए काम करने की सलाह आपको नहीं दी जाती है। वाणी और व्यवहार पर संयम बरतें।

वृषभ - व्यापार में यश और सफलता मिलेगी। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा। विरोधियों को पीछे छोड़ पाएंगे। दोपहर बाद मनोरंजन में आपका ध्यान रहेगा।

मिथुन - आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रह सकते हैं।

कर्क - हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। जमीन और वाहनों से जुड़ी समस्या आपको हो सकती है।

सिंह - आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है। किसी लाभदायक निवेश में आप रुचि ले सकते हैं।

कन्या - आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा। परिजनों के साथ बातचीत में संयम बरतें।

तुला - आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। विचारों में दृढ़ता बनी रहेगी। नए वस्त्र, आभूषण या मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा।

वृश्चिक - आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें। दोपहर के बाद शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य में दिक्कत रहेगी।

धनु - व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा। व्यापारीवर्ग को भी लाभ होगा।

मकर - आज का दिन मैरीड कपल के लिए आनंदमयी रहेगा। परिजनों के साथ खुशी का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। व्यवसाय में अनुकूल समय है। नौकरी में साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

कुंभ - आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

मीन - आज आपको वाणी में संयम रखने की सलाह दी जाती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक उन्नति के लिए दिन अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अर्जेंटीना में जेवियर माइली की सरकार ने संभाली सत्ता

**ब्यूनस आयर्स,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जेवियर माइली के नेतृत्व में नयी सरकार ने शपथ ग्रहण कर ली है। एक स्थानीय अखबार नेसियोन ने अपनी रिपोर्ट मे बताया कि नयी सरकार में मंत्रालयों की संख्या 18 से घटाकर नौ कर दी गई है। पूर्व वित्त मंत्री और अर्जेंटीना के पूर्व राष्ट्रपति मौरिसियो मैक्री के अधीन केंद्रीय बैंक के पूर्व प्रमुख लुइस कैपुटो अर्थव्यवस्था मंत्री बनाये गये हैं। सुरक्षा मंत्रालय का नेतृत्व कर चुकी पेट्रीसिया बुलरिच राज्य के प्रमुख पद के लिए दौड़ में थीं लेकिन दूसरे दौर के मतदान में जगह बनाने में असफल रहीं। इससे पहले वह मैक्री सरकार में सुरक्षा मंत्री का पद संभाल चुकी हैं। लुइस पेट्री, जो उपराष्ट्रपति पद के लिए दौड़े में थे, उन्हें रक्षा मंत्री बनाया गया है। विदेश मंत्रालय का नेतृत्व डायना मोंडिनो को दिया गया है।न्याय मंत्री का पद मारियानो कुनेओ लिबरोना मो मिला जो एक प्रसिद्ध वकील हैं और जिन्होंने कई राजनेताओं के साथ-साथ पूर्व राष्ट्रपति कार्लोस मेनेम के रिश्तेदारों का बचाव किया था, जिन्हें माइली अर्जेंटीना के इतिहास में सबसे अच्छा राज्य प्रमुख मानते हैं। गिलर्मो फेरारो बुनियादी ढांचे के मंत्री बनाये गये हैं उनका विभाग परिवहन, सार्वजनिक कार्य, खनन और संचार सहित कई क्षेत्रों को एकजुट करेगा। मानव पूंजी मंत्रालय, जो शिक्षा, संस्कृति, श्रम बाजार और सामाजिक नीति पर ध्यान केंद्रित करेगा, का नेतृत्व सैंड्रा पेट्टोवेलो को दिया गया है जबकि स्वास्थ्य मंत्री का पद हृदय रोग विशेषज्ञ मारियो रूसो को दिया गया।

## हिलेरी क्लिंटन बाइडेन के पुनः चुनाव अभियान में निभाएंगी बड़ी भूमिका



**वाशिंगटन,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन राष्ट्रपति जो बाइडेन के 2024 के पुनः चुनाव अभियान में एक प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिला नेतृत्व मंच के समर्थन से वाशिंगटन, डी.सी. में अपने व्हाइट-हेवन एस्टेट में एक धन संचयन कार्यक्रम की मेजबानी की और बाइडेन के पुनः चुनाव के लिए दान में लगभग दस लाख डॉलर जुटाए। एनबीसी न्यूज के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भी धन संचयन के दौरान उपस्थित हुए। इस बीच न्यू जर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी ने कहा है कि रॉन डेसेंटिस को आयोवा कॉकस वोट में बने रहने की उम्मीद कम है। यहां मैं, ट्रम्प और निक्की होंगे।

**बाइडेन के चुनाव के लिए दान में लगभग दस लाख डॉलर जुटाए**

हिलेरी की धन उगाहने की क्षमता ही बाइडेन को एकमात्र समर्थन नहीं है, क्लिंटन भी बाइडेन के हाई-प्रोफाइल सरोगेट्स में से एक के रूप में आगे बढ़ रहे हैं।

बाइडेने को नए साल में अपने अभियान में एक कठिन क्षण का सामना करना पड़ रहा है, इसमें 18 से 29 वर्ष के बीच के युवा बड़े पैमाने पर सवाल उठा रहे हैं और लोगों की उम्र और संज्ञानात्मक क्षमताओं में कथित गिरावट के कारण लोगों के सामने आने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर शासन करने की ट्रम्प की क्षमताओं पर सवाल उठा रहे हैं और अन्य लोग बाइडेन पर सवाल उठा रहे हैं। उनकी आर्थिक नीतियों के कारण पिछले वर्ष नौ प्रतिशत की सर्वकालिक उच्च मुद्रास्फीति हुई। कुछ लोगों ने इज़राइल सरकार को उनके अटूट समर्थन पर भी सवाल उठाया है, जिसने गाजा में सैकड़ों और हजारों निर्दोष नागरिकों को भारी क्षति पहुंचाई है। 2020 में बाइडेन को वोट देने वाले फिलिस्तीनियों ने 2024 में उनका समर्थन नहीं करने की कसम खाई है।

## इंडोनेशिया पहुंचे तीन सौ से अधिक रोहिंग्या शरणार्थी

**बाली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। म्यांमार अल्पसंख्यक समुदाय के 300 से अधिक रोहिंग्या शरणार्थी कई सप्ताह तक समुद्र में भटकने के बाद पश्चिमी इंडोनेशिया के तट पर पहुंच गए हैं।

म्यांमार के करीब 180 शरणार्थियों का एक समूह स्थानीय समयानुसार शनिवार रात करीब आठ बजे नाव से आचे प्रांत के पिडी रीजेंसी के एक समुद्र तट पर पहुंचा और अन्य 135 शरणार्थी रविवार को पड़ोसी आचे बेसर रीजेंसी में उतरी। इनमें से ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। स्थानीय पुलिस प्रमुख रोली युइज़ा अवे ने टेलीफोन पर कहा कि अधिकारियों ने शरणार्थियों को किनारे पर रखा है। पिडी में स्थानीय सरकार ने पहले कहा था कि वह शरणार्थियों को तंबू या अन्य बुनियादी ज़रूरतें उपलब्ध कराने की ज़िम्मेदारी नहीं लेगी। उन्होंने कहा कि वे कोई भी खर्च वहन नहीं करेंगे और कोई आश्रय उपलब्ध नहीं है। स्थानीय अधिकारी और निवासी रोहिंग्या को अस्वीकार कर रहे हैं और उन्हें वापस जाने को कह रहे हैं, क्योंकि पिछले



**इनमें से ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल**


महीने एक हजार से अधिक लोग आ गए थे। बुधवार को आचे के सबांग द्वीप में लगभग 150 प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए क्योंकि उन्होंने रोहिंग्या शरणार्थियों को स्थानांतरित करने का आह्वान किया था। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के सुरक्षा सहयोगी फैसल रहमान ने कहा, हम लोगों को स्थिति समझाना जारी रखते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि शरणार्थियों से निपटने का बोझ उन पर न पड़े।

## चीन में शीतलहर के लिए ब्लू अलर्ट जारी

**बीजिंग,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। चीन के कुछ हिस्सों में तापमान में गिरावट की भविष्यवाणी के मद्देनजर शीत लहर के लिए 'ब्लू अलर्ट' जारी किया गया है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनएमसी) के अनुसार सोमवार से मंगलवार तक यांग्त्ज़ी नदी के दक्षिण के क्षेत्रों, पूर्वी गुइझोऊ प्रांत और दक्षिण चीन के उत्तरी हिस्सों के अधिकांश हिस्सों में तापमान 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट का अनुमान है।

हुनान प्रांत, गुइझोउ प्रांत और गुआंग्शी ज़ुआंग स्वायत्त क्षेत्र के कुछ हिस्सों में तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से अधिक गिर सकता है। एनएमसी ने स्थानीय प्रशासनों को ठंड के मौसम के प्रति सावधानी बरतने की सलाह दी साथ ही जनता से गर्म रहने के लिए कहा और उष्णकटिबंधीय फसलों और जलीय उत्पादों की सुरक्षा के लिए उपाय करने का आग्रह किया। चीन में शीत लहर के लिए चार स्तरीय रंग-कोडित मौसम चेतावनी प्रणाली है, जिसमें लाल सबसे गंभीर मौसम का प्रतिनिधित्व करता है, उसके बाद नारंगी, पीला और नीला होता है।

## वर्ग पहेली 6402



**बायें से दायें:-**

१. विवाह की एक रस्म
४. निरपराध,निर्दोष (उर्दू)
६. छुटकारा, मुक्ति (उर्दू)
७. जन्म देना,जनन
८. धनी, समृद्ध
१०. दहाड़
११. वीरान, निर्जन
१३. शिशु की अवस्था, बाल्यकाल
१४. ढीला, सुस्त
१५. चौकन्नापन, जागरुकता
१७. कबीर के पदों का संग्रह
१८. ध्वनि, शब्द
२१. बाजगरी
२२. गणेश
२४. राजा, सम्राट (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. निस्तेज, मुरझाया हुआ
२. झूठी बात
३. विवाह करना
४. जो लेन-देन के मामले में खरा न हो (उर्दू)
५. नाव खेने वाला, नाविक (उर्दू)
९. खून बढ़ाने वाला
११. कमल
१२. राहिल्य
१३. पार्वती, पर्वतपुत्री
१४. उलाहना (उर्दू)
१५. सर्वविदित, सबके सामने (उर्दू)
१६. बड़ा हाथी
१८. डांट, फटकार
१९. दखलंदाजी
२०. स्थान (उर्दू)
२३. देवदूत (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6401

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १आ | प | २बी | ती | ■ | ■ | ३से | ना | ४प | ति |
| श्वा | ■ | न | ■ | ५अ | पि | तु | ■ | वि | ■ |
| ६स | ब | ब | ■ | व | ■ | बं | ■ | ७त्र | ८प |
| न | ■ | जा | ■ | ९सं | ड़ा | ध | ■ | ■ | र्थ |
| ■ | १०पा | ना | ११गा | र | ■ | ■ | १२ला | ल | सा |
| ■ | की | ■ | र | ■ | १३इ | ला | ज | ■ | र |
| १४न | जा | १५क | त | ■ | त्या | ■ | ■ | १६सा | १७थी |
| शे | ■ | र्ज | ■ | १८वि | दि | १९त | ■ | ई | ■ |
| २०म | र्या | दा | ■ | का | ■ | २१र | स | दा | २२र |
| न | ■ | २३र | क्त | स | मू | ह | ■ | ■ | ब |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1618 – रूस और पौलेंड के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए।
1687 – ईस्ट इंडिया कंपनी ने मद्रास (अब तमिलनाडु भारत) में नगर निगम बनाया।
1790 – रूस-तुर्की युद्ध (1787-92)= 26,000 तुर्की सैनिकों ने इजैमेल के अलेक्जेंडर सवोरोव के तूफान के दौरान अपना जीवन खो दिया।
1816 – इंडियाना अमेरिका का 19वां राज्य बना।
1845 – प्रथम आंग्ल सिख युद्ध शुरू हुआ।
1911 – मिस्र के उपन्यासकार नजीब महफूज का जन्म। वह साहित्य का नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले अरबी लेखक बने।
1930 – सी वी रमन को भौतिकी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
1941 – द्वितीय विश्व युद्ध= जर्मनी और इटली ने संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1946 – डॉ? राजेन्द्र प्रसाद भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।
1946 – संयुक्त राष्ट्र द्वारा युनिसेफ की स्थापना की गई।
1967 – पश्चिम भारत में 6.5 की तीव्रता वाले भूकंप से 170 लोगों की मौत हुई।
1972 – अपोलो 17 (प्रतीक चिन्ह), अंतिम अपोलो चंद्रमा मिशन, चंद्रमा पर उतरा।
1983 – बँगला देश के मुख्य मार्शल लॉ प्रशासक मोहम्मद इर्शाद ने स्वयं को राष्टपति घोषित किया।
1994 – राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन के आदेश से रूसी सैनिकों ने चेचन्या में प्रवेश किया।
1997 – ग्रीन हाउस गैसों में कमी लाने के लिए क्योटो संधी पर हस्ताक्षर किए गए।
2001 – चीन को विश्व व्यापार संगठन में प्रवेश मिला।
2013 – भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 2009 के दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले को पलट दिया जिसमें सहमति से व्यक्तियों द्वारा समलैंगिक कृत्यों को वैध बनाया गया था।

**राजनीति** सड़क, रेल और जल यातायात रोकने की घोषणा की

## बीएनपी की देशव्यापी नाकाबंदी आज से होगी शुरू

**ढाका,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश में विपक्षी दल बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अन्य समान विचारधारा वाले दलों के साथ मंगलवार (12 दिसंबर) से देशव्यापी 36 घंटे की नाकाबंदी करने जा रही है जिसके तहत सड़क,रेल और जल यातायात की नाकाबंदी की घोषणा की गई है। यह 31 अक्टूबर से विपक्ष द्वारा शुरू किए गए नाकाबंदी कार्यक्रम का 11वां चरण है। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिज़वी ने एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि नाकाबंदी मंगलवार सुबह छह बजे शुरू होकर बुधवार शाम छह बजे समाप्त होगी।

श्री रिजवी ने कहा कि सात जनवरी को होने वाले चुनाव को संभालने में सरकार की भूमिका में व्यापक गिरफ्तारियां और जेल सुविधाओं के भीतर और बाहर चल रही यातनाएं शामिल हैं। श्री रिजवी के मुताबिक, इन कार्रवाइयों के पीछे अंतर्निहित मकसद मतदाताओं के मन में डर पैदा करना है। विरोधी विचारों के सरकार के कथित दमन के जवाब में, श्री रिज़वी ने मानव श्रृंखला कार्यक्रम में हस्तक्षेप और ढाका और देश के अन्य हिस्सों में श्रमिकों के अनुचित उत्पीड़न की घटनाओं की सूचना दी। रविवार को बीएनपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर ढाका में एक मानव श्रृंखला बनाई। नेशनल प्रेस क्लब के सामने आयोजित इस



कार्यक्रम में प्रमुख बीएनपी नेता और जबरन गायब किए जाने और राजनीतिक हत्याओं के पीड़ितों के परिवार के सदस्य शामिल हुए। मानव श्रृंखला कार्यक्रम के परिणामस्वरूप, नेशनल प्रेस क्लब के पास सड़क के एक तरफ को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के नेता और कार्यकर्ता प्रेस क्लब के पास एकत्र हुए। दिन भर बीएनपी सदस्यों ने छोटे-छोटे मार्च निकाले और सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाए। कार्यक्रम की आधिकारिक शुरुआत में पवित्र कुरान का पाठ किया गया, जिसकी अध्यक्षता बीएनपी स्थायी समिति के सदस्य सेलीमा रहमान ने की। इस दौरान उन्होंने कहा देश के लोग, फांसीवादी सरकार के खिलाफ एकजुट हैं। मानवाधिकार उल्लंघन के मामले में बांग्लादेश नंबर वन है. हम सड़क पर हैं, हम सड़क पर रहेंगे। हम जुलूस निकालकर बांग्लादेश को घेरेंगे। हालाँकि, हम इस सरकार के चुनाव को स्वीकार नहीं करेंगे। सुश्री रहमान ने कहा, बीएनपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को जेल में उचित अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं। आज देश की न्यायपालिका एक व्यक्ति के आदेश के तहत चल रही है. बांग्लादेश की तरह दुनिया में कहीं भी मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं होता है।

**समान विचारधारा वाले दल भी आए साथ**

## दुनिया को जानें

### ब्रिटिश शिक्षाविदों ने वैश्विक एआई विनियमन का किया आह्वान

**लंदन,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। यूरोपीय संघ के सांसदों और सदस्य देशों द्वारा शुक्रवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को विनियमित करने वाले नियमों पर समझौते का ब्रिटिश शिक्षाविदों ने स्वागत किया है, जो इसे व्यापक वैश्विक विनियमन की दिशा में एक सकारात्मक कदम मानते हैं लेकिन वैश्विक मानक और सहयोग की आवश्यकता पर बल देते हैं। एलिसन लुई, लिवरपूल जॉन मूरेस विश्वविद्यालय (एलजेएमयू) में ग्लोबल इंगेजमेंट एसोसिएट डीन और कॉर्पोरेट और वित्तीय कानून में रीडर, ने इस समझौते को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को विनियमित करने की दिशा में पहली वैश्विक कोशिश करार दिया, जो निश्चित रूप से एक अच्छी शुरुआत है। उन्होंने कहा एआई के संबंध में, बहुत सारे जोखिम हैं और उनमें से कई हमारे लिए अज्ञात हैं, इसलिए आम लोग और उपभोक्ताओं को संरक्षित करने की आवश्यकता है। कानून के रूप में विनियमन होने का लाभ यह है कि यह सभी को स्पष्टता प्रदान करता है।

# प्रादेशिकी

## महिला आयोग अध्यक्ष ने किया जेल का निरीक्षण, महिला कैदियों से बात की

हल्द्वानी। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने उप कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला कैदियों से बात भी की। इस दौरान उन्होंने जेल की व्यवस्थाएं भी परखी। भोजन, स्वास्थ्य आदि की भी जानकारी ली। सोमवार को राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने उप कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान जेल में बंद महिला कैदियों ने महिला आयोग की अध्यक्ष से न्याय की गुहार लगाई। महिला कैदियों ने कहा कि उनसे भूलवश गलती हुई है जिसका उन्हें प्रायश्चित भी है। ऐसे में उन्होंने आयोग की अध्यक्ष से न्यायालय में जल्द से जल्द न्याय दिलाने की मांग की। वहीं कुसुम कंडवाल ने कहा कि महिला आयोग परिवारों को जोडने का काम करता है। कई परिवारों को अब तक जोड़ा गया है।

### चुनावी शंखनाद रैली में कांग्रेस का मोदी सरकार पर हमला

# हिमाचल को अपना दूसरा घर बताने वाले पीएम ने नहीं ली सुध

**धर्मशाला,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार का एक साल का कार्यकाल आज पूरा हो गया। कार्यकाल पूरा होने पर कांग्रेस ने धर्मशाला राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन कर लोकसभा चुनाव का शंखनाद कर दिया है। धर्मशाला में आयोजित समारोह के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमले किए। सीएम सुक्खू पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह, वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला व मुकेश अग्निहोत्री आदि सभी वक्ताओं ने आपदा राहत के मुद्दे पर केंद्र सरकार को जमकर कोसा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि एक ओर जहां पीएम नरेंद्र मोदी हिमाचल को अपना दूसरा घर बताते हैं वहीं दूसरी ओर प्राकृतिक आपदा के दौरान उन्होंने प्रदेश को आर्थिक मदद देने में गुरेज किया। यहां तक कि विशेष आर्थिक मदद प्रदान करने के बारे हिमाचल विधानसभा के प्रस्ताव को नजरअंदाज किया गया। प्रदेश भाजपा के नेता भी इस मामले में खामोश हैं। रैली को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा कि वह आपदा राहत के मुद्दे पर न सिर्फ दिल्ली में हिमाचल भाजपा सांसदों और प्रधानमंत्री से भी मिली है, लेकिन पीएम मोदी ने उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। उनके संसदीय क्षेत्र



■ केंद्र से आपदा राहत पैकेज न मिलने पर जताई आपत्ति

में आपदा से भारी नुकसान हुआ है। प्रदेश सरकार ने अपने संसाधनों से आपदा पीड़ितों की मदद की। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला ने कहा कि सीएम सुक्खू दो बार प्रधानमंत्री से मिले और विशेष आर्थिक मदद प्रदान करने की गुहार उनसे लगाई, मगर केंद्र ने हिमाचल को मदद देने में संकोच बरता। रैली में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उन्होंने कहा कि जो दुख में आपका नहीं हो सकता व आपका कभी भी नहीं हो सकता। सीएम सुक्खू ने कहा कि विशेष आर्थिक मदद प्रदान करने के लिए वह स्वयं प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मिले,लेकिन केंद्र ने हिमाचल को कोई मदद नहीं दी। इसके विपरीत 2013 की केदारनाथ त्रासदी के वक्त उत्तराखंड की केंद्र ने जमकर मदद की । जाहिर है कि केंद्रीय मदद न मिलने का मलाल हिमाचल के तमाम नेताओं को है। रैली में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन और डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा हिमाचल में तीन विधानसभा व एक लोकसभा उपचुनाव हारी है, ऐसे में 2024 के लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस हिमाचल की चारों सीटों पर भाजपा को पटकनी देगी।

## सड़कों की डीपीआर तैयार होने के बाद विधायक कोई बदलाव नहीं करवा सकेंगे

■ नाबार्ड ने इस वित्त वर्ष के लिए 768 करोड़ की विधायक प्राथमिकता सड़कों को स्वीकृति प्रदान की

■ नया विधायक पिछले विधायक की ओर से दी गई प्राथमिकताओं को बदलवाते थे

शिमला। विधानसभा चुनाव में चुनकर आने के बाद विधायक सबसे पहले सड़कों को लेकर पिछले विधायक द्वारा दी गई प्राथमिकताओं को बदलवाने का काम करता है। ऐसे में धरातल पर सड़क बनने के बजाए फाइलों में ही उलझी रहती थी। किसी भी विधायक प्राथमिकता के तहत दी गई सड़कों की प्राथमिकताएं स्वीकृति प्रक्रिया में नहीं पहुंच पाती थी। प्रदेश सरकार ने इस तरह का झमेला खत्म करने का निर्णय लिया है और एक बार किसी सड़क की विस्तृत योजना रिपोर्ट यानि डीपीआर को स्वीकृति मिलने के बाद कोई भी बदलाव करने की व्यवस्था को समाप्त कर दिया है। ताकि योजना विभाग के अधिकारियों को दूसरा काम करने के लिए समय मिले। इस वित्त वर्ष के लिए नाबार्ड ने प्रदेश में 768 करोड़ की लागत की सड़कों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है। ऐसा देखा गया है कि विधायक अपनी मर्जी की सड़क डलवाने के लिए नाबार्ड में जा चुके सड़क के प्रस्ताव को वापस मंगवाकर संसोधित करवाते थे।

## तेजस्विनी नारी शक्ति सम्मान: 40 महिलाएं हुई सम्मानित

**विकासनगर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। तेजस्विनी बिजनेस एसोसिएशन एंड चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा तेजस्विनी नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि माया ग्रुप आफ कालेज की एमडी तृप्ति जुयाल सेमवाल और समाजसेवी रूपा शर्मा व नगरपालिका विकासनगर अध्यक्षा शांति जुवांठा ने शिरकत की। इस मौके पर फाउंडर तेजस्वानी प्रिया गुलाटी ने सभी का आभार व्यक्त किया।कामकाजी और प्रेरणा स्रोत महिलाओं के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और अतिथियों के तौर पर मौजूद महिलाओं के साथ ही कार्यक्रम में शिरकत करने वाली नारी शक्ति ने अपने जीवन में आए उतार चढ़ाव के साथ ही अपने संघर्ष की कहानी को बयां किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रें में अहम योगदान देने वाली प्रेरणा स्रोत 40 महिलाओं को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह और पौधे देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए मुख्य अतिथि तृप्ति जुयाल ने जहां कार्यक्रम आयोजकों की इस पहल की सराहना की तो वहीं उन्होंने नारी शक्ति से भी अपने अपने क्षेत्रें के आगे आने का आहवान किया। वहीं ट्रस्ट की संचालिका दीपा चावला ने बताया कि ट्रस्ट का मकसद महिलाओं को आत्मनिर्भर तो बनाना ही है, साथ ही आत्मनिर्भर महिलाओं को प्रोत्साहित करना भी है। ताकि वह अपने प्रयासों को और बेहतर कर सके, जिससे उनका आना वाला कल भी संवर सके। कार्यक्रम में सेपियंस स्कूल की प्रधानाचार्या रश्मि गोयल, डा– मीना जैन, सुमन भारद्वाज, ममता अग्रवाल, प्रिया गुलाटी, दीपाली चावला, सविता, ममता रानी, दीपा चावला, सोनिया आदि मौजूद रहे।



## उत्तराखंड की संस्कृति का होगा संगम: भट्ट

**हल्द्वानी,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। अपनी धरोहर संस्था उत्तराखंड की संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन हेतु विगत कई वर्षों से कार्यरत हैं और अपने अधिवेशनों व गोष्ठियों के साथ जिला बैठकों के माध्यम से 22 सौ किलोमीटर की श्री गोलज्यू संदेश यात्रा निकालने का कार्य भी संस्था द्वारा सफलता पूर्वक किया गया। यह बात प्रेस वार्ता के दौरान संस्था के अध्यक्ष विजय भट्ट ने कहीं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड राज्य का सर्वांगीण विकास हो इस हेतु समाज के विभिन्न वर्गो का प्रतिनिधित्व करते हुए संस्था द्वारा तृतीय वार्षिक अधिवेशन का आयोजन 17 व 18 दिसंबर को किया जा रहा है। 17 दिसंबर की सांय उद्घाटन सत्र के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमे उत्तराखंड राज्य की लोक संस्कृति की छटा देखने को मिलेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर एस एस के प्रांत कार्यवाह दिनेश सेमवाल रहेंगे। 18 दिसंबर को परिचर्चा और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली संस्थाओं का अभिनंदन व सम्मान किया जायेगा।



### सार संक्षेप

## भीमताल के कई क्षेत्रों में गुलदार का आंतक बरकार

नैनीताल। भीमताल के कई क्षेत्रों में इन दिनों गुलदार का आतंक है। नैनीताल के भीमताल ब्लॉक में तीन दिन में एक गुलदार ने दो महिलाओं को मौत के घाट उतार दिया है। जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहोल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पिनरों के तोक डोब गांव में गुलदार के हमले से दो महिलाओं की मौत हो गई है, जिसके बाद ग्रामीणों में काफी गुस्सा है। स्थानीय विधायक राम सिंह कैड़ा और इलाके के लोग वन विभाग से गुलदार को आदमखोर घोषित करने की मांग कर रहे हैं। वन विभाग का कहना है कि गुलदार को ट्रेंकुलाइज करने की कोशिश की जा रही है। कैमरा ट्रैप के साथ ही पिंजरे भी लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि भीमताल ग्राम पंचायत पिनरों के तोक सल्यूड़ा में एक बाघ घूमता हुआ दिखा, जिसके बाद ग्रामीणों ने शोर मचाया और बाघ के दिखने की सूचना वन विभाग को दी। लेकिन जब तक वन कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची, तब तक बाघ भाग चुका था। बाघ के हमले के बाद से लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की लापरवाही उन पर भारी पड़ती जा रही है। उन्होंने बाघ को आदमखोर घोषित कर करने की मांग उठाई है।

## आर्टिकल 370 पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई 'फाइनल' मुहर, फैसला रखा बरकरार, सीएम धामी ने किया स्वागत

देहरादून। आज का दिन दिन जम्मू कश्मीर के लिए ऐतिहासक दिन रहा। आज सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले पर सुनवाई की। जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय बेंच ने इस ऐतिहासिक मामले पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट से जम्मू कश्मीर पर आये इस फैसले के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी को सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जताई। उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। सीएम धामी ने कहा सुप्रीम कोर्ट से अनुच्छेद 370 पर आया फैसला यह जम्मू-कश्मीर के लोगों की जीत है। साथ ही सीएम धामी ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र सरकार के फैसले को विकास से जोड़ा। उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा केंद्र की मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ कराम कर रही है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का फैसला इसी कड़ी में लिया गया फैसला था। उन्होंने कहा जम्मू कश्मीर मोदी सरकार के केंद्र में हैं। जम्मू कश्मीर के विकास के लिए मोदी सरकार लगातार काम कर रही है।

### सुडोकू 6402 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 3 |
| 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 |

# पीआरडी जवानों के हितों के लिए सरकार लगातार काम रही: धामी

■ सीएम बोले प्रान्तीय रक्षक दल कल्याण कोष संशोधित नियमावली अगस्त 2023 में प्रख्यापित की गई

■ कोविड महामारी के दौरान भी पीआरडी स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट कार्य किया

■ मृत्यु की दशा में देय एक लाख से बढ़ाकर 2 लाख की

**देहरादून,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। पीआरडी मुख्यालय में प्रांतीय रक्षक दल का स्थापना दिवस कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने शिरकत की। इस दौरान पीआरडी जवानों द्वारा शानदार रेतिक परेड आयोजित की गई। कार्यक्रम



में शहीद हुए पीआरडी जवानों के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि के चेक भी वितरित किये गए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हमारे पीआरडी जवान लगातार विषम परिस्थितियों में काम करते है। चाहे वह कोरोना काल हो, चारधाम यात्रा हो, कांवड़ यात्रा हो, सिलक्यारा रेस्क्यू हो या सामान्य ड्यूटी। कहा कि पीआरडी जवानों के हितों के लिए सरकार लगातार काम रही है। उनके लिए कई योजनाओं को चलाया जा रहा है। निकट भविष्य में भी हमारे जवानों के लिए हम अन्य सुविधाएं भी विकसित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीआरडी स्वयंसेवक अपनी निरंतर सेवा और समर्पण भाव से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहयोग कर रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा कार्य, आपदा प्रबंधन और यातायात व्यवस्था में पीआरडी ने सराहनीय कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पी.आर.डी. स्वयं सेवकों के हित में कई कदम उठाए हैं। पी.आर.डी. स्वयंसेवकों के मृतक आश्रितों के पंजीकरण के लिए शासनादेश जारी किया गया है। प्रान्तीय रक्षक दल कल्याण कोष संशोधित नियमावली अगस्त 2023 में प्रख्यापित की गई है।

जिसमें आर्थिक सहायता की धनराशि में वृद्धि करते हुए साम्प्रदायिक दंगो के दौरान ड्यूटी पर मृत्यु की दशा में देय एक लाख रुपए को बढ़ाकर 2 लाख किया गया है। इसके साथ ही अति संवेदनशील ड्यूटी में मृत्यु की दशा में देय 75 हजार रुपए को बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपए किया गया है।

## पीआरडी के स्थापना दिवस का मुख्यमंत्री धामी ने किया शुभारंभ

देहरादून। प्रांतीय रक्षक दल के स्थापना दिवस का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुभारंभ किया। उन्होंने परेड की सलामी ली। आज की परेड में 8 दस्ते शामिल है। इस दौरान सीएम धामी ने पीआरडी जवानों का हौसला बढ़ाया। पीआरडी जवानों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आपदा जैसी मुश्किल घड़ी में जवान डट कर सामना करते है। कहा इस हौसले की वजह से हम मिलकर मुश्किल हालात का सामना कर पाते हैं। वहीं समारोह में मौजूद मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि सीएम पीआरडी जवानों का मार्गदर्शन करते आए।



## पीआरडी जवानों के लिए नवीनतम, सहायक और सशक्त करने वाले निर्णय लिए: रेखा आर्या

देहरादून। विभागीय मन्त्री रेखा आर्या ने कहा कि मुझे खुशी है कि हमारी सरकार ने पीआरडी जवानों के लिए नवीनतम, सहायक और सशक्त करने वाले निर्णय लिए। राज्य सरकार ने दुर्घटना में शहीद जवानों के परिवार को मृतकाश्रित कोटे में भर्ती करने का प्राविधान किया जिसके तहत अब तक 116 मृतकाश्रितों के पंजीकरण का कार्य किया गया है जिसमे से 70 मृतकाश्रितों को रोजगार प्रदान किया गया है जिसमे 25 महिलाएं शामिल हैं। पीआरडी जवानों के लिए यह निर्णय लिया गया है कि हर दो वर्ष के अंतराल पर एक गर्म वर्दी व एक सामान्य वर्दी विभाग द्वारा दी जाएगी ।साथ ही पीआरडी जवानों को प्रशिक्षण के समय दी जाने वाली राशि जो 1500 थी उसे बढ़ाते हुए 2500 रुपये की जाएगी। बताया कि सभी पंजीकृत पीआरडी जवानों को ड्यूटी पर होमगार्ड की भांति 200 रुपये धुलाई भत्ता दिया जाएगा ।विकासखंड स्तर पर तैनात ब्लॉक कमांडर और न्याय पंचायत स्तर पर तैनात हल्का सरदार का मासिक मानदेय जो कि पूर्व में 600 व 300 रुपिये से बढ़ाते हुए क्रमश: प्रतिमाह 1 हजार व 500 रुपिये किया जाएगा ।वहीं आपदा बचाव कार्य मे तैनात जवानों को 50 रुपिये प्रति दर की दर से अतिरिक्त मानदेय दिया जाएगा। विभागीय मंत्री ने बताया कि स्वयंसेवकों की अधिवर्षता आयु धामी सरकार ने 50 से बढ़ाकर 60 वर्ष की गई है।

## पुलिस कप्तान ने एएसआई समेत 37 पुलिस कर्मियों के तबादले किए

**रुद्रपुर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत करने को एक एएसआई समेत 37 पुलिस कर्मियों के तबादले किये हैं। एसएसपी कार्यालय से जारी सूची के मुताबिक कप्तान ने एएसआई पुष्कर दत्त भट्ट को पुलिस लाईन से थाना आईटीआई, हेड कांस्टेबल जगदीश को थाना रूद्रपुर से थाना झनकईया, हेड कांस्टेबल कैलाश चन्द्र को पुलिस लाईन से थाना पंतनगर, हेड कांस्टेबल देवेन्द्र राम वर्मा को पुलिस लाईन से मालखाना मोहर्रिर थाना कुण्डा भेजा है। जबकि चन्द्रशेखर को पुलिस लाईन से थाना सितारगंज,जगदीश फर्त्याल को थाना काशीपुर से थाना दिनेशपुर, नरेन्द्र यादव को थाना सितारगंज से थाना दिनेशपुर, प्रकाश भोजक को पुलिस लाईन से थाना रूद्रपुर, मनोज कुमार को पुलिस लाईन से थाना कुंडा दीप्ती कार्की को पुलिस लाईन से थाना सितारगंज, दिलीप कुमार को पुलिस लाईन से थाना आईटीआई, नीरज कुमार को पुलिस लाईन से थाना बाजपुर, जोनम रानी को पुलिस लाईन से डायल–112 पुलिस कार्यालय, जगदीश सिंह को पुलिस लाईन से अभियोजन कार्यालय काशीपुर, बृजेश यादव को पुलिस लाईन से पीआरओ सेल पुलिस कार्यालय, गोविंद आर्या को पुलिस लाईन से थाना दिनेशपुर, प्रवीन्द्र सिंह को पुलिस लाईन से थाना जसपुर, भूपेन्द्र जीना को थाना पुलभट्टा से थाना ट्रांजिट कैम्प, चांदनी मेहरा को डायल 112 पुलिस कार्यालय से थाना रूद्रपुर, गणेश प्रसाद को थाना गदरपुर से थाना आईटीआई, गणेश पांडे को एसओजी रूद्रपुर से थाना आईटीआई भेजा है। इसके अलावा शेखर बनकोटी को थाना नानकमत्ता से थाना आईटीआई, सुभाष कुमार को जसपुर से थाना बाजपुर, हेमंत कुमार को पुलिस लाईन से थाना बाजपुर, हेमंत कुमार को पुलिस लाईन से थाना केलाखेड़ा, श्रीनाथ को पुलिस लाईन से थाना रूद्रपुर, भरत सिंह को पुलिस लाईन से थाना ट्रांजिट कैम्प, जगदीश पाठक को पुलिस लाईन से थाना रूद्रपुर, विजेन्द्र शर्मा को थाना रूद्रपुर से थाना सितारगंज, हेम चन्द्र फुलारा को थाना रूद्रपुर से थाना जसपुर, इरफान को थाना रूद्रपुर से थाना झनकईया, किशन सिंह को थाना रूद्रपुर से थाना झनकईया, हरि सिंह को थाना काशीपुर से थाना केलाखेड़ा, श्याम सिंह को थाना दिनेशपुर से थाना नानकमत्ता, प्रवीण गोस्वामी को थाना नानकमत्ता से एसओजी काशीपुर, आनन्द सिंह बिष्ट को थाना रूद्रपुर से थाना काशीपुर, खष्टी को अभियोजन कार्यालय काशीपुर से थाना सितारगंज एवं मीना आर्या को शिकायत प्रकोष्ठ से थाना कोलाखेड़ा स्थानांतरित किया गया है। कप्तान ने स्थानांतरित सूची में शामिल कर्मियों को नई तैनाती स्थान पर आमद कराने के निर्देश दिए।

## अपनी नाकामियों पर जश्न मनाते पहली बार दिख रही है कोई सरकार: जयराम ठाकुर

■ केंद्रीय नेताओं को बुलाने की खूब कोशिश की लेकिन नाकाम रहे मुख्यमंत्री

■ एक साल तक सरकार चल जाने का जश्न मना रही है सरकार

■ जश्न मनाने की लेकर दो धड़े में बंट गई कांग्रेस पार्टी

■ अंतत: नाकामियों के जश्न से प्रियंका गांधी ने बनाई दूरी

**शिमला,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। बीजेपी हिमाचल द्वारा शिमला में मनाए जा विरोध प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सुक्खू सरकार अपने एक साल चल जाने का जश्न मना रही है। इस सरकार के पास नाकामियों के सिवा कुछ भी नहीं है फिर भी जश्न मनाया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा दी गई योजनाओं को अपनी उपलब्धि के रूप में पेश कर रही है। उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा हो रहा है जब सरकार और मुख्यमंत्री अपनी नाकामियों का जश्न मना रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री और बाक़ी नेताओं ने कांग्रेस के आलाकमान को बुलाने की खूब कोशिश की। दिल्ली दरबार के कई चक्कर लगाए लेकिन कांग्रेस का कोई भी बड़ा नेता सरकार के इस जश्न में आने को तैयार नहीं हुआ। प्रियंका गांधी वाड्रा तो शिमला आकर भी धर्मशाला की रैली में नहीं गई। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उन्हें पता है कि चुनाव के समय बोले गये हर झूठ का जवाब लेने के लिए प्रदेश के लोग हर सड़क चौराहे



पर खड़े हैं और उनके पास जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि कम से कम कांग्रेस के बड़े नेताओं को इस बात का एहसास है कि इस सरकार के पास उपलब्धि के नाम पर जश्न मनाने जैसा कुछ भी नहीं है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के कई वरिष्ठ और क़द्दावर नेता यह जानते थे कि सुक्खू सरकार के पास लोगों को बताने के लिए एक भी उपलब्धि नहीं है इसलिए सरकार की किरकिरी करवाने से बेहतर जश्न से दूरी बना ली जाए। इस बात को लेकर कांग्रेस और सरकार में भी दो फाड़ हो गए। उन्होंने कहा कि झूठ बोलकर बनाई गई सरकार को कांग्रेस अब झूठ बोलकर ही चलाना चाहती है। उन्हें याद रखना चाहिए कि उनके झूठ के दिन अब लद गए हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री को प्रदेश के लोगों को बताना चाहिए कि यह जश्न किस बात है। प्रदेश में आई आपदा की वजह से हज़ारों लोग बेघर हो गए, पांच सौ से ज़्यादा लोगों की दु:खद मृत्यु हो गई। सड़के, पुल, स्कूल, स्वास्थ्य भवन, पंचायत भवन और जनहित से जुड़े तमाम भवन तबाह हैं।

# धर्मशाला रैली में सीएम सुक्खू ने लगाई सौगातों की झड़ी

### जनवरी महीने से किसानों से गोबर खरीदेगी सरकार, दूध की खरीद कीमत में सात रुपए की बढ़ोतरी का भी किया एलान, महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा पेंशन में होगा इजाफा सभी महिलाओं को मिलेगी 1500 रुपए सम्मान निधि

■ **हिमकिरण मांटा**

**धर्मशाला,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार का एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर सोमवार को धर्मशाला में समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस ग्राउंड धर्मशाला में आयोजित इस समारोह में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे । सीएम सुक्खू के अलावा प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला, सह प्रभारी तेजिंद्र बिट्टू, पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री व सरकार के तमाम काबिना मंत्री, विधायक और पदाधिकारी मौजूद रहे। समारोह में अपने संबोधन में सीएम सुक्खू ने नए साल में प्रदेश के लाखों लोगों को कई सौगाते देने का एलान किया। उन्होंने कहा कि जनवरी 2024 में प्रदेश सरकार किसानों से गोबर खरीदेगी। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में दो रूपए किलो गोबर खरीदने की गारंटी ली थी। इसके अलावा मिल्क फेडरेशन दुग्ध उत्पादकों से 37 रुपए प्रति लीटर दूध की खरीद करेगा। वर्तमान में फेडरेशन 31 रुपए प्रति लीटर दूध खरीद रही है। उन्होंने कहा कि लाहुल स्पीति की सभी महिलाओं को चुनावी वादे के तहत 1500 रुपए प्रतिमाह सम्मान निधि मिलेगी। राज्य में सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रही महिलाओं 1150 की जगह 1500 रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश में भाजपा सरकार के समय 2.27 लाख उम्मीदवारों ने साल 2020 में पोस्ट कोड 817 के तहत भर्ती परीक्षा में भाग लिया था, इस परीक्षा का परिणाम जल्द घोषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल को 2027 तक आत्मनिर्भर व आगामी दस सालों में देश का सबसे अमीर राज्य बनाने का लक्ष्य है। सीएम ने कहा कि 40 साल के बाद हिमाचल में व्यवस्था परिवर्तन हुआ है व पारंपरिक तरीके से हटकर सरकार चलानाचाहते हैं, इसी मकसद से फैसले लिए जा रहे हैं। शराब के ठेकों की नीलामी से 500 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व सरकार ने जुटाया है। वाटर सेस लगाकर आय जुटाने की कोशिशें की जा रही है। इसके अलावा टेंडर प्रक्रिया में भी संशोधन किया गया। भाजपा पर निशाना साधते हुए सीएम ने कहा कि जयराम सरकार ने वित्तीय साल 2022–23 में 14 हजार करोड़ का कर्ज लिया। कांग्रेस सरकार को 75 हजार करोड़ का कर्ज विरासत में मिला। कर्ज हकीकत यह है कि वर्तमान में प्रत्येक हिमाचली पर एक लाख दो हजार रुपए कर्ज है। प्रदेश सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की हरसंभव कोशिश कर रही है।

### गारंटियां निभाना हमारा राजधर्म

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव में दी गई गारंटियां निभाना कांग्रेस का राजधर्म है और कांग्रेस को इन गारंटियों को निभाना ही निभाना है। अग्निहोत्री ने रैली को संबोधित करने हुए कहा कि चुनावी गारंटियों को लेकर प्रदेश की जनता को कोई संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने प्रदेश के कर्मचारियों से कहा कि वह भाजपा के जुल्मों को न भूलें और आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का साथ दें ताकि भाजपा को एक बार फिर इन चुनावों में ज़मीन दिखाई जा सके। अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार पूरी तरह स्थिर, स्थाई और टिकाऊ है तथा सरकार पूरे पांच साल चलेगी और कोई परिन्दा भी इस पर चोंच नहीं मार सकता। अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा का हर काम प्रदेश सरकार को बदनाम करने और सरकार के खिलाफ षड्यंत्र रचना है।

### हिमाचल की तुरंत मदद करे केंद्र

कांग्रेस के हिमाचल मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ला ने रैली को संबोधित करते हुए केंद्र की मोदी सरकार से आपदा ग्रस्त हिमाचल की तुरंत मदद करने की मांग की। शुक्ल ने कहा कि आपदा के बावजूद केंद्र ने हिमाचल की कोई मदद नहीं कि है। उन्होंने पूछा कि आखिर मोदी को हिमाचल से कौन सा बैर है जो प्रदेश की मदद के अपने वायदे को भी पूरा नहीं कर रहे हैं। शुक्ल ने कहा कि प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार राज्य का सारा खजाना खाली करके चली गई है और हम खाली खजाने से जूझ रहे हैं।

### सभी वायदे करेंगे पूरा

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार विधानसभा चुनाव के दौरान किये सभी वायदों को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। इसमें से ओपीएस का वायदा पूरा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये सम्मान भत्ता देने का वायदा जल्द पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण ये वायदा पूरा करने में बिलंब हुआ है लेकिन सरकार इस पर गंभीरता से काम कर रही है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने प्राकृतिक आपदा में हिमाचल की कोई सुध नहीं ली और राज्य की पूरी तरह से अनदेखी की। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से प्रधानमंत्री मोदी से मिली और उन्होंने मदद का आश्वासन भी दिया मगर आज दिन तक एक पैसे की भी मदद नहीं की।

# प्रादेशिकी

## मकान की पक्की दीवार गिरने से तीन मासूम घायल

**फर्रुखाबाद,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। सोमवार शाम सरकारी कालोनी के मकान की पक्की दीवार गिरने से उसमे दबकर तीन मासूम घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो को लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के ग्राम कुईयां निवासी मिथुन कुमार को साल 2014 में पीएम आवास योजना के तहत पक्काघर आबंटित किया गया था। सोमवार को शाम उनकी 12 वर्षीय पुत्री रागिनी अपनें दोस्त सात वर्षीय आरोही पुत्री राहुल व आठ वर्षीय निगम पुत्री रविन्द्र कुमार के साथ खेल रही थी। उसी दौरान मकान की दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई जिससे उसमे दबकर तीनों मासूम घायल हो गए। परिजन उन्हें सीएचसी लेकर पंहुचे जहां हालत गंभीर होनें पर निगम व आरोह को डॉ.आरिफ सिद्दीकी नें लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया गया।

# समाज के जन-जन को स्वस्थ हृदय के बारे में करें जागरूक : मुर्मू

**डिवाइन हार्ट फाउंडेशन के 27वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुईं राष्ट्रपति**

**लखनऊ,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जिन अस्पतालों में नर सेवा, नारायण सेवा की भावना प्रबल हो, वहां मानवता के श्रेष्ठतम रूप का दर्शन होता है। डिवाइन हार्ट हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर का ध्येय इसी पर आधारित है। मानवता की सेवा का यह भाव सराहनीय है। प्रसन्नता है कि यह अस्पताल मानवता की सेवा भावना से कार्य कर रहा है। उक्त बातें राष्ट्रपति ने सोमवार को लखनऊ के डिवाइन हार्ट फाउंडेशन के 27वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहीं। राष्ट्रपति ने हार्ट केयर के डॉक्टरों से अनुरोध किया कि समाज के जन-जन को स्वस्थ हृदय के बारे में जागरूक करें। एक अस्पताल में 100, 200 व 500 का इलाज करते हैं, लेकिन जनजागरूकता से हजारों को लाभान्वित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों को कम दर पर अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएंगे और हम सभी मिलकर स्वस्थ व समृद्ध भारत का निर्माण करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद किया। उन्होंने कहा कि परम श्रद्धेय अटल जी का लखनऊ के लोगों से गहरा रिश्ता था। उन्होंने कहा कि आज वाराणसी की सुबह व अवध की शाम की तारीफ में बहुत कुछ लिखा जाता है। मैं सुबह वाराणसी और शाम को लखनऊ में हूं। यहां की तहजीब के किस्से बहुत लोकप्रिय हैं। मेरा जन्म स्थान ओडिशा है। हिंदी की गहरी जानकारी नहीं है, लेकिन गौर किया है कि यहां के लोग मैं कि जगह हम का इस्तेमाल करते हैं यानी एक व्यक्ति भी खुद को समूह से जोड़कर देखता है और यही भावना हमें भारतीय बनाती है।



**जिन अस्पतालों में नर सेवा, नारायण सेवा की भावना प्रबल हो, वहां मानवता की श्रेष्ठता का दर्शन होता है : द्रौपदी मुर्मू**

### योगी ने किया राष्ट्रपति का स्वागत

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार शाम लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आदि ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। गौरतलब है कि इससे पहले राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (यूपीजीआईएस-2023) के समापन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अनुरोध पर लखनऊ आई थीं।

# राष्ट्रीय महासचिव के नेतृत्व में सैकड़ों ने थामा लोकदल का दामन



**■ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने दिलाई पार्टी की सदस्यता**

**मवाना,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह द्वारा स्थापित लोकदल का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। किसान जोड़ो यात्रा के बाद अन्य दलों को नेता सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सोमवार को लोकदल में शामिल हुए। पार्टी महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। दिन भर पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं का जमावड़ा रहा, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। बता दें कि लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव और बिजनौर सीट से लोस चुनाव लड़ने का मन बना चुके चौधरी विजेंद्र सिंह इन दिनों चर्चाओं में हैं। पिछले महीने हुई धमाकेदार एंट्री और रविवार को किसान जोड़ो यात्रा ने क्षेत्र का सियासी पारा चढ़ा दिया है। लोकदल की नीतियों और बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सोमवार को मीरापुर, पुरकाजी, बिजनौर व हस्तिनापुर विस क्षेत्र से विभिन्न दलों के नेता मवाना पहुंचे और कार्यालय में चौधरी विजेंद्र सिंह से मुलाकात कर लोकदल में अपनी आस्था जताई। चौधरी विजेंद्र सिंह ने अनिल कुमार दूधली बांगर, नरेंद्र सिंह कंकरखेड़ा मेरठ, मोनू तोमर बड़ौत, हाजी अरशद मीरापुर आदि नेताओं को उनके समर्थकों के साथ लोकदल की सदस्यता दिलाई। हाजी अरशद ने कहा कि किसानों के मसीहा स्व चौधरी चरण सिंह की नीतियों पर चलकर ही देश का किसान व मजदूर तबका उन्नति कर सकता है। उन्होंने कहा कि वह लोकदल के लिए पूर्ण रूप से समर्पित होकर लोस चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और हर हाल में पार्टी को जीत दिलाकर ही दम लेंगे। पउप्र की कई सीटें होंगी प्रभावित लोकदल के बढ़ते ग्राफ का असर बिजनौर सहित मुजफ्फरनगर, नगीना, मेरठ-हापुड़, बागपत आदि कई लोकसभा सीटों पर दिखाई देगा। किसान आंदोलन में उठे एमएसपी के मुद्दे को लोकदल द्वारा प्रमुखता से उठाना किसानों का इसके प्रति झुकाव की ओर इशारा कर रहा है। क्योंकि कहीं न कहीं किसानों के मन में एमएसपी पर कानून नहीं बनने को लेकर टीस जरूर है।



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी हस्तिनापुर (मेरठ )

पत्र संख्याः 1081/लेखा/के0वि0/क्षेत्र निधि/2023—24 दिनांक : 08—12—2023

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से खण्ड विकास अधिकारी हस्तिनापुर—जनपद मेरठ के द्वारा पन्द्रहवां वित/राज्य वित्त से निम्न निर्माण कार्य के लिए सील बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदायें खण्ड विकास अधिकारी हस्तिनापुर के कार्यालय दिनांक 09.12.2023 से 22.12.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक क्रय की जा सकती है तथा खण्ड विकास अधिकारी हस्तिनापुर के कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में दिनांक 22.12.2023 अपरान्ह 2 बजे तक डाली जायेगी और उसी दिन अपरान्ह 3 बजे सम्बन्धित ठेकेदारों के सम्मुख (यदि कोई उपस्थित हुए) खोली जायेगी। सशर्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। कोई भी निविदा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा। कार्य सम्बन्धी एवं अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की सकती है।

| क्र0 सं0 | मद | कार्या का विवरण | कार्य की लम्बाई (मी0में) | अनुमानित लागत (लाख रू0में ) | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0( रू0 | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य वित्त | विकास खण्ड कैम्पस मे ब्लाक प्रमुख जी के आफिस गेट खिडकी और फलोर टाईल्स आदि कार्य | 1 | 7.70 | 15000-00 | 1000+180 | 03 माह |
| 2 | केन्द्रीय वित्त | ग्राम रानी नंगला मे उधम के मकान से किरन के मकान तक इन्टरलाकिग कार्य | 55 मी0 | 3.20 | 6000-00 | 500+90 | 03 माह |
| 3 | केन्द्रीय वित्त | ग्राम भण्डौरा मे झग्डू के मकान मैन रोड तक इन्टलाकिग कार्य | 30 मी0 | 2.20 | 4000-00 | 300+72 | 03 माह |
| 4 | केन्द्रीय वित्त | ग्राम करीमपुर भण्डौरा मे मोनू के मकान से सुबोध के मकान तक इंटरलॉकिग टाईल्स कार्य | 110 मी0 | 9.00 | 18000-00 | 1500+270 | 03 माह |
| 5 | केन्द्रीय वित्त | ग्राम रठौरा कला में नये गुरूद्वारे के सामने इन्टरलाकिग काय | 40 मी0 | 9.98 | 20000-00 | 1500+270 | 03 माह |
| 6 | केन्द्रीय वित्त | ग्राम दरियापुर में धीरे के खेत से सुरेन्द्र पाली के खेत तक खण्डजा निर्माण | 500 मी0 | 9.98 | 20000-00 | 1500+270 | 03 माह |
| 7 | केन्द्रीय वित्त | ग्राम सदरपुर मे मैन रोड से पुलिया तक यू0टाईप नाली निर्माण कार्य | 300 | 6.50 | 13000-00 | 1000+180 | 03 माह |
| 8 | केन्द्रीय वित्त | ग्राम बहोडपुर मे रजवाहे की पटरीनाजिर व इलियास के मकान तक नाली निर्माण कार्य | 150 मी0 | 3.10 | 6000-00 | 300+54 | 03 माह |
| 9 | केन्द्रीय वित्त | ग्राम हंसापुर में शीशपाल के प्लाट से मनोज के मकान तक यू टाईप नाली निर्माण | 300 | 6.80 | 14000-00 | 1000+180 | 03 माह |
| 10 | केन्द्रीय वित्त | ग्राम माखननगर मे अरविन्द के मकान से अमृत के मकान तक यू0टाईप व एल नाली निर्माण कार्य | 300 मी0 | 6.80 | 14000-00 | 1000+180 | 03 माह |
| 11 | केन्द्रीय वित्त | ग्राम भन्डौरा मे जगदीश के मकान से कोने तक इन्टरलाकिग कार्य | 95 मी0 | 9.00 | 20000-00 | 1500+270 | 03 माह |
| 12 | केन्द्रीय वित्त | विकास खण्ड परिसर मे महापुरूषों मूर्ति स्थल स्थापना | 1 | 7.80 | 15000-00 | 1000+180 | 03 माह |
| 13 | केन्द्रीय वित्त | ग्राम दरियापुर में सुल्तान यादव के खेत से इकवारा निडावली मार्ग तक खण्डजा निर्माण कार्य | 500 मी0 | 9.98 | 20000-00 | 1500+270 | 03 माह |
| 14 | केन्द्रीय वित्त | ग्राम दरियापुर मे सरजीत के मकान मैन रोड तक खण्डजा निर्माण कार्य | 500 मी0 | 9.90 | 20000-00 | 1500+270 | 03 माह |
| 15 | केन्द्रीय वित्त | ग्राम रठौरा खुर्द में मैन रोड से बैक तक इन्टरलाकिग कार्य | 110 | 8.50 | 17000-00 | 1000+180 | 03 माह |
| 16 | केन्द्रीय वित्त | ग्राम रठौरा खुर्द म`मैन रोड से बैक तक नाली निर्माण कार्य | 220 | 1.70 | 3500-00 | 300+54 | 03 माह |
| 17 | केन्द्रीय वित्त | ग्राम करीमपुर में मेन रोड से सोनू मकान तक नाली निर्माण कार्य | 140 | 0.90 | 2000-00 | 100+18 | 03 माह |
| 18 | केन्द्रीय वित्त | विकास खण्ड परिसर मे शौचालय निर्माण कार्य | 1 | 2.50 | 5000-00 | 200+36 | 03 माह |
| 19 | केन्द्रीय वित्त | विकास खण्ड मे वाटर कूलर आर ओ निमार्ण कार्य | 1 | 5.00 | 10000-00 | 1000+180 | 03 माह |
| 20 | केन्द्रीय वित्त | विकास खण्ड में चार सेफटी टैक पानी फिटिग कार्य | 4 | 7.00 | 14000-00 | 1000+180 | 03 माह |
| 21 | केन्द्रीय वित्त | विकास खण्ड परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिग निर्माण कार्य | 1 | 5.00 | 10000-00 | 1000+180 | 03 माह |
| 22 | केन्द्रीय वित्त | हैण्डपम्प रिबोर विभिन्न स्थान पर | 4 | 8.00 | 16000-00 | 1000+180 | 03 माह |
| 23 | केन्द्रीय वित्त | ग्राम रानी नंगला में जितेन्द्र के मकान से मैर रोड तक व मनोज के मकान से राजेन्द्र के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य | 300 मी0 | 6.00 | 12000-00 | 1000+180 | 03 माह |
| 24 | पन्द्रहवां वित्त | ग्राम रठौरा कलां मे पुराने गुरूदारे के सामने इन्टरलाकिग कार्य | 26 मी0 | 3.50 | 7000-00 | 300+54 | 03 माह |
| 25 | पन्द्रहवां वित्त | ग्राम रानी नंगला मे कालू के मकान मन्दिर की ओर खण्डजा निर्माण कार्य | 300 मी0 | 6-00 | 12000-00 | 600+108 | 03 माह |
| 26 | पन्द्रहवां वित्त | ग्राम नंगला चॉद मे मैन रोड से डा0 जाहिद के मकान तक इन्टरलाकिग कार्य | 50 मी0 | 3-50 | 7000-00 | 300+54 | 03 माह |
| 27 | पन्द्रहवां वित्त | विकास खण्ड कार्यालय पर साईन बोर्ड निर्माण | 1 | 3.00 | 6000-00 | 300+54 | 03 माह |
| 28 | पन्द्रहवां वित्त | विकास खण्ड परिसर मे मूर्ति के फाउनडेशन व अन्य निर्माण | 1 | 7-5 | 15000-00 | 600+108 | 03 माह |
| 29 | पन्द्रहवां वित्त | खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय मे शौचालय निर्माण | 1 | 2.5 | 5000-00 | 200+36 | 03 माह |
| 30 | पन्द्रहवां वित्त | वाटर कूलर आर ओ का निर्माण कार्य | 1 | 1.8 | 4000-00 | 200+36 | 03 माह |

अवर अभियंता
हस्तिनापुर (मेरठ)।

खण्ड विकास अधिकारी
हस्तिनापुर (मेरठ)।


## सार संक्षेप

### निजी अस्पतालों के खिलाफ चल रहा अनशन समाप्त

**मेरठ।** पिछले आठ दिन से प्राईवेट अस्पतालों की मनमानी के खिलाफ चल रहा सपा विधायक अतुल प्रधान का अनशन सोमवार को खत्म हो गया है। सोमवार को कमिश्नरी में अतुल प्रधान के अनशन के समर्थन में महापंचायत की गई। महापंचायत में सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल सहित किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी, नेता संजय लाठर सहित तमाम लोग पहुंचे। महापंचायत में पुलिस, प्रशासनिक अफसर, सीएमओ को बुलाकर बात की गई। बातचीत में अतुल प्रधान ने प्रशासन के सामने अपनी मांगें रखी। निजी अस्पतालों में चल रही खुली लूट को रोकने के लिए विधायक ने अपनी मांगें रखीं। एडीएम सिटी, सीएमओ ने मांगों को मानते हुए विधायक का अनशन खत्म करा दिया। अब देखना ये होगा कि इस जनहित के मुद्दे से आमजन को राहत मिलेगी या इसके सहारे कोई और फायदा उठाएगा

### रोजगार मेले का किया गया आयोजन

**मेरठ।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के प्रांगण व विकास खण्ड मेरठ में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। सहायक निदेशक शशि भूषण उपाध्याय ने कैरियर मार्गदर्शन दिया गया। युवाओं को प्रेरित करते हुए बताया गया कि वह सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से दी जाने वाली सभी सेवाओं का लाभ उठाएं। कम्पनी के एचआर ने अपनी कम्पनी की रिक्तियों एवं कार्या से सम्बन्धित विस्तार से जानकारी दी। पांच कम्पनियों द्वारा 117 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार कर कुल 95 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। मेले को सफल बनाने के लिए क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के समस्त कर्मचारियों द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

### बिल वितरण के दौरान पालिका कर्मी से मारपीट

**मवाना।** जानकारी के अनुसार नगर निवासी विवेक पुत्र सुभाष पालिका के जलकल के जलकल विभाग में ठेका प्रथा पर कार्यरत है। पीडित कर्मचारी ने बताया कि वह सोमवार को नगर के मोहल्ला तिहाई में जलमूल्य के बिल वितरण कर रहा था। उसी दौरान कुछ युवको ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के विरोध करने पर मारपीट कर रहे लोगों ने जलमूल्य बिल छीनकर नाले में फेंक दिए। कर्मचारी ने घटना की जानकारी अधिसाशी अधिकारी राजीव कुमार को देते हुए थाने पर मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए मामले की तहरीर दी। इंस्पेक्टर क्राइम रामवीर सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### 17 सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों ने घेरा तहसील

**मवाना।** सोमवार को तहसील परिसर में भाकियू के एनसीआर महासचिव नरेश चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता नें फसलों को नुकसान पहुंचा रहे बेसहारा पशुओं, विद्युत समस्या से निजात दिलाने, मवाना खुर्द बाइपास पर गांव भैंसा के समीप अंडरपास बनवाने, चीनी मिल में पिछले पांच वर्षों में रखे गए कर्मचारियों ब्यौरा उपलब्ध कराने, सट्टा प्रदर्शन में की धांधली की जांच कराने, आदि सहित 17 मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया।

# जीवन जीने की कला सिखाती है धर्म ग्रान्थ गीता : डॉ.सुधीर



**■ वैल्यू ऐज्यूकेशन एवं अखिल भारतीय भगवद्गीता महासम्मेलन का आयोजन**

**■ जीवन दर्शन के लिए आत्मसात करने की जरूरत : डॉ. राजीव त्यागी**

**मेरठ,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के 'ओम शान्ति रिट्रीट सेन्टर' गुरूग्राम द्वारा आठ से दस दिसम्बर तक आयोजित किए गए तीनदिवसीय 'वैल्यू ऐज्यूकेशन एवं अखिल भारतीय भगवद्गीता महासम्मेलन' में वैंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय की धूम रही। वैंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरी के आधिकारिक प्रतिनिधि एवं विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी ने 'गीता के उपदेशों को आमजीवन में आत्मसात कर वैल्यू ऐन्यूकेशन (संस्कार शिक्षा) द्वारा स्वयं के साथ-साथ पूरे विश्व में सकारात्मक बदलाव एवं शान्ति का सन्देश दिया। इस महासम्मेलन में देश के 50 से अधिक विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, शिक्षाविदों, धर्मगुरूओं, योगियों एवं दो दर्जन से अधिक महान सन्तों ने प्रतिभाग किया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि भारत सरकार द्वारा 'पद्मविभूषण' से सम्मानित पूज्य सन्त चिन्ना त्रिदण्डी स्वामी, विश्व धर्म संसद के संयोजक स्वामी दिनेशानन्द महाराज युगाण्डा के राजदूत यू.एस. रावत, वैंक्टेश्वरा के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, डॉ. गोपाल नारसन, महामण्डलेश्वर स्वामी अभिषेक चौतन्य आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया।

# डीएवी को बुलंदियों तक ले जाना सभी डीएवीयन का कर्तव्य : डा. अल्पना

**■ तीन दिवसीय डीएवी स्पोर्ट्स स्टेट लेवल-2023 का समापन**

**■ क्लस्टर 5, नोएडा रीजन का ओवरआल ट्राफी पर कब्जा**

**■ प्रतियोगिता में सभी पांच कलस्टर ने लिया था हिस्सा**

**■ विजेता खिलाड़ियों को दिए गए मेडल**

**मेरठ,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। शास्त्रीनगर स्थित डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में आयोजित कराई जा रही तीन दिवसीय डीएवी स्पोर्ट्स स्टेट लेवल, 2023 अंडर 14, 17, 19 के तीसरे व अंतिम दिन डीएवी के विद्यार्थियों ने खेल जगत को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का भरसक प्रयत्न किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में करनल बब्बर, रेणु बब्बर (प्रधानाचार्यो चिराग स्कूल) वाई पी सिंह (क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी) अश्विनी गुप्ता (अध्यक्ष क्रीड़ा भारती) रजनीश कौशल (अध्यक्ष कबड्डी संघ) खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने हेतु आयोजन में उपस्थित थे।



गजेंद्र सिंह पहलवान (अंतरराष्ट्रीय रेसलर तथा अंतरराष्ट्रीय रेसलिंग कोच) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने डॉ अल्पना शर्मा (क्षेत्रीय अधिकारी डी ए वी स्कूल यूपी जोन ए, स्टेट कोऑर्डिनेटर आफ डीएवी स्पोर्ट्स) को स्मृति चिन्ह तथा नई पौध देकर उनका आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को मेडल तथा क्लस्टर 5, नोएडा रीजन को ओवरआल ट्राफी तथा एथलेटिक्स में क्लस्टर 1 सोनभद्र को ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने डॉ अल्पना शर्मा (क्षेत्रीय अधिकारी, डी ए वी स्कूल, यूपी जोन ए, स्टेट कोऑर्डिनेटर आफ डीएवी स्पोर्ट्स) का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने तीन दिवसीय आयोजन में अपना बहुमूल्य समय दिया तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। डॉ. अल्पना शर्मा (क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी स्कूल, यूपी जोन ए, स्टेट कोऑर्डिनेटर आफ डीएवी स्पोर्ट्स)ने अपने संबोधन में समस्त डी ए वी परिवार का हृदय से आभार ज्ञापित किया।

उन्होंने कहा कि यह अत्यधिक गौरव का विषय है कि हम डीएवी का हिस्सा हैं। हम सब का कर्तव्य है कि हम अपने डीएवी को बुलंदियों तक लेकर जाएं। खेल डीएवी का अभिन्न अंग हैं।

देशबन्धु नई दिल्ली, मंगलवार, 12 दिसम्बर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# दुनिया रंग-बिरंगी

## आज के युवाओं के साथ गहराई से मेल खाती है फिल्म 'खो गए हम कहां' : सिद्धांत चतुर्वेदी

**मुंबई।** अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'खो गए हम कहां' की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह फिल्म आज के युवाओं के साथ गहराई से मेल खाती है और यह रिश्तों की जटिलताओं को उजागर करती है। सिद्धांत ने कहा कि खो गए हम कहां मेरे लिए एक फिल्म से कहीं ज्यादा है। यह आज के युवाओं से साथ गहराई से जुड़ती है। विभिन्न रिश्तों की जटिलताओं को उजागर करते हुए, यह व्यक्तित्व और हमारी पीढ़ी के वास्तविक व्यक्तित्व के बीच नाजुक संतुलन को उजागर करती है। उन्होंने आगे कहा कि यह सिनेमाई यात्रा सोशल मीडिया के बवंडर के बीच दोस्ती की स्थायी ताकत का आनंदपूर्वक समर्थन करती है। तीन अविभाज्य मित्रों के जीवन का अनुसरण करते हुए कहानी तब सामने आती है जब वे अपनी ऑनलाइन पहचान को अपने प्रामाणिक स्वयं के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास करते हैं।



### गले में खराश की समस्या

## बढ़ता प्रदूषण मुख्य कारणों में से एक

**गले की समस्या या बलगम होने पर तो गरारे करना फायदेमंद**

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। सर्दी का मौसम हो गर्मी का, गले में खराश की समस्या हर मौसम में बनी रहती है। बढ़ता प्रदूषण, धूल-मिट्टी इसके मुख्य कारणों में से एक है। ऐसे समय में गले में खराश या अन्य समस्याओं से निजात पाने के लिए गरारे करने की सलाह दी जाती है। यह हर घर का देशी नुस्खा है, जो हमेशा काम आता है। गले की समस्या या बलगम होने पर तो गरारे करना फायदेमंद होता ही है, इसके साथ ही रोजाना गरारे करने से स्वास्थ संबंधी कई समस्याएं भी दूर होती है।

**गरारे करने के प्रकार**

वैसे तो गरारे करने का सबसे आम तरीका पानी से गरारे करने से होता है, लेकिन पानी में कई प्रकार के अलग-अलग पदार्थों की मिलाकर भी गरारे किए जाते है। गरारे करने के ऐसे निम्नलिखित तरीके है।

**नमक के पानी से :** गरारे करने के सबसे पुरानें तरीकों में से एक तरीका नमक के पानी से गरारे करना है। नमक में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जिससे मुंह में मौजूद कीटाणु तो मरते ही है, साथ ही साथ इससे गले की सूजन और दर्द भी कम होता है।

**लौंग के पानी से :** लौंग में ऐसे गुण होते है, जो मुंह में मौजूद किटाणुओं को मारते है और गले की सूजन को कम करने में मदद करते है। इसके लिए 2-3 लौंग को पानी में उबाल लें और इस मिश्रण से गरारे करें।

**हल्दी के पानी से :** हल्दी में कीटाणु मारने और सूजन कम करने के गुण होते है, इसलिए इससे गरारे करने के कई फायदें होते है। इसके लिए पानी में दो चुटकी हल्दी मिलाकर गर्म कर लें और इस मिश्रण से गरारे करें। आप चाहे तो इसमें नमक भी मिला सकते है।

**अदरक के पानी से :** इसके लिए पानी में अदरक के टुकड़े डालकर उसे अच्छी तरह से घौला कर छान लें, इसके बाद मिश्रण वाले पानी से गरारे करें। अदरक गले की समस्याओं को दूर करने में मददगार होता है।

**माउथवॉश से :** आप चाहे तो माउवॉश से भी गरारे कर सकते है। इसमें गले की समस्या को दूर करने के कई गुण होते है। इसके लिए पानी में माउथवॉश मिलाकर गरारे करें लेकिन इस बात का ध्यान रखे यह पानी गले के अन्दर ना जाएं।

### गरारे करने के लाभ

- गरारे करने से गले में मौजूद बैक्टीरिया के द्वारा बनाए जाने वाला एसिड कम होता है और एक सामान्य पीएच स्तर बना रहता है।
- एलर्जी के कारण गले में होने वाली सूजन में गरारे करने से फायदा होता है।
- रोजाना गरारे करने से ऊपरी श्वसन तंत्र के संक्रमित होने का खतरा कम हो जाता है।
- गरारे करने से श्वसन नली और नाक में जमा बलगम बाहर निकल जाता है।
- सूखी खांसी में गरारे करने से गले में काफी आराम मिलता है।
- सर्दी या फ्लू के कारण गले में खराश होने से गरारे करने से बेहद फायदा होता है।
- गरारे करने से मसूड़ो की सूजन कम होती है। इसके साथ ही मुंह की बदबू भी कम हो जाती है।
- गरारे करने से मुंह और गले के कीटाणु निकल जाते है, जिससे मुंह का स्वास्थ अच्छा रहता है।
- गरारे करने से दांत और जीभ की सफाई भी हो जाती है। इसके साथ ही मुंह के छालें भी ठीक हो जाते है।

## अभिनेत्री वृशिका मेहता ने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड सौरभ घेडिया संग रचाई शादी



**मुंबई,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस वृशिका मेहता, जो शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में अपनी भूमिका के लिए जानी जाती हैं, अपने ब्वॉयफ्रेंड सौरभ घेडिया के साथ शादी के बंधन में बंध गई हैं। सौरभ एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। वृषिका 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में डॉ. रिद्धिमा सक्सेना का किरदार निभाती हैं। वृशिका ने सोशल मीडिया पर शादी का वीडियो शेयर किया, जिसमें एक्ट्रेस को लाल लहंगे, लाल चूड़ा और हैवी जूलरी में देखा जा सकता है। सौरभ ने सिल्वर और व्हाइट कॉम्बिनेशन की शेरवानी पहनी थी।अन्य पोस्ट में, 'इश्कबाज' फेम एक्ट्रेस ने अपनी शादी की तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह क्रिस्टल व्हाइट लहंगा पहने और ग्रीन दुपट्टे के साथ नजर आ रही हैं।फोटो और वीडियो को कैप्शन दिया गया कि परिवार की गर्मजोशी, दोस्तों की हंसी और चौतरफा आशीर्वाद के साथ, हमने एक-दूसरे के दिलों में अपना घर पाया। 'हां' कहना जीवन भर का वादा बन गया। आपका साथ जीवन भर बना रहे, सभी प्रयासों में सफलता मिले। वृशिका को 'आसमान से आगे', 'दिल दोस्ती डांस', 'सतरंगी ससुराल' जैसे शो और 'आजा माही वे' और 'नजर मिला' जैसे म्यूजिक वीडियो में उनके काम के लिए जाना जाता है।

## पुष्पा भारती को केके बिरला फाउंडेशन का 'व्यास सम्मान'

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। सुप्रसिद्ध हिंदी लेखिका पुष्पा भारती को उनके संस्मरण 'यादें, यादें और यादें' के लिए केके बिरला फाउंडेशन की ओर से वर्ष 2023 का 'व्यास सम्मान' देने की सोमवार को घोषणा की गयी।

केके बिरला फाउंडेशन की एक विज्ञप्ति के अनुसार, व्यास सम्मान के रूप में लेखिका पुष्पा भारती को चार लाख रुपये की राशि प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न भेंट किया जाएगा। उनकी पुस्तक 'यादें, यादें और यादें' 2016 में प्रकाशित की गई थी। उन्हें पुरस्कार देने का निर्णय साहित्य के जाने-माने विद्वान प्रो. रामजी तिवारी की अध्यक्षता में निर्णायक मंडल ने किया। निर्णायक मंडल के संयोजक हिंदी भाषा समिति (थाणे) के डॉ श्याम सुन्दर पाण्डेय थे और इसके अन्य सदस्यों में अरूणा गुप्ता और प्रो अनिल राय (दोनों दिल्ली), डॉ विजया सती (नैनीताल) और फाउंडेशन के निदेशक डॉ सुरेश ऋतुपर्ण (सदस्य सचिव) शामिल थे।

व्यास सम्मान 1991 में शुरू किया गया। यह प्रत्येक वर्ष कविता, कहानी, उपन्यास, आत्मकथा जैसे साहित्यिक कार्यों में उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज कराने वाले लेखकों को दिया जाता है और अब तक कुल 31 लेखक यह सम्मान पा चुके हैं। इससे सम्मानित लेखकों में डॉ रामविलास शर्मा, डॉ धर्मवीर भारती, प्रो रामस्वरूप चतुर्वेदी, डॉ केदार नाथ सिंह, श्रीलाल शुक्ल, चन्द्रकांता, मन्नू भंडारी और डॉ ज्ञान चतुर्वेदी जैसे प्रतिष्ठित नाम हैं।

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद शहर में जन्मी पुष्पा भारती का संस्मरण, जीवनी और रेखाचित्र की विधाओं में उल्लेखनीय योगदान है। उनकी अब तक कुल 17 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इनमें से उनकी 'सफर सुहाने', 'सरस-संवाद', 'ढाई आखर प्रेम', 'अमिताभ आख्यान' जैसी कई पुस्तकें शामिल हैं, जिनमें उन्होंने अपनी कलम से अमिट छाप छोड़ी है। लेखिका को अब तक उत्तर प्रदेश के साहित्य भूषण, और कालिदास अकादमी, उज्जैन के हिंदी सेवा सम्मान सहित कुल 11 पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

## कबीर बेदी को इटली के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया

**मुंबई,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। अनुभवी अभिनेता कबीर बेदी को सर्वोच्च इतालवी नागरिक पुरस्कार ऑर्डर ऑफ मेरिट ऑफ द इटालियन रिपब्लिक (मेरिटो डेला रिपब्लिका इटालियाना) से सम्मानित किया गया है। मुंबई में इवेंट के बाद, निकोलो फैबी द्वारा एक स्पेशल लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस किया गया।



कबीर ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत इमोशनल अवॉर्ड है। 'ऑर्डर ऑफ मेरिट इटली का सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया जाना, मेरे जीवन के मेहनत का परिणाम है। यह कैवेलियरे (नाइट) से भी ऊंचा है, जो उन्होंने मुझे 12 साल पहले बनाया था। प्रधानमंत्री मेलोनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मेलोडी के साथ इंटरनेट पर एक-दूसरे की सराहना करते हुए देखकर मुझे बहुत खुशी होती है।

उन्होंने कहा कि अब इटली और भारत के महान फिल्म उद्योगों के लिए एक साथ विश्व स्तरीय फिल्में बनाने का समय आ गया है।

कबीर ने इटली और इटालियन लोगों को उनके सालों के स्थायी प्रेम के लिए धन्यवाद देते हुए एक हृदयस्पर्शी भाषण दिया। उन्होंने अपनी पत्नी, बच्चों और पोते-पोतियों को उनकी उपस्थिति और उनके जीवन में आने वाली खुशी के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए 'रोंगटे खड़े कर देने वाला क्षण' था।उन्होंने कहा कि संदोकन बनने की उनकी यात्रा आइकोनिक ताज महल पैलेस होटल में जहां वे आज खड़े थे, वहां से सौ मीटर की दूरी पर शुरू हुई थी। यहीं पर उनकी पहली बार संदोकन सीरीज के निर्देशक और निर्माता से मुलाकात हुई। कबीर ने कहा कि जीवन पूर्ण चक्र में आ गया है। इटली के महावाणिज्यदूत एलेसेंड्रो डी मासी ने अपने भाषण में इटली के राष्ट्रपति मैटरेल्ला के शब्दों को पढ़ा।कबीर बेदी पिछले 30 वर्षों से असाधारण मानवीय और कलात्मक साझेदारी से इटली से जुड़े हुए हैं। सम्मान के स्क्रॉल पर राष्ट्रपति मैटरेल्ला द्वारा हस्ताक्षर किए गए और प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किए गए।मासी ने यह भी कहा कि कबीर दशक दर दशक भारत और इटली के बीच बेहतर संबंधों को बढ़ावा देने में असाधारण भूमिका निभाते रहे हैं।

## इस साल गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किया गया चंद्रयान-3, चैटजीपीटी



**■ 'जवान' ने टॉप ट्रेंडिंग लोकल फिल्म सर्च और ग्लोबल लेवल पर टॉप 3 ट्रेंडिंग फिल्म**

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। साल 2023 खत्म होने वाला है। गूगल ने सोमवार को इस साल भारत में गूगल सर्च पर लोगों द्वारा सबसे अधिक सर्च किए गए टॉपिक्स को शेयर किया, जिसमें चंद्रयान -3 और चैटजीपीटी इस लिस्ट में टॉप पर हैं। गूगल ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता ने समाचारों में सुर्खियां बटोरीं, साथ ही अंतरिक्ष से बाहर की आसमान छूती यात्रा ने स्थानीय और दुनिया भर में सर्चिंग को बढ़ावा दिया।

जी20 प्रेसीडेंसी ने 'क्या है' सर्च क्वेरी का नेतृत्व किया, जिससे घटना के प्रति महत्वपूर्ण जिज्ञासा प्रदर्शित हुई। लोगों ने कर्नाटक चुनाव परिणामों और समान नागरिक संहिता के बारे में सर्च के साथ लोकल डेवलपमेंट्स के बारे में भी जानकारी हासिल की, जबकि इजरायल न्यूज और तुर्की भूकंप के बारे में सवालों के साथ ग्लोबल घटनाओं को सुलझाने की कोशिश की।

भारत में लोगों ने मैथ्यू पेरी ('फ्रेंड्स' के आइकोनिक चैंडलर बिंग के रूप में जाने जाते हैं), मणिपुर न्यूज और ओडिशा ट्रेन एसिडेंट को भी सर्च किया। गूगल के टॉप ट्रेंडिंग 'हाउ टू' क्वेश्चन में लोगों ने होम रेमेडी के साथ स्किन और हेयर्स को सन डैमेज से बचाने के तरीकों के बारे में पूछा, जबकि कई लोगों ने अपने आस-पास के जूडियो, जिम, ब्यूटी पार्लर और डर्मेटोलॉजिस्ट को भी सर्च किया।

गूगल ने कहा कि क्रिकेट वर्ल्ड कप और भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट मैचों के बारे में क्वेरीज इस साल ऑल-टाइम हाई लेवल पर रहीं। शुबमन गिल और रचिन रवींद्र लोकल और ग्लोबल लेवल पर टॉप ट्रेंडिंग क्रिकेटरों के रूप में उभरे। वूमेन क्रिकेट वर्ल्ड कप के साथ पहली बार वूमेन प्रीमियर लीग को स्पोर्ट्स इवेंट्स में हाई रैंक दिया गया।

## आईआईएमटी पॉलिटेक्निक को मिला एनबीए की मान्यता

**ग्रेटर नोएडा,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। आईआईएमटी कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक ग्रेटर नोएडा ने एक बड़ा अकादमिक मुकाम हासिल किया है। इसके दो पाठ्यक्रमों डिप्लोमा इन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग (मेंटेनेंस) को अलगे तीन वर्ष के लिए नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडिटेशन (एनबीए) की मान्यता मिली है। इसी के साथ ही आईआईएमटी कॉलेज ऑफपॉलिटेक्निक अब एनबीए से मान्यता प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश का पहला प्राइवेट डिप्लोमा संस्थान बन गया है। आईआईएमटी कॉलेज समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. मयंक अग्रवाल के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि प्राप्त हुई है।

यह जानकारी कॉलेज समूह के प्रवक्ता राजतिलक शर्मा ने दी। एनबीए से मान्यता मिलने पर डॉ. मयंक अग्रवाल ने कहा कि एक टीम के रूप में काम करने से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। इससे संस्थान में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने, आधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार से सहायता प्राप्त करना आसान होगा। वहीं कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के डॉयरेक्टर उमेश कुमार ने कहा कि नेशनल बोर्ड ऑफएक्रीडिटेशन (एनबीए) की मान्यता मिलना हम सभी लोगों के लिए खुशी का पल है।

## 'द आर्चीज' के एक्टर्स को निशाना बनाने वाली पोस्ट को रवीना टंडन ने किया लाइक

**मुंबई,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। नए कलाकार अगस्त्य नंदा और खुशी कपूर से उनके अभिनय के लिए सवाल करने वाले एक पोस्ट को




अभिनेत्री रवीना टंडन ने गलती से लाइक कर दिया। अभिनेत्री ने कहा कि यह गलती से हुआ। हाल ही में रिलीज हुई 'द आर्चीज' का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया, जिसमें अगस्त्य और खुशी का एक दृश्य था। वायरल वीडियो में एक कैप्शन था जिसमें लिखा था, 'अभिनय यहीं मर गया।' कथित तौर पर रवीना को यह पोस्ट पसंद आया था, जिसे नेटिजन्स ने देखा और उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया।

उसी पर ध्यान देते हुए अभिनेत्री ने अब हटाए गए पोस्ट में लिखा कि अनजाने में हुई गलती को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। यह लाइक गलती से किया गया था। इससे होने वाली किसी भी असुविधा और ठेस के लिए मैं ईमानदारी से माफी मांगती हूं।

फिल्म का निर्देशन जोया अख्तर ने किया है और इसमें अगस्त्य नंदा, खुशी कपूर, सुहाना खान, वेदांग रैना, मिहिर आहूजा, अदिति सहगल और युवराज मेंडा ने अभिनय किया है। पटकथा रीमा कागती की है। 1960 के दशक की सुखद पृष्ठभूमि पर आधारित युवा कहानी 'द आर्चीज' दर्शकों को किशोरों के एक प्यारे समूह के जीवन में खींचती है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स इंडिया, टाइगर बेबी, आर्ची कॉमिक्स और ग्राफिक इंडिया के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है। यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग हो रही है।

## सही निदान और ट्रीटमेंट ने दिया 55 वर्षीय पेरालाइज्ड व्यक्ति को नया जीवन

**■ मरीज को दोनों पैरों में जब 3 अलग-अलग पैरालिसिस अटैक पड़े**

**नोएडा,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। मेट्रो अस्पताल नोएडा में 55 वर्षीय एक ऐसे मरीज का सफल इलाज किया गया है जिनके पैरों में पैरालिसिस के कई अटैक पड़ गए थे। अटैक का ये सिलसिला 6 महीने से चल रहा था। यूपी के इस मरीज को दोनों पैरों में जब 3 अलग-अलग पैरालिसिस अटैक पड़े, उसके बाद मरीज को नोएडा के मेट्रो अस्पताल लाया गया।

मरीज को जब ये दिक्कत हो रही थी, तो उसके शहर में तब रोग का निदान (डायग्नोसिस) नहीं हो पाया था और यूं ही इलाज किया जाता रहा। मरीज में इस इलाज से कई बार थोड़ा सुधार आया लेकिन फिर कुछ समय बाद वही अटैक फिर से पड़ने लगा। इससे मरीज़ के दोनों पैरों में कमजोरी होने लगी थी इस कारण पेशाब के लिए फोले कैथेटर की भी आवश्यकता उन्हें पड़ती थी। जब मरीज को तीसरा और सबसे गंभीर अटैक पड़ा तो उनकी स्थिति काफी खराब हो गई, वह बिस्तर पर आ गए। इसके साथ ही मरीज की नज़र भी कमजोर होने लगी थी।

मेट्रो अस्पताल पहुंचने पर मरीज की गहन जांच-पड़ताल की गई। एमआरआई स्कैन, लम्बर पंचर या सीएसएफ स्टडी, स्पेसिफिक ब्लड टेस्ट और एक वीईपी टेस्ट कराया गया।

मेट्रो अस्पताल, नोएडा में इस मरीज का इलाज करने वाली, न्यूरोलॉजी विभाग की सीनियर कंसलटेंट डॉक्टर पूजा कुशवाह ने बताया कि हमारी एक्सपर्ट मेडिकल टीम ने जांच-पड़ताल से मरीज में डिमाइलेटिंग डिसऑर्डर नामक न्यूरोलॉजी बीमारी का पता लगाया। इस बीमारी का समय रहते इलाज किया जाए तो मरीज़ पूरी तरह ठीक हो जाता है। दरअसल यह बीमारी (डिमाइलेटिंग डिसऑर्डर) अक्सर शरीर के विभिन्न हिस्सों में पैरापेरेसिस, क्वाड्रीपेरिसिस, विजन लॉस और झनझनाहट या सुन्नता जैसे लक्षणों के साथ बार-बार अटैक के रूप में सामने आती है। इन मामलों में समय रहते निदान से न केवल इलाज़ आसान हो जाता है बल्कि मरीज़ को गंभीर विकलांगता से बचाया जा सकता है। डॉक्टर पूजा कुशवाह ने आगे बताया कि मरीज के रोग की पुष्टि हो गई थी और उस हिसाब से लगातार पांच दिन तक उसे एक विशेष प्रकार का इंजेक्शन दिया गया। इस ट्रीटमेंट से मरीज की कमजोरी में काफी सुधार हुआ, जिससे उसे मूवमेंट करने में मदद मिली।

## एआईसीएफएफ में प्रदर्शित की विभिन्न देशों की 27 फिल्में

**महोत्सव में 7,000 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग लिया**

**अहमदाबाद,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। अहमदाबाद इंटरनेशनल चिल्ड्रन फिल्म फेस्टिवल (एआईसीएफएफ) में तीन दिनों में दुनिया भर के विभिन्न देशों की 27 फिल्मों को प्रदर्शित किया गया और महोत्सव में 7,000 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग लिया।

महोत्सव के संस्थापक चेतन चौहान ने सोमवार को यहां बताया कि एआईसीएफएफ का पांचवां संस्करण जबरदस्त सफलता के साथ संपन्न हुआ। एआईसीएफएफ ने लगातार दुनिया भर का ध्यान और विभिन्न कंटेंट निर्माताओं के योगदान को आकर्षित किया है। पिछले चार संस्करण में दुनिया भर से 500 से अधिक फिल्में आई है। इस वर्ष महोत्सव को 24 देशों से 90 से अधिक फिल्में मिली हैं जिनमें ईरान, इटली, भारत, तुर्की, चीन, क्रोएशिया, अमेरिका, रशिया, यूनाइटेड किंगडम, यूक्रेन, ताइवान, स्विट्जरलैंड, सिंगापुर, नेपाल, जापान, आयरलैंड, जर्मनी, चेक रिपब्लिक, केनेडा, ब्राज़ील और कोरिया शामिल है।

चौहान ने बताया कि फेस्टिवल की शुरुआत फारसी भाषा की फिल्म 'बालिट' के साथ हुई और भव्य उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेता पवन मल्होत्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए साथ ही जापानी फिल्म निर्देशक फूमी निशिकावा तीन दिनों के महोत्सव के लिए जापान से आए। दूसरा दिन विभिन्न देशों की फिल्मों को दर्शाया गया और फिल्म निर्माता पंकज रॉय, फिल्म समीक्षक दीपक दुआ और हमारे फेस्टिवल निदेशक मनीष सैनी के साथ मास्टरक्लास का भी आयोजन किया गया।

फेस्टिवल का समापन गुजराती भाषा की फिल्म 'मारा पप्पा सुपरहीरो' के साथ हुआ। स्क्रीनिंग के दौरान फिल्म की पूरी टीम मौजूद थी और दर्शकों ने फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स दिया। समापन समारोह में शामिल मास्टर मंजूनाथ (मालगुडी डेज़) ने कहा कि अहमदाबाद में जिस तरह से एआईसीएफएफ का आयोजन किया गया, मैं वास्तव में उसकी सराहना करता हूं, मेरी इच्छा है और मैं चाहता हूं कि इस तरह का फेस्टिवल पूरे भारत में होना चाहिए। सभी मातापिता, बच्चों और स्कूल को इसमें भाग लेना चाहिए क्योंकि यह पूरी तरह से नि:शुल्क है और सभी को इसका लाभ उठाना चाहिए। समापन दिवस पर खचाखच भरे दर्शकों के साथ फेस्टिवल का हिस्सा बनना वास्तव में मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। समापन समारोह में शिलादित्य बोरा, अभिषेक जैन, अजीतपाल सिंह और विशेष अग्रवाल भी मौजूद थे इसीके साथ सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को सन्मानित करने के लिए पुरस्कारों की प्रस्तुति भी की गई।

उन्होंने बताया कि तीन दिनों के दौरान हमने दुनिया भर के विभिन्न देशों की 27 फिल्में दिखाई और 7,000 से अधिक लोगों ने महोत्सव में भाग लिया। इस साल सिनेमा नीति के हिस्से के रूप में गुजरात पर्यटन हमारी पहल को बढ़ावा देने और समर्थन करने के लिए हमारे साथ जुड़ा। फेस्टिवल के दौरान हमारा समर्थन देने के लिए हम गुजरात पर्यटन और अहमदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन - एएमए के भी आभारी हैं। उल्लेखनीय है कि यह फेस्टिवल आठ, नौ और दस दिसम्बर को प्रतिष्ठित अहमदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन में आयोजित किया गया। एआईसीएफएफ दुनियाभर से युवा प्रतिभा, रचनात्मकता और संस्कृति के सशक्तिकरण का एक प्रमाण है, जो युवा पीढ़ी को अपनी मान्यताओं को व्यक्त करने का और हमारे समाज में सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करने के लिए एक शक्तिशाली मंच प्रदान करता है।

## 108 चित्रों के जरिये श्रीराम से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का होगा चित्रांकन




**■ देश-विदेश के कलाकार आमंत्रित**

**■ चित्रकला से मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जीवन को उकेरेंगे कलाकार**

**लखनऊ,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। मर्यादा पुरुषोत्तम 22 जनवरी 2024 को अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इसके मद्देनजर सरकार का प्रयास है कि यहां पूरी दुनिया को पारंपरिक, सांस्कृतिक धरोहर से लेकर आधुनिकता की झलक देखने को मिले। योगी सरकार ने इसके लिए देश-विदेश के कलाकारों को आमंत्रित किया है, जो अपनी मूर्तिकला और चित्रकला से मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जीवन को उकेरेंगे। साथ ही लोगों के दिलों और दिमाग पर भव्य उद्घाटन समारोह की अमिट छाप छोड़ेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते दिनों उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को मूर्तिकला के जरिये प्रभु श्रीराम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करने के निर्देश दिए थे। हमारी मूर्तिकला पूरे विश्व में सबसे पुरानी है और लोगों को युगों-युगों तक इतिहास से जोड़ती आई है। ऐसे में मंदिर के उद्घाटन समारोह में आने वाली पीढ़ियों को युगों-युगों तक यादगार बनाने और कलाओं के संरक्षण- संवर्धन के लिए मूर्ति-शिल्प कला की कार्यशाला के आयोजन के निर्देश दिये थे। अयोध्या में मंदिर उद्घाटन के भव्य समारोह को इतिहास के काल खंडों में समृद्ध साक्ष्य के रूप में संजोने के लिए मूर्तिकला की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए देश-विदेश के दिग्गज मूर्ति और शिल्प कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। ये कलाकार रामायण परंपरा और प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित विभिन्न प्रसंगों से जुड़ी हुई मूर्तियों का निर्माण करेंगे। वहीं इन मूर्तियों के जरिये प्रभु श्रीराम के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। ललित कला अकादमी द्वारा ख्याति प्राप्त चित्रकारों के चित्रकला शिविर में श्रीराम से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को 108 चित्रों का चित्रांकन किया जाएगा। वहीं योगी सरकार अयोध्या के विभिन्न घाटों एवं स्थलों पर रामायण से जुड़ी कलाकृतियों की स्थापना के लिए दो करोड़ रुपए खर्च करेगी। इन कलाकृतियों के निर्माण की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ को सौंपी गई है।

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढने वाले शेयर | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 2.69 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.44 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.67 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.38 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.17 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| आईटीसी | 1.95 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.48 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.00 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.73 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.62 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# आरबीआई ने कर्ज माफी की पेशकश वाले विज्ञापनों पर जारी की चेतावनी




**मुंबई,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कर्ज माफी की पेशकश कर कर्जदारों को लुभाने वाले भ्रामक विज्ञापनों पर चेतावनी जारी की। ऐसी संस्थाओं द्वारा बिना किसी अधिकार के 'ऋण माफी प्रमाणपत्र' जारी करने के लिए सर्विस/लीगल फीस वसूलने की खबरें हैं। आरबीआई ने कहा कि ये संस्थाएं प्रिंट मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी ऐसे कई कैंपेन को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा, 'जनता को आगाह किया जाता है कि वे ऐसे झूठे और भ्रामक अभियानों का शिकार न बनें और ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट कानून प्रवर्तन एजेंसियों से करें।' यह भी हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ स्थानों पर, कुछ व्यक्तियों द्वारा अभियान चलाए जा रहे हैं, जो बैंकों से ली जाने वाली प्रतिभूतियों पर अपने अधिकारों को लागू करने के बैंकों के प्रयासों को कमजोर करते हैं। 'ऐसी संस्थाएं गलतबयानी कर रही हैं कि बैंकों समेत वित्तीय संस्थानों का बकाया चुकाने की जरूरत नहीं है।'

आरबीआई के बयान में कहा गया है, 'ऐसी गतिविधियां वित्तीय संस्थानों की स्थिरता और सबसे बढ़कर, जमाकर्ताओं के हितों को कमजोर करती हैं। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि ऐसी संस्थाओं के साथ जुड़ने से प्रत्यक्ष वित्तीय नुकसान हो सकता है।'

### आरबीआई सर्वेक्षण में 19 प्रमुख शहरों में उपभोक्ताओं का विश्वास रहा स्थिर

आरबीआई के सोमवार को जारी एक सर्वेक्षण के अनुसार, वर्तमान अवधि में देश में उपभोक्ता विश्वास स्थिर बना हुआ है, क्योंकि वर्तमान सामान्य आर्थिक स्थिति और रोजगार पर उच्च निराशावाद वर्तमान आय पर सकारात्मक बदलाव से संतुलित हुआ है। नवंबर 2023 दौर के आरबीआई के द्विमासिक उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण में कहा गया है कि वर्तमान स्थिति सूचकांक पिछले उपभोक्ता सर्वेक्षण दौर से 92.2 पर अपरिवर्तित रहा। परिवारों की वर्तमान कमाई का आकलन जुलाई 2019 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और भविष्य की आय की उम्मीदों में भी और सुधार हुआ। हालांकि, सर्वेक्षण में कहा गया है कि उपभोक्ताओं ने वर्तमान और भविष्य दोनों मूल्य स्थितियों पर नकारात्मक भावनाएं बरकरार रखी हैं। सर्वेक्षण 19 प्रमुख शहरों में सामान्य आर्थिक स्थिति, रोजगार परिदृश्य, समग्र मूल्य स्थिति और स्वयं की आय और खर्च पर परिवारों की वर्तमान धारणाओं (एक साल पहले की तुलना में) और एक वर्ष आगे की अपेक्षाओं को एकत्र करता है।

उत्तरदाता सामान्य आर्थिक स्थिति, रोजगार, आय और व्यय के लिए एक वर्ष आगे की संभावनाओं पर काफी आशावादी रहे; हालाँकि, सामान्य आर्थिक और रोज़गार स्थितियों पर विश्वास पिछले सर्वेक्षण दौर की तुलना में थोड़ा कम था, जिसके कारण सकारात्मक क्षेत्र में भविष्य की उम्मीदों के सूचकांक (एफईआई) में कमी आई, जैसा कि सर्वेक्षण में कहा गया है।

# अगले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की गति से बढ सकती है अर्थव्यवस्थाः एक्सिस बैंक

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक ने आज कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था विकास के मामले में आश्चर्यचकित कर सकती है और मार्च 2024 में समाप्त हो रहे वित्त वर्ष में विकास दर 7 प्रतिशत रह सकती है लेकिन अगले वित्त वर्ष में इसके 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एक्सिस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री और एक्सिस कैपिटल के वैश्विक शोध प्रमुख नीलकंठ मिश्रा ने आज वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में इंडिया इकॉनोमिक एंड मार्केट आउटलुक रिपोर्ट को जारी करते हुये कहा कि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि अगले वित्त वर्ष में इसमें कुछ नरमी दिख सकती है और इसके 6.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि औसत खुदरा महंगाई के चालू वित्त वर्ष में 5.6 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में 4.8 प्रतिशत रहने की संभावना है। चालू वित्त वर्ष में चालू खाता घाटा 1.4 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में इसके 1.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसी तरह से चालू वित्त वर्ष में राजस्व घाटा 8.9 प्रतिशत तक रह सकता है और अगले वित्त वर्ष में यह 8.3 प्रतिशत पर आ सकता है। श्री मिश्रा ने कहा कि ऐसे पॉजिटिव सरप्राइज लगातार दिये जाते रहेंगे, जो ट्रेंड-विकास धारणाओं को नए सिरे से ऊपर उठाने में सहायक होंगे और भारत के जीडीपी पूर्वानुमानों से बढ़कर प्रदर्शन होगा। दुनिया की प्रतिकूल परिस्थितियां बढ़ने से वित्त वर्ष 2025 में विकास में गिरावट आ सकती है। उन्होंने कहा कि वैश्विक प्रतिकूलताओं को दूर करते हुए घरेलू लचीलापन जारी रहने की संभावना है। कई विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारत की जीडीपी वृद्धि आश्चर्यजनक रूप से सकारात्मक है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति धीरे-धीरे लक्ष्य की ओर लौटेगी लेकिन राहत के विकल्प सीमित होंगे। बैंक को उम्मीद है कि मुख्य मुद्रास्फीति धीमी गति से बनी रहेगी, क्योंकि महामारी से पहले के मुकाबले जीडीपी का अंतर कम हो रहा है।

# टाटा पावर, इंडियन ऑयल ने 500 ईवी चार्जिंग पॉइंट के लिए किया समझौता



**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। टाटा पावर और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने देश भर में तेल विपणन कंपनी के पेट्रोल पंपों पर 500 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग पॉइंट शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। टाटा पावर के एक बयान के अनुसार, ये ईवी चार्जिंग पॉइंट मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु, अहमदाबाद, पुणे और कोच्चि जैसे प्रमुख शहरों के साथ-साथ मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे, सलेम-कोच्चि हाईवे, गुंटूर-चेन्नई हाईवे जैसे प्रमुख राजमार्गों पर स्थापित किए जाएंगे। बयान में कहा गया है कि यह रणनीतिक सहयोग एक विश्वसनीय और विस्तृत इंटरसिटी चार्जिंग नेटवर्क बनाने पर केंद्रित है जो शहरों के बीच यात्रा करने वाले ईवी मालिकों के लिए रेंज की चिंता को कम करने में मदद करेगा। यह समझौता भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (टीपीईएम) द्वारा पिछले सप्ताह इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 7,000 चार्जिंग पॉइंट स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद हुआ है। बीपीसीएल ने कहा, 'समझौते का उद्देश्य बीपीसीएल के व्यापक ईंधन स्टेशनों के नेटवर्क और सड़कों पर टाटा ईवी से टीपीईएम की जानकारी का लाभ उठाना है, ताकि टाटा ईवी मालिकों द्वारा अक्सर आने वाले स्थानों पर चार्जर स्थापित किया जा सके।

# काइनेटिक ग्रीन ने लांच किया जुलु ई स्कूटर

**मुंबई,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता काइनेटिक ग्रीन ने नया इलेक्ट्रिक स्कूटर ज़ुलु लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज इसके लांच के मौके पर 'प्लैनेट एट अवर हार्ट' के साथ एक नई ब्रांड पहचान का भी अनावरण किया। इस मौके पर काइनेटिक ग्रीन के संस्थापक और सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा, 'यह काइनेटिक ग्रीन परिवार और बड़े पैमाने पर ईवी उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। काइनेटिक ग्रुप को काइनेटिक होंडा स्कूटर और काइनेटिक लूना जैसे क्रांतिकारी दोपहिया वाहनों के लिए लाखों लोगों द्वारा जाना और पसंद किया गया है। हमारे ई-स्कूटर ज़ुलु के लॉन्च के साथ, काइनेटिक ग्रीन यह घोषणा करते हुए उत्साहित है कि हम आने वाले वर्षों में अपने ग्राहकों के लिए 2-पहिया और 3-पहिया वाहनों की एक श्रृंखला विकसित करेंगे और लाएंगे और अब ' ग्रीन' अवतार में। मैं समाज के लिए नवाचार और सेवा की महान काइनेटिक विरासत को आगे बढ़ाने में सक्षम होने और अब इसमें 'स्थायी गतिशीलता' का एक नया अध्याय जोड़ने में सक्षम होने के लिए धन्य और गौरवान्वित हूं। काइनेटिक ग्रीन के इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन शून्य-उत्सर्जन वाहन होंगे, जिससे हमारा ग्रह हरा-भरा और वायु स्वच्छ बनेगा। वे बहुत कम परिचालन लागत के साथ ग्राहकों के लिए बढ़िया मूल्य और बचत भी लाएंगे। हम वास्तव में इस नए अवतार में दोपहिया यात्रा फिर से शुरू करने के लिए उत्साहित हैं! इसके अलावा, हमारी रीब्रांडिंग जनता के लिए नवीन और सतत गतिशीलता समाधानों की खोज में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जैसे ही हम हरित प्रौद्योगिकी के इस युग में प्रवेश कर रहे हैं, नई ब्रांडिंग ब्रांड के इस इरादे और नेतृत्व को बढ़ावा देगी।'

काइनेटिक ग्रीन का नया ज़ुलू अद्वितीय सुविधाओं और नवाचारों, उल्लेखनीय गति, व्यापक रेंज और शानदार कंफर्ट से भरपूर है। यह वाहन को ईवी पर स्विच करने के इच्छुक लोगों और युवाओं और जेन जेड के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प बनाता है, जिनके लिए ज़ुलू संभवतः स्वतंत्रता और गतिशीलता में उनका पहला प्रयास होगा।

## सार संक्षेप

### रुपया तीन पैसे चढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजार की जारी तेजी के साथ ही आयातकों एवं बैंकरों कि बिकवाली से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया तीन पैसे की बढ़त लेकर 83.37 रुपए प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.40 रुपए प्रति डॉलर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया एक पैसे बढ़कर 83.39 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान बिकवाली होने से 83.37 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और इसी स्तर पर बंद हुआ। वहीं, लिवली होने से यह 83.40 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### देश में इस साल ब्लू-कॉलर कर्मचारियों की नियुक्ति 7.4 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में ब्लू-कॉलर कार्यबल में 2023 में नियुक्ति में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई जिसमें लॉजिस्टिक्स, निर्माण और रियल एस्टेट, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी शानदार नौकरी के अवसरों के लिए टॉप सेक्टर के रूप में उभरे। नियुक्ति में वृद्धि के मामले में कोलकाता लीडिंग मेट्रो सिटी के रूप में उभरा। पुणे और चंडीगढ़ रोजगार के अवसरों में पर्याप्त प्रगति प्रदर्शित करते हुए टॉप-टियर 2 शहर रहे। ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड के अनुसार, एसएमबी की वृद्धि, शहरीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास, सर्विस सेक्टर का विस्तार और लागत प्रभावी श्रम बाजार सहित कई फैक्टर्स इन शहरों में बढ़ती नौकरी वृद्धि में योगदान दे रहे हैं। इनडीड इंडिया के बिक्री प्रमुख शशि कुमार ने कहा, '2023 में विशेष रूप से टियर-2 शहरों में नियुक्ति में पर्याप्त वृद्धि देखी गई। 2024 को देखते हुए, नई तकनीक अपनाने वाले संगठन उज्ज्वल भविष्य के लिए नौकरी चाहने वालों के बीच स्किल्स बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हैं।' ब्लू-कॉलर नियोक्ताओं (49 प्रतिशत) ने 2023 में जनरेशन जेड टैलेंट (26 साल से कम उम्र वाले) की तलाश की, जबकि वाइट-कॉलर (41 प्रतिशत) ने मिलेनियल (27 से 41 की उम्र के) उम्मीदवारों की तलाश की।

### मस्क ने कंट्रोवर्शियल एलेक्स जोन्स का एक्स अकाउंट किया बहाल

सैन फ्रांसिस्को। एलन मस्क ने रेडियो कार्यक्रम प्रस्तोता एलेक्स जोन्स का एक्स अकाउंट बहाल कर दिया है। बता दें कि जोन्स को कंपनी की अपमानजनक व्यवहार नीति का उल्लंघन करने के लिए 2018 में ट्विटर से निलंबित कर दिया गया था। पिछले हफ्ते मस्क ने कहा था कि वह जोन्स को बहाल करने पर विचार करेंगे। मस्क ने पोस्ट किया, 'चूंकि यह प्लेटफॉर्म ग्लोबल टाउन स्क्वायर बनने की आकांक्षा रखता है, इसलिए परमानेंट बैन अत्यंत दुर्लभ होना चाहिए।' मस्क ने रविवार को एक्स पर एक सर्वेक्षण शुरू करने के बाद बहाली की पुष्टि की, जिसमें लगभग 2 मिलियन वोट मिले, इसमें लगभग 70 प्रतिशत जोन्स को बहाल करने के पक्ष में थे। मस्क ने जवाब में पोस्ट किया, 'लोगों ने बात की है और ऐसा ही होगा' उन्होंने कहा कि जोन्स 'कानून नहीं तोड़ सकते।

# सेंसेक्स 70 हजार और निफ्टी 21 हजार अंक के करीब



**मुंबई,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों के नए वर्ष से ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की संभावना में विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सेंसेक्स 70 हजार और निफ्टी 21 हजार अंक के करीब पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 102.93 अंक की तेजी के साथ 69928.53 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 27.70 अंक बढ़कर 20997.10 अंक पर पहुंच गया। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली की रफ्तार दिग्गज कंपनियों से अधिक रही। इससे मिडकैप 0.91 प्रतिशत की छलांग लगाकर 35,610.50 अंक और स्मॉलकैप 0.71 प्रतिशत उछलकर 41,394.60 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 4035 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2391 में लिवाली जबकि 1467 में बिकवाली हुई वहीं 177 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियाँ लाभ जबकि शेष 22 नुकसान में रही। बीएसई में तेल एवं गैस और हेल्थकेयर समूह की 0.38 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 18 में लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज़ 1.16, सीडी 0.50, ऊर्जा 0.09, एफएमसीजी 0.60, वित्तीय सेवाएं 0.13, इंडस्ट्रियल्स 0.82, आईटी 0.37, दूरसंचार 0.44, यूटिलिटीज 0.67, ऑटो 0.48, बैंकिंग 0.04, कैपिटल गुड्स 0.76, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.42, धातु 1.10, पावर 0.59, रियल्टी 0.92, टेक 0.32 और सर्विसेज समूह के शेयरों में 0.95 प्रतिशत की तेजी रही।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.02, जापान का निक्केई 0.50 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.74 प्रतिशत की मजबूती रही। वहीं, ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.32 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.81 प्रतिशत फिसल गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 100 अंक की तेजी के साथ 69,925.63 अंक पर खुला और थोड़ी देर बाद ही 70,057.83 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। लेकिन, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर से पहले 69,782.48 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 69,825.60 अंक की तुलना में 0.15 प्रतिशत बढ़कर 69,928.53 अंक पर रहा।

निफ्टी मामूली गिरावट के साथ 20,965.30 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 21,026.10 अंक के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर जबकि 20,923.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,969.40 अंक के मुकाबले 0.13 अंक उठकर 20,997.10 अंक हो गया। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में अल्ट्रासिमको 3.04, नेस्ले इंडिया 1.30, पावरग्रिड 1.05, टाटा मोटर्स 0.85, इंडसइंड बैंक 0.82, एचसीएल टेक 0.81, एनटीपीसी 0.74, आईटीसी 0.70, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.67, टाटा स्टील 0.66, आईसीआईसीआई बैंक 0.60, टेक महिंद्रा 0.59, टीसीएस 0.44, कोटक बैंक 0.36, एलटी 0.17, रिलायंस 0.12, एसबीआई 0.06 और सन फ़ार्मा 0.02 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, एक्सिस बैंक 1.26, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.99, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.67, मारुति 0.59, बजाज फिनसर्व 0.43, विप्रो 0.39, बजाज फाइनेंस 0.23, भारती एयरटेल 0.21, एचडीएफसी बैंक 0.14, इंफ़ोसिस 0.13 और टाइटन ने 0.10 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# विद्यार्थियों को जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजी में कौशल प्रदान करने का समझौता

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। अग्रणी शोध संस्थान सेंटर फॉर नॉलेज सॉवरेनटी (सीकेएस) और भौगोलिक सूचना प्रौद्योगिकी (जीआईएस) समाधान क्षेत्र की कंपनी एसरी इंडिया टेक्नोलॉजीज़ ने देश में विद्यार्थियों को किसी जगह-जमीन की स्थिति की जांच-परख और नियोजन में सहायक को जियोस्पैटियल टेक्नोलाजी का कौशल प्रदान करने का कार्यक्रम चलाने के लिए हाथ मिलाया है। सोमवार को यहां आयोजित इस समझौते के बारे में जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, 'मास्टर मेंटर्स जियो एनेबलिंग इंडियन स्कॉलर्स' (एमएमजीईआईएस) प्रोग्राम का लक्ष्य आठवीं कक्षा से स्नातक स्तर के विद्यार्थी हैं और इसके तहत भारत को जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजी के लिए भारत को एक वैश्विक कौशल और नवाचार हब बनाने का लक्ष्य रखा गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष किरण कुमार की मौजूदगी में इस सहमति ज्ञापन पर सेंटर फॉर नॉलेज सॉवरेनटी के सचिव विनीत गोयनका और एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेंद्र कुमार द्वारा हस्ताक्षर किया गया।

**प्रोग्राम का लक्ष्य आठवीं कक्षा से स्नातक स्तर के विद्यार्थी हैं और इसके तहत भारत को जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजी के लिए भारत को एक वैश्विक कौशल और नवाचार हब बनाने का लक्ष्य रखा गया**

बयान के अनुसार इस कार्यक्रम के तहत प्रति वर्ष एक लाख विद्यार्थियों को समर्थ बनाने के लक्ष्य के साथ स्कूल और कॉलेज स्तर पर जियोस्पैटियल के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसरो के पूर्व चेयरमैन किरण कुमार, आईएमडी के पूर्व महानिदेशक डाक्टर केजे रमेश और भारत के पूर्व महासर्वेक्षक गिरीश कुमार जैसे अग्रणी वैज्ञानिकों के निर्देशन में उदीयमान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर अगली पीढ़ी के जियोस्पैटियल अनुसंधान एवं नवोचर के लिए मंच तैयार करने के लिहाज से इस प्रोग्राम को डिजाइन किया गया है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस कार्यक्रम को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर जनवरी, 2024 में शुरू किया जा रहा है और पूर्ण रूप से इसे जून, 2024 में प्रारम्भ किया जाएगा।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख



**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि मूंग दाल सस्ती हो गई वहीं गेहूं के भाव चढ़ गए।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट चढ़कर 3635 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.18 सेंट की तेजी के साथ 50.38 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 74 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि मूंगफली तेल 110 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में मूंग दाल में 100 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर शेष दाल-दलहन में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

# यूपी में कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 14 दिसम्बर तक आवेदन कर सकेंगे किसान



**लखनऊ,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश सरकार कृषि यंत्रीकरण की समस्त योजनाओं के अंतर्गत कृषि यंत्र/कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेंटर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर व स्माल गोदाम पर अनुदान प्राप्त करने का अवसर किसानों को उपलब्ध करा रही है। कृषि यंत्र वितरण के लिए लाभार्थी चयन में पहले आओ-पहले पाओ व्यवस्था को समाप्त कर प्राप्त आवेदन के लिए बुकिंग में ई-लॉटरी के माध्यम से लाभार्थी के चयन की व्यवस्था प्रारंभ की गई है। अभी 10 हजार रुपये से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों के आवेदन के लिए बुकिंग प्रक्रिया चल रही है। कृषि यंत्रीकरण की योजनाओं- एनएफएसएम, एसएमएएम, एनएमएओ (ओएस-टीबीओ) में कृषि यंत्र/कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेंटर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर व स्माल गोदाम पर अनुदान प्राप्त करने के लिए आवेदन व बुकिंग 30 नवंबर से चल रही है जो 14 दिसंबर तक चलेगी। समस्त बुकिंग की सूची से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष रखी जाएगी। विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जायेगा।

कृषि विभाग के अनुसार, लाभार्थी/कृषक विभागीय दर्शन पोर्टल पर 'यंत्र पर अनुदान हेतु टोकन निकालें' लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ई-लॉटरी व्यवस्था में लक्ष्य के अनुरुप चयनित किये जाने वाले लाभार्थियों की संख्या के अतिरिक्त लक्ष्य का 50 प्रतिशत तक क्रमवार प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जायेगी। लक्ष्य की पूर्ति न होने की दशा में अवशेष लक्ष्यों के सापेक्ष ई-लॉटरी द्वारा तैयार प्रतीक्षा सूची के क्रम में लाभार्थी का चयन किया जायेगा। ई-लॉटरी हेतु स्थल, तिथि एवं समय की जानकारी आवेदकों को संबंधित जनपदीय उप कृषि निदेशक द्वारा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। लेजर लैंड लेवलर, पोस्ट होल डीगर, पोटैटो प्लान्टर, पोटैटो डीगर, शुगर केन कटर प्लांटर, शुगर केन थ्रेस कटर, शुगर केन रेटून मैनेजर, हैरो, कल्टीवेटर, पावर स्प्रेयर, मल्टीक्रॉप थ्रेसर, पावर चैफ कटर, स्ट्रा रीपर, ब्रस कटर, मिनी राइस मिल, मिनी दाल मिल, मिलेट मिल, सोलर ड्रायर, ऑयल मिल विद फिल्टर प्रेस, पैकिंग मशीन, रोटावेटर, ट्रैक्टर माउण्टेड स्प्रेयर, ब्रिकेट मेकिंग मशीन, यूरिया डीप प्लेसमेन्ट एप्लीकेटर, सेल्फ प्रोपेल्ड यंत्र, पावर टिलर, पावर वीडर, कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर एस.एम.एस., राइस ट्रांसप्लांटर, जीरो टिल मल्टीक्रॉप प्लांटर, मेज सेलर, हैप्पी सीडर, रीपर कम बाइण्डर, सामुदायिक थ्रेसिंग फ्लोर, छोटा गोदाम, कस्टम हायरिंग सेन्टर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग आदि पर अनुदान का लाभ मिलेगा।


# खेल जगत

## 2019 के बाद भारतीय महिला क्रिकेट में आया बदलाव : गांगुली

**मुंबई,** 11 दिसंबर (एजेंसिां)। भारत के पूर्व कप्तान और आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के वर्तमान क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली का मानना है कि देश में महिला क्रिकेट ने 2019 के बाद से पुरुषों की तुलना में अधिक प्रगति की है, खासकर जब से महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) शुरू हुई है। सौरव गांगुली ने कहा, यह एक बहुत बड़ा टूर्नामेंट है। यह पहले साल में जिस स्तर पर है उसे देखकर मैं बहुत खुश हूं। यह काफी समय से हमारे दिमाग में था, लेकिन कोविड के कारण ऐसा नहीं हो सका। लेकिन टूर्नामेंट ने महिला क्रिकेटरों के लिए शानदार काम किया। भारत में महिला क्रिकेट ने 2019 के बाद से जो प्रगति की है वह शायद पुरुष टीम से अधिक है। पुरुषों की टीम हमेशा बहुत अच्छी रही है। लेकिन, महिला टीम की यात्रा शानदार है। एशिया कप जीतने से लेकर, जिस तरह से उन्होंने विश्व कप और फिर राष्ट्रमंडल खेलों में प्रदर्शन किया, वह यादगार और अब तक का सर्वश्रेष्ठ था।



# दक्षिण अफ्रीका को हराकर रोहित लिख सकते हैं नया इतिहास : इरफान



**नई दिल्ली,** 11 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने कहा है कि अगर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दक्षिण अफ्रीका पर जीत हासिल करने में सफल रहे तो उनका नाम भारतीय क्रिकेट इतिहास में दर्ज हो जाएगा।

रोहित शर्मा, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला से आराम लिया है। 26 दिसंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के कप्तान होंगे। भारत ने कभी भी प्रोटियाज़ के खिलाफ कोई टेस्ट सीरीज़ नहीं जीती है और इरफ़ान का मानना है कि रोहित टेस्ट क्रिकेट में नया इतिहास लिख सकते हैं।

इरफान पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, अगर रोहित शर्मा दक्षिण अफ्रीका में जीत दिलाने में सफल रहे तो उनका नाम भारत के क्रिकेट इतिहास में कप्तान और खिलाड़ी के तौर पर सबसे ऊपर रखा जाएगा, क्योंकि इन दोनों मैचों में जीत की चाबी उन्हीं के पास है। वह सलामी बल्लेबाज और कप्तान दोनों हैं। यदि आप नई गेंद के खिलाफ चुनौती पार कर लेंगे तो आपके अन्य बल्लेबाजों को चमकने का मौका मिलेगा। इसलिए आपको नई गेंद के खिलाफ जिम्मेदारी उठानी होगी। इरफान ने आगे कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान रोहित और विराट कोहली पर काफी कुछ निर्भर करेगा। हालांकि, इरफान ने रोहित को नई गेंद के खिलाफ अच्छा खेलने, रन बनाने और टीम को आगे ले जाने की सलाह भी दी। रोहित ने प्रोटियाज़ के खिलाफ नौ टेस्ट मैचों में 42.37 की औसत से 678 रन बनाए हैं।

पठान ने कहा, जब वह इंग्लैंड गए तो वह पूरी तरह से तैयार होकर गए और टेस्ट सीरीज में अद्भुत बल्लेबाजी की। मुझे लगता है कि आप रोहित शर्मा को जाने से पहले उसी जुनून के साथ तैयारी करते हुए देखेंगे। रोहित की चुनौती नई गेंद को खेलना, रन बनाना और अपनी टीम को आगे ले जाना होगा। इस टीम में हमारे दो बड़े भाई हैं, रोहित और विराट कोहली। उन दोनों पर बहुत अधिक निर्भरता होगी।

# रोहित के बाद हार्दिक करेंगे मुंबई इंडियंस का नेतृत्व !

**सूरत।** टीम इंडिया की लिमिटेड ओवर टीम के कप्तान की पहेली अभी भी मुसीबत बनी हुई है। हालांकि, मुंबई इंडियंस आईपीएल टीम में रोहित शर्मा के युग के बाद हार्दिक पांड्या अगले कप्तान की भूमिका निभा सकते हैं। गुजरात टाइटन्स के साथ दो साल के कार्यकाल के बाद मुंबई इंडियंस टीम में फिर से शामिल होने के बाद हार्दिक पांड्या काफी खुश हैं। जीटी के साथ उन्होंने दो साल बतौर कप्तान खेला है और शानदार प्रदर्शन भी किया। जिसमें एक सीजन में वो चैंपियन रहे जबकि दूसरे सीजन में उपविजेता बने। वहीं, मुंबई इंडियंस के साथ वह चार आईपीएल खिताब (2015, 2017, 2019 और 2020) पहले ही जीत चुके हैं। श्रीलंका के पूर्व गेंदबाज दिलहारा फर्नांडो का मानना है कि हार्दिक को मुंबई इंडियंस की कप्तानी करनी चाहिए क्योंकि उनमें एक टीम की कप्तानी करने के लिए नेतृत्व गुण हैं। 2008 से 2011 के बीच मुंबई इंडियंस आईपीएल फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे फर्नांडो ने आईएएनएस के साथ एक खास बातचीत में मुंबई इंडियंस की संस्कृति के बारे में बात की। फर्नांडो ने कहा, मुझे लगता है कि हार्दिक का एमआई में जाना एक अच्छा विकल्प है क्योंकि उनमें नेतृत्व के गुण हैं। मुझे लगता है कि रोहित शर्मा के बाद वह मुंबई इंडियंस का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा, हम हमेशा बहुत प्रतिस्पर्धी रहे हैं। हम हर खेल को गंभीरता से लेते हैं और ड्रेसिंग रूम का माहौल शानदार था जहां वरिष्ठ खिलाड़ी युवाओं के साथ अपने अनुभव साझा करते थे। मेरे युग के दौरान, यह मेरे लिए वास्तव में एक अच्छा अनुभव था। मुंबई इंडियंस के साथ हार्दिक की यात्रा 2015 में शुरू हुई और उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें 2016 में भारतीय राष्ट्रीय टीम में जगह दिलाई। हार्दिक ने 2015 से 2021 तक अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए मुंबई इंडियंस की आईपीएल जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज ड्वेन स्मिथ, जिन्होंने 2013 में मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल खिताब जीता था। उन्होंने कहा कि आईपीएल 2024 से पहले हार्दिक के शामिल होने से मुंबई इंडियंस थोड़ा मजबूत हो गई है। आईपीएल 2024 की नीलामी 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली है। मुंबई इंडियंस के रिटेन खिलाड़ी- आकाश मधवाल, अर्जुन तेंदुलकर, डेवाल्ड ब्रेविस, ईशान किशन, जेसन बेहरेनडॉर्फ, जसप्रीत बुमराह, कुमार कार्तिकेय सिंह, तिलक वर्मा, नेहल वढेरा, पीयूष चावला, रोहित शर्मा, रोमारियो शेफर्ड (टी), शम्स मुलानी, सूर्यकुमार यादव, टिम डेविड, विष्णु विनोद, हार्दिक पांड्या

# ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन करना प्राथमिकता : हफीज



**पर्थ,** 11 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान टीम के डायरेक्टर मोहम्मद हफीज का मानना है कि शान मसूद की अगुवाई वाली टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज की चुनौती के लिए तैयार है और देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में कभी भी टेस्ट सीरीज़ नहीं जीती है। उनका आखिरी दौरा 2019/20 सीज़न में हुआ था। तब मेजबान टीम ने दोनों मैचों में पारी के अंतर से जीत हासिल करते हुए 2-0 से सीरीज़ जीत हासिल की थी।

14 दिसंबर से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज की शुरुआत से पहले हफीज ने कहा, पाकिस्तान की यह टेस्ट टीम अच्छी तरह से स्थापित है और उन्होंने अतीत में देश के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। यह देखकर खुशी होती है कि ये लोग चुनौतियों का सामना करने के लिए उत्साहित हैं और ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। पाकिस्तान को लेग स्पिनर अबरार अहमद की कमी खलेगी, जो पर्थ टेस्ट से बाहर हो गए हैं और दाहिने पैर की चोट के कारण पुनर्वास से गुजर रहे हैं। ताकि वह 26-30 दिसंबर तक मेलबर्न में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए फिट हो सकें।

हफीज ने पिंडली की चोट से उबरने के बाद नाथन लियोन की ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में वापसी के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, नाथन लियोन एक महान गेंदबाज हैं। उन्होंने अपनी टीम के लिए टेस्ट मैच जीते हैं लेकिन हम आम तौर पर ऑफ-स्पिन अच्छा खेलते हैं। हमने पिछली कुछ श्रृंखलाओं में उनके खिलाफ काफी रन बनाए हैं। मुझे उम्मीद है कि हमारे बल्लेबाज इस सीरीज में भी उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### हफीज ने कैनबरा में अभ्यास पिच की आलोचना की

पाकिस्तान टीम के निदेशक मोहम्मद हफीज ने कैनबरा में पाकिस्तान के अभ्यास मैच के लिए बनाई गई पिच और परिस्थितियों की आलोचना करते हुए कहा है कि वह वास्तव में व्यवस्थाओं से आश्चर्यचकित और निराश हैं। सुबह के प्रशिक्षण सत्र के बाद वाका मैदान में पत्रकारों से बात करते हुए हफीज ने कहा कि पाकिस्तान चुनौती को लेकर उत्साहित है लेकिन कैनबरा में प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ खेल के लिए दौरे की व्यवस्था से विशेष रूप से परेशान करने वाली है। उन्होंने कहा, यह ऑस्ट्रेलिया में मेहमान टीम द्वारा खेली गई सबसे धीमी पिच है। उन्होंने कहा, एक टीम के रूप में हम वास्तव में अपनी तैयारियों से खुश हैं क्योंकि हम अधिकांश मापदंडों पर खरा उतरे है। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है पिच वैसी नहीं है जैसी हम चाहते थे। इसलिए इसे बार-बार कहने और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ इस मुद्दे को उठाने का कोई मतलब नहीं है। निराशा वास्तव में बहुत अधिक थी क्योंकि हम इस प्रकार की व्यवस्था की उम्मीद नहीं कर रहे थे। शायद यह सामरिक है लेकिन हम इसके लिए तैयार हैं। हम इसे बहाने के रूप में इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं, हम आने वाली चुनौतियों के लिए बिल्कुल तैयार हैं।

# पांच देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम स्पेन रवाना

**बेंगलुरु,** 11 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने स्पेन में होने वाले पांच देशों के वालेंसिया 2023 टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए सोमवार को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) से उड़ान भरी।

भारतीय महिला हॉकी टीम 15 दिसंबर को टूर्नामेंट के पहले मैच में मेजबान स्पेन से भिड़ेगी और 16 दिसंबर को बेल्जियम, 19 दिसंबर को जर्मनी और अपने आखिरी मुकाबले में आयरलैंड से भिड़ेगी।

इसी तरह भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने पांच देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 में 15 दिसंबर को पहले मैच में मेजबान स्पेन से, उसके बाद 16 दिसंबर को बेल्जियम से, 19 दिसंबर को जर्मनी से और 20 दिसंबर को फ्रांस से भिड़ेंगी। वेलेंसिया के लिए उड़ान भरने से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा, पांच देशों का टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 हमें सभी महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 से पहले दुनिया की कुछ शीर्ष हॉकी टीमों के खिलाफ अमूल्य अनुभव मिलेगा। टूर्नामेंट में जाने से हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हम अपने कवच की सभी कमियों को दूर करें और अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से खेलें।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस दौरान कहा, वर्तमान में हम दुनिया में तीसरे स्थान पर हैं, लेकिन हम पेरिस से आगे अपनी महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप सीढ़ी पर और ऊपर चढ़ने का प्रयास करेंगे। 2024 ओलंपिक ऐसा करने के लिए हमें वालेंसिया में आने वाली कठिन टीमों के खिलाफ अपनी क्षमता का परीक्षण करना होगा और सुनिश्चित करना होगा कि हम शीर्ष पर आएं। यह एक शानदार अनुभव होगा और टीम पांच देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 में खेलने को उत्सुक है।

# वसीम अकरम ने पर्थ की पिच को लेकर पाकिस्तान को दी चेतावनी

**नई दिल्ली,** 11 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से पहले पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज वसीम अकरम ने टीम के खिलाड़ियों को पर्थ की उछाल भरी पिच से सावधान रहने की सलाह दी है। उनका मानना है कि यह पाकिस्तान के लिए एक बड़ी परीक्षा होगी। नए टेस्ट कप्तान शाह मसूद के नेतृत्व में पाकिस्तान की पुरुष टीम ने कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया पीएम एकादश के खिलाफ चार दिवसीय अभ्यास मैच खेला, जो 14 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले पाकिस्तान की तैयारी का एक हिस्सा था।

> ऑस्ट्रेलिया एक कठिन देश है, आखिरी बार पाकिस्तान ने यहां 1995 में टेस्ट सीरीज जीती थी। एक नए कप्तान के लिए एक कठिन शुरुआत। लेकिन अगर वे यहां अच्छा प्रदर्शन करते हैं और शक्तिशाली आस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हैं तो इससे उन्हें बहुत आत्मविश्वास मिलेगा : वसीम अकरम

वसीम अकरम ने कहा, ठीक है। कप्तान ने 200 बनाए इसलिए थोड़ा आत्मविश्वास है। लेकिन नया प्रबंधन, नया कप्तान इसमें समय लगेगा खासकर पर्थ में पहले टेस्ट मैच पर उन्हें ज्यादा ध्यान देना होगा। हम जानते हैं कि पिच बहुत उछाल वाली है और यह पिच कैनबरा से बिल्कुल अलग होगी। यह इस टीम के लिए एक बड़ी परीक्षा होगी। पाकिस्तान ने पिछले सप्ताह कैनबरा में अभ्यास मैच में रनों का अंबार लगाया था जिसमें कप्तान शाह मसूद ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में शानदार नाबाद 201 रन बनाए थे, जिसके बाद टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 391 रनों पर पारी घोषित की। जवाब में पीएम एकादश ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट खोकर 367 रन बनाए लेकिन मैच ड्रा रहा।

अकरम ने यह भी कहा कि इतिहास पाकिस्तान के पक्ष में नहीं है क्योंकि पिछले दो दशकों में पाकिस्तान ने अनुकूल परिणाम नहीं दिए हैं और टेस्ट में एक भी जीत दर्ज करने में असफल रहा है। उन्होंने आखिरी बार 1995 में ऑस्ट्रेलियाई धरती पर जीत का दावा किया था।



अकरम ने कहा, ऑस्ट्रेलिया एक कठिन देश है, आखिरी बार पाकिस्तान ने यहां 1995 में टेस्ट सीरीज जीती थी। एक नए कप्तान के लिए एक कठिन शुरुआत। लेकिन अगर वे यहां अच्छा प्रदर्शन करते हैं और शक्तिशाली आस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हैं तो इससे उन्हें बहुत आत्मविश्वास मिलेगा। पाकिस्तान 14 दिसंबर को पर्थ में पहले टेस्ट मैच में पैट कमिंस की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

# राजस्थान, कर्नाटक, हरियाणा और तमिलनाडु विजय हजारे ट्रॉफी सेमीफाइनल में

**राजकोट/सौराष्ट्र** 11 दिसंबर (एजेंसियां) विजय हजारे ट्रॉफी के सोमवार को खेले गये चार क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में राजस्थान, कर्नाटक, हरियाणा और तमिलनाडु ने अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।





पहले क्वार्टर फाइनल में हरियाणा ने बंगाल को चार विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बंगाल ने शाहबाज अहमद की 100 रनों की शतकीय पारी की मदद से 225 रन बनाए। इसके आलवा अभिषेक पोरेल ने 24 रन, सुदीप कुमार घरामी और प्रदीप्ता प्रमाणिक 21-21 रन बनाये। हरियाणा की ओर से युजवेंद्र चहल ने चार विकेट लिये। 226 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा के सलामी बल्लेबाज अंकित कुमार 102 रन शतकीय पारी खेली। इसके अलावा कप्तान अशोक मनेरिया ने 39 रन, निशांत सिंधु 27रन बनाये। राहुल तेवतिया और सुमित कुमार 10 रन बनाकर नाबाद रहे। हरियाणा ने 45.1 ओवर में छह विकेट पर 226 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

बंगल की ओर से प्रदीप्ता प्रमाणिक और मोहम्मद कैफ ने दो-दो विकेट लिये। ईशान पोरेल और शाहबाज अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

दूसरे क्वार्टर फाइनल में राजस्थान ने पहले खेलते हुए महिपाल लोमरोर नाबाद 122 और कुनाल सिंह राठौड़ (66) की पारियों की मदद से आठ विकेट पर 267 रन स्कोर बनाया। केरल की ओर से अखिन सथर ने तीन विकेट लिए। तुलसी थम्पी ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। 267 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी केरल की पूरी टीम 21 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 67 रन सिमट गई। केरल की ओर से सचिन बेबी ने सबसे अधिक 28 रन बनाये। राजस्थान से अनिकेत चौधरी ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए, अराफात खान को तीन विकेट मिले। खलील अहमद ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

तीसरे क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक ने शानदार गेंदबाजी करते हुए विदर्भ महज 173 रन पर ढेर कर दिया।

# हेड और नाहिदा नवंबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये

**नई दिल्ली,** 11 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रेविस हेड और बंगलादेश की ऑलराउंडर नाहिदा अख्तर को नवंबर 2023 के लिए पुरुष और महिला वर्ग में अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना है। ऑस्ट्रेलिया को छठी बार एकदिवसीय विश्वकप का चैंपियन बनाने में ट्रैविस हेड का अहम योगदान रहा। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में जबरदस्त पारियां खेलते हुए दोनों मुकाबलों में टीम को जीत दिलाई थी। हेड ने विश्वकप के पांच मैचों में 44 की औसत से 220 रन बनाये थे। वहीं, भारत के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के तीसरे मुकाबले में 18 गेंदों में 35 रन बनाये थे। उन्होंने अपने साथी खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल और भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है।

आईसीसी द्वारा प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने को लेकर ट्रैविस हेड ने कहा कि इस अवार्ड से सम्मानित होना बड़े सम्मान की बात है, लेकिन यह टीम प्रयास है। सभी प्रारूपों में मेरी टीम के साथियों के बिना ऐसा नहीं होता। इसलिए इस तरह के अवार्ड उनके लिए भी उतने ही हैं जितने मेरे लिए। नाहिदा अख्तर ने पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई थी। बंगलादेश ने पिछले महीने एकदिवसीय सीरीज में पाकिस्तान को 2-1 से हराया। उस सीरीज में नाहिदा का विशेष योगदान रहा था उन्होंने तीन मैचों में सात विकेट चटकाए थे और प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बनी थीं। नाहिदा ने प्लेयर ऑफ द मंथ का चुने जाने पर कहा, यह संजोने का क्षण है। क्रिकेट एक्सपर्ट्स के इस प्रतिष्ठित पैनल द्वारा मान्यता प्राप्त करना बहुत मायने रखता है और आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड जीतना मेरे लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत होगा।

# भारत को जू. हॉकी टीम को नीदरलैंड के खिलाफ क्वॉर्टर फाइनल में जीत के लिए स्ट्रक्चर पर काबिज रहना होगा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। भारत ने स्ट्राइकर ऑलराउंडर अरिजित सिंह हंदल की हैट्रिक से दक्षिण कोरिया को 4-2 से हरा कर आगाज करने के बाद अगले मैच में स्पेन से 1-4 से मिली हार से उबर कनाडा को क्वालालंपुर में एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में शनिवार को अपने तीसरे और आखिरी मैच में 10-1 से हरा कर दूसरी जीत के साथ कुल छह अंकों के साथ पूल सी में दूसरे स्थान पर क्वॉर्टर फाइनल में स्थान पाया। उत्तम सिंह की अगुआई वाली भारतीय जूनियर टीम अब क्वॉर्टर फाइनल में पूल डी में दो जीत और एक जीत के साथ शीर्ष पर रहने वाली नीदरलैंड से भिड़ेगी। भारत की जूनियर टीम के लिए उत्साह बढ़ाने वाली बात यह है कि पाकिस्तान की जूनियर टीम ने पूल डी में तीन बार पिछड़ने के बावूजद नीदरलैंड को अपने पहले ही मैच में पिछड़ने के बाद तीन-तीन गोल की बराबरी पर रोका था। ऐसे में भारत की जूनियर टीम को नीदरलैंड के खिलाफ क्वॉर्टर फाइनल के लिए यह हौसला जरूर मिलेगा कि यदि वह अपने 'स्ट्रक्चर' पर काबिज रहे तो जरूर ही उसके खिलाफ जीत हासिल कर सकती है। साथ ही भारतीय जूनियर टीम के खिलाड़ियों को बेवजह कार्ड लेकर मैदान से बाहर जाने से बचना होगा।

**12 दिसंबर : क्वॉर्टर फाइनल, भारत वि. नीदरलैंड, सुबह पौने नौ बजे से**



- भारत की जू. टीम के खिलाड़ियों को बेवजह कार्ड लेने से बचना होगा
- भारत की जू. टीम के कप्तान उत्तम बोले, नीदरलैंड के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ खेल खेलें

भारत की जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने कहा, %हमने इस जूनियर हॉकी विश्व कप में अच्छी हॉकी खेली है । कनाडा पर मिली 10-1 से जीत से अब नॉकआउट क्वॉर्टर फाइनल के लिए निश्चित रूप से हमारा आत्मविश्वास बढ़ेगा। हम नीदरलैंड के खिलाफ क्वॉर्टर फाइनल में भी पूरी क्षमता से अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाने की कोशिश करेंगे।' भारत की जूनियर टीम के कोच सीआर कुमार ने कहा, हमारे लड़के हर चुनौती के लिए तैयार हैं। हम इस जूनियर हॉकी विश्व कप में एक समय केवल एक मैच की बाबत सोच आगे बढ़ रहे हैं। बेशक क्वॉर्टर फाइनल बड़ा मैच है पर हमारे लड़के इसके लिए तैयार हैं।' भारत की जूनियर टीम को नीदरलैंड पर जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में पहुंचना है तो अग्रिम पंक्ति में उसके लिए पहले मैच में हैट्रिक जमाने वाले स्ट्राइकर अरिजित सिंह हंदल, कप्तान उत्तम सिंह, सुदीप चिरिमाको, बॉबी सिंह धामी और आदित्य अर्जुन लालगे जैसे स्ट्राइकरों को आक्रामक सेंटर हाफ विष्णुकांत और राजिंदर के अभियानों का लाभ उठाकर खुद मैदानी गोल करने के साथ बराबर पेनल्टी कॉर्नर भी बनाने होंगे। साथ ही भारत की रक्षापंक्ति में रोहित, अमनदीप के साथ गोलरक्षक मोहित को पूरी मुस्तैदी दिखा कर नीदरलैंड के लिए तीन तीन गोल करने वाले स्ट्राइकर ओलिवर होरनटियूस व बोरिस कैस्पर वान डेर वीन, ड्रैग फ्लिकर टिमो बोरेस और कप्तान मिनो बोरेन से चौकस रहना होगा। भारत के खिलाडियों को बेवजह नीदरलैंड के खिलाफ कार्ड लेकर मैच से बाहर होने से बचना होगा। खासतौर पर रोहित और बॉबी अति उत्साह में गेंद को कब्जे में लेकर शुरू के तीन मैचों पीले कार्ड लेकर गलत वक्त पर मैच से बाहर होते रहे हैं और इसकी भारत ने बड़ी कीमत चुकाई है।

## सार संक्षेप

### वायुसेना ने फ्रेंड्स यूनाइटेड को ड्रॉ पर रोका

**नई दिल्ली।** दूसरी डीएसए प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में भारतीय वायुसेना ने फ्रेंड्स यूनाइटेड को 3-3 की बराबरी पर रोककर न सिर्फ अंक बांटे उसने अपना सम्मान भी बचाया। अंबेडकर स्टेडियम में आज खेले गए मुकाबले में अच्छे खेल के साथ साथ दर्शनीय गोल भी देखने को मिले। दिन के दूसरे मैच में तरुण संघा ने रॉयल रेंजर्स से गोल रहित बराबरी की और महत्वपूर्ण अंक छीन लिया। फ्रेंड्स यूनाइटेड ने पहले हाफ में तीन गोलों की मजबूत बढ़त बनाने के बाद जैसे हथियार डाल दिए। मध्यांतर के बाद वायुसेना ने जोरदार उड़ान भरी और प्रतिद्वंद्वी के हाथ से निश्चित जीत छीन ली। हेमंत ठाकुर, अभिषेक रावत और अंकित के गोलों से 3-0 की बढ़त लेने वाले फ्रेंड्स यूनाइटेड की ढील वायुसेना के लिए वरदान साबित हुई और वायुसैनिकों ने दनादन हमले बोल कर तीन दमदार गोल ठोक डाले। विवेक कुमार, मोहम्मद आकिब और सौरभ साधुखान के गोल बढ़ चढ़ कर रहे। विशेषकर प्लेयर ऑफ द मैच आकिब की फ्री किक लाजवाब रही। वहीं एक अन्य मुकाबले में तरुण सांघा ने अपने से बेहतर रॉयल रेंजर्स का न सिर्फ डट कर मुकाबला किया बल्कि अंक भी छीना। तरुण संघा ने अधिकांश समय मैच में दबदबा बनाए रखा।

### बंगलादेश ने जापान पर नौ विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की

**दुबई।** बंगलादेश ने सोमवार को अंडर-19 क्रिकेट एशियाकप में ग्रुप बी के मुकाबले में जापान को 99 रन पर समेटने के बाद आशिकुर रहमान शिबली के नाबाद 55 रनों की अर्धशतकीय पारी बदौलत 11.2 ओवर में 100 रन बनाकर नौ विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। बंगलादेश के लिए जिशान आलम ने 16 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाये। उन्हें आठवें ओवर की पांचवीं गेंद पर हिंज ने बोल्ड आउट किया। आशिकुर रहमान शिबली ने 45 गेंदों में आठ चौकों की मदद से नाबाद 55 रन बनाये। चौधुर मोहम्मद रिजवान 10 रन पर नाबाद रहे। जापान की ओर से एक मात्र विकेट हिंज को मिला। इससे पहले आज यहां बंगलादेश ने टॉस जीतकर जापान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी जापान की टीम मुकाबले में शुरु से आखिर तक संघर्ष करती हुई देखी गई। उसका कोई भी खिलाड़ी 20 रन भी नहीं बना सका। जापान की ओर से सबसे अधिक 18 रन निहार परमार ने बनाये। किफर लेक ने 17 रन और कजुमा काटो-स्टैफोर्ड 13 रन ही दहाई अंक तक पहुंच सके। इसके अलावा आदित्य फड़के, ह्यूगो केली और हिरोटाके ने आठ-आठ रन का योगदान दिया। 99 रन के स्कोर में 15 रन अतिरिक्त के रूप में आये। बंगलादेश की ओर से महफुजुर रहमान रब्बी और अरिफुल इस्लाम को दो-दो विकेट मिले।